आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 93, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय खत्म 14

वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण 12


# पशुओं के कल्याण के भाव से कार्य करें : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में 576 विद्यार्थियों को प्रदान कीं उपाधियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में जो भी कार्य करें, उस समय मन में बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना होनी चाहिए। पशु और मानव का रिश्ता परिवार का है। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकते। पशु हमारे जीवन का धन हैं। हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। राष्ट्रपति ने गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखने को लेकर चिंता व्यक्त की।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने 2021 से 2024 के बीच के स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के 576 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने आगाह किया कि उपभोग आधारित संस्कृति मानव, जीव-जंतुओं व पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में घरेलू पशु नहीं दिखते हैं। यह पशु खेती में सहयोग करते हैं। टेक्नोलॉजी युग तो आया, लेकिन जमीन में खेती के साथी केंचुआ आदि समाप्त हो रहे हैं। इससे जमीन बंजर हो रही है। जमीन की उर्वरता बचाने के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों व आमजन को सोचना चाहिए। पशु संपदा का संरक्षण व विकास हमारा कर्तव्य होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि कॅरियर के रूप में आपने निरीह व बेजुबान पशुओं की चिकित्सा व कल्याण के क्षेत्र को चुना है।

हमें अपनी परंपरा और अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चााहिए। ईश्वर ने मनुष्य को सोचने-समझने की जो शक्ति दी है उसका उपयोग जीव-जंतुओं के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।



आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में एक छात्रा को उपाधि प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**136** वर्ष का हो गया भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

**576** विभिन्न कोर्सों के विद्यार्थियों को 11वें दीक्षांत समारोह में दी गई उपाधि

**35** साल बाद दूसरी बार राष्ट्रपति के हाथों छात्रों की मिलीं उपाधि और मेडल

- **जमीन की उर्वरता के लिए किसानों, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और आमजन को सोचना चाहिए**
- **राष्ट्रपति ने कहा- हमारी संस्कृति सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है**

### एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक : राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एम्स भारत की चिकित्सा क्षमता का प्रतीक है। यहां हर मरीज को उम्मीद की नई किरण दिखाई देती है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों की तुलना पीड़ित के लिए भगवान से करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनने की सीख दी। कहा कि एक संवेदनशील डॉक्टर न केवल दवा, बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक करने में मदद करता है। सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि सेवा है। राष्ट्रपति सोमवार को गोरखपुर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं।

### जीव-जंतुओं के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना आईवीआरआई : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईवीआरआई के 11वें दीक्षांत समारोह में शोधकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान की 136 वर्षों की साधना पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। यहां के वैज्ञानिक उस मूक प्राणी की आवाज बनते हैं जिसे दुनिया सुन नहीं पाती है। आप सभी की शोध और सेवा समाज को एक नई दिशा देता है। योगी ने कहा कि आईवीआरआई न केवल पशुधन बल्कि हर जीव-जंतु के लिए जीवन रक्षक सेवा का केंद्र बना है। कोरोना के दौरान जब आरटी-पीसीआर जांच एक चुनौती बनी हुई थी, तब आईवीआरआई ने प्रदेश सरकार के साथ मिलकर 2 लाख से अधिक कोविड जांच करवाईं। इस संस्थान की प्रतिबद्धता यह दिखाती है कि इसकी भूमिका केवल पशु चिकित्सा तक सीमित नहीं, बल्कि वह मानव जीवन रक्षा में भी अग्रणी रही है। मुख्यमंत्री ने सभी उपाधिधारकों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए और कहा कि आज इस पावन भूमि से राष्ट्र को नई ऊर्जा मिल रही है, यह ऊर्जा आप सभी के माध्यम से समाज तक पहुंचेगी।

# तेलंगाना में दवा फैक्ट्री में विस्फोट से 13 की मौत

संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी

- **संगारेड्डी जिले में हुए हादसे में 34 घायल केमिकल रिएक्शन को माना जा रहा वजह**
- **सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ विस्फोट, मौजूद थे 150 कामगार**

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया (केमिकल रिएक्शन) के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया है। पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्ट्री सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ है। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 से 9.35 बजे के बीच हुआ।

कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने दमकल विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि करीब 10 अग्निशमन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। करीब 10 श्रमिक एक कमरे में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट के समय कितने श्रमिक काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि सटीक संख्या का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि श्रमिकों का विवरण रखने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।



घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, दो-दो लाख देने की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

### पहचान के लिए कुछ शवों के डीएनए मिलान की जरूरत

**हैदराबाद।** पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र में हुए विस्फोट और आग दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान के लिए आधा दर्जन शवों का डीएनए मिलान किया जाना चाहिए। पाटनचेरू के तहसीलदार ए रंगा राव ने बताया कि अभी तक केवल तीन शवों की पहचान हो पाई है तथा छह शव इतना अधिक जल चुके हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, जबकि तीन अन्य को मलबे से निकाले जाने का इंतजार है। पहचान के लिए छह शवों के डीएनए मिलान की जरूरत है।

## एक नजर

### प्रदेश में आज से खुलेंगे स्कूल-कॉलेज

**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों के साथ ही राज्य में आज से सभी विद्यालय खुल जाएंगे। स्कूलों में छात्र-छात्राओं का स्वागत रोली-चंदन और माला पहनाकर होगा। ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण एक से 15 जुलाई तक चलेगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, सुंदर और उत्सवमय रूप में सजाया जाएगा।

### पांच फीसदी महंगी हुई प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली।** वाहन के लिए सीएनजी और खाना पकाने के लिए पीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत जुलाई के लिए पांच प्रतिशत बढ़ाई गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार, मासिक संशोधन के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा संचालित पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.41 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 6.75 अमेरिकी डॉलर प्रति इकाई कर दी गई है।

### 13 किग्रा हेरोइन, हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 13.1 किग्रा हेरोइन, पांच पिस्तौल, 12 कारतूस, तीन मैगजीन, तीन लग्जरी वाहन और 22,000 रुपये बरामद किए।

# बिजनौर में गुलदार के हमले में बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, नारेबाजी**

**अमृत विचार** : मंडावर थाना क्षेत्र के गांव कोहरपुर में खेलते-खेलते खेतों की ओर निकल गए दो साल को बच्चे को गुलदार ने हमला कर मार डाला। गांव कोहरपुर निवासी राजकुमार का पांच साल का बेटा हर्षित और दो साल का मयंक सोमवार को खेलते-खेलते घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेतों की और निकल गए।

वहां अचानक तेंदुए ने मयंक पर झपट्टा मारा और उसकी गर्दन दबोच ली। हर्षित चीखते हुए भाग निकला। उसकी चीखें सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े, तब तक तेंदुआ जंगल में भाग चुका था। परिजन बच्चे को डॉक्टर के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। वन विभाग व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाद में वन विभाग ने घटनास्थल के पास पिंजरा लगा दिया।

## भाजपा विधायक टी. राजा सिंह ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में रामचंदर राव की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर संभावित नियुक्ति से नाराज विधायक टी. राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को सोमवार को पत्र लिखकर कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। वर्तमान में रेड्डी पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख हैं और पार्टी आलाकमान मंगलवार को नए अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है। सिंह ने पत्र में कहा कि राज्य में पार्टी के नए प्रमुख की नियुक्ति का निर्णय न सिर्फ उनके लिए, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं के लिए भी झटका और निराशा लेकर आया है।

# जीएसटी संग्रह 5 साल में हुआ दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त वर्ष 2020-21 में था 11.37 लाख करोड़ रुपये संग्रह**
- **22.08 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था।

सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी संग्रह 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था।

### लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरें यथावत

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए आज से ऑफलाइन पंजीकरण

जम्मू, एजेंसी

**यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू, टोकन के लिए लगी कतार**

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मंगलवार से ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू होगा। इसके लिए यहां टोकन वितरण केंद्र सोमवार को चालू कर दिया गया। वहीं, अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

38 दिवसीय वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यह यात्रा दो मार्गों से संपन्न होगी। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग तथा गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक खड़े ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मंदिर तक जा सकते हैं।

श्रद्धालुओं का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू के सरस्वती धाम में टोकन वितरण केंद्र खोला, बारिश के बावजूद पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। लंबी कतारें लग गईं। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने यहां बताया कि आज से टोकन वितरण शुरू हो गया है। सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है। टोकन लेने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं।

वहीं, पवित्र गुफा मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर उच्च तकनीक वाले उपकरणों की तैनाती समेत कई उच्च स्तरीय सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### यहां कराएं पंजीकरण, रोजाना 2000 कोटा

दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि पंजीकरण मंगवार को तीन केंद्रों - वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। एसडीएम ने कहा कि टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है और काउंटर तब तक खुले रहेंगे, जब तक कि दैनिक कोटा समाप्त नहीं हो जाता।




## शहर में आज



☞ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर रक्तदान शिविर दोपहर 2 :00 बजे

☞ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर हाफिज बन्ने की पुलिया (जन्नत शादी हाल) प्रिंस रोड पर कार्यक्रम 2 :00 बजे

☞ आजाद नगर व लाकड़ी वालान में शिया समुदाय की मजलिस।




## रामगंगा का जलस्तर बारिश के बाद भी कम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बरसात के दौरान नदियों के जल स्तर में उतार चढ़ाव का क्रम चल रहा है। रविवार से सोमवार तक हुई रिमझिम बारिश से रामगंगा का जल स्तर रविवार की अपेक्षा सोमवार को नीचे आ गया। रविवार को जलस्तर 187.45 मीटर पर था जबकि सोमवार को नदी का जलस्तर उतर कर 187.37 मीटर पर आया।

बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता राजेश सिंह ने बताया अभी बारिश कम हुई है। आने वाले दिनों में मूसलाधार बरसात होने का अनुमान है। बताया कि रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार की सुबह 8 बजे तक 39.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। नदियों की स्थिति सामान्य है।

### उपचार को सेवाभाव मान बेटियों-महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हैं महिला डॉक्टर

# लोगों की पीड़ा महसूस कर सीखा जख्म भरने का 'हुनर'

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आज डॉक्टर्स डे है। इस क्षेत्र में महिला चिकित्सक भी किसी से कमतर नहीं हैं। समाज के ताने सुने तो किसी ने अपनी ख्वाहिशों को भूल मां का सपना पूरा किया। इन्होंने लोगों के दर्द पर मरहम लगाने का हुनर सीखा और चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की सेवा को ही अपना धर्म बना लिया।

डॉ. संगीता गुप्ता मूल रूप से देवबंद, सहारनपुर की रहने वाली हैं। पिछले दो सालों से मुरादाबाद में जिला चिकित्सालय में अपर निदेशक व प्रमुख अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह बताती हैं कि अगर आप कुछ अच्छा करना चाहें तो समाज के लोग आपकी राह रोकने के लिए खड़े हो जाते हैं। ऐसा उनके साथ भी हुआ। 12वीं में पढ़ाई करने के दौरान जब उन्होंने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई तो समाज ने परिवार पर दवाब डालना शुरू कर दिया। कहने लगे कि सिलाई, कढ़ाई, सिखाओ और शादी कर दो, लेकिन मां स्व. सरला देवी और पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद ने कभी उनके हौसले को कम नहीं होने दिया। हर एक कदम पर साथ खड़े होकर मनोबल बढ़ाया।



डॉ. संगीता गुप्ता।



डॉ. शिल्पा अग्रवाल।

### ...मां के सपने को ही बना लिया अपना

डॉ. शिल्पा अग्रवाल मूल रूप से आगरा की रहने वाली हैं। बचपन में पढ़ाई के दौरान ही ठान लिया कि प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करेंगी। दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद मां शशिबाला अग्रवाल से प्रशासनिक सेवा में जाने की तो इच्छा जताई तो सीधे इंकार तो नहीं किया लेकिन अपने बचपन के सपने के बारे में बताया कि वह चिकित्सा क्षेत्र में आकर लोगों की सेवा करना चाहती थी। लेकिन, जिम्मेदारियों के बोझ तले उनका यह सपना दब गया। फिर उन्होंने मां के सपने को ही अपना सपना बना लिया। मेडिकल की पढ़ाई करने के बाद 2012 में नौकरी में कदम रख दिया। वर्तमान में वह जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में प्रभारी हैं।

इसके बाद उन्होंने मोतीलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज से पढ़ाई से पढ़ाई की और वर्ष 1991 से चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

दोनों ही डॉक्टर्स बताती है कि सब कुछ आसान नहीं रहा लेकिन लक्ष्य को केंद्रित किया और सारा ध्यान उसी में लगाकर सफलता पाई।

## आज से लौटेगी सरकारी विद्यालयों में रौनक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से सरकारी विद्यालयों में बच्चों के पहुंचने से रौनक लौटेगी। सुबह साढ़े 8 बजे अध्यापक रोज की तरह पहुंचेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय में फिर से खुलने पर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया जाएगा। विद्यालय की साफ-सफाई कराकर सुंदर और आकर्षक बनाया गया है। अध्यापकों को पहले दिन आने वाले छात्रों का स्वागत रोली चंदन का तिलक लगाकर, पुष्प देकर, एवं माला पहनाकर स्वागत किया जाएगा। पहले दिन विद्यालयों में भोजन में बच्चों के लिए मीठा रुचिकर व्यंजन यथा हलवा, खीर आदि परोसा जाएगा।



बारिश से टूटी सड़क में भरे पानी से गुजरते लोग।

# बारिश से मिली राहत पर भारी पड़ा जलभराव

### पुराने मोहल्लों के साथ नई कॉलोनियों में नाला चोक होने से बढ़ीं मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार की रात से लेकर सोमवार की शाम तक कभी मध्यम तो कभी हल्की बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। रुक रुक कर 10-12 मिलीमीटर तक बारिश हुई। बहुत से लोगों ने भीगकर आनंद लिया। वहीं महानगर की कई टूटी सड़कों के गड्ढों में जलभराव से लोगों को आवागमन में मुश्किल हुई।

रविवार की रात से रुक रुक कर बारिश का क्रम सोमवार की शाम तक चलता रहा। कभी हल्की बारिश तो कभी बूंदाबांदी चलती रही। सुबह की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। दिन में कभी बारिश तो कभी तेज धूप निकलने का क्रम चलता रहा। बादलों की लुकाछिपी के बीच कभी किसी क्षेत्र में बारिश होती तो दूसरे क्षेत्र में लोग सूखे दिखते। कई लोग बारिश में भीगकर जैसे ही किसी दूसरे मोहल्ले या मुख्य सड़कों पर पहुंचते उन्हें देखकर लोग आश्चर्य में पड़े। महानगर के बुध बाजार, इंपीरियल तिराहे आदि क्षेत्र में पानी न भरने से व्यापारियों व राहगीरों को सहूलियत रही। तो कई निचले क्षेत्रों वाले पुराने मोहल्ले गंज बाजार, डिप्टी गंज की सड़क पर कई बार पानी रुकने से लोगों को दिक्कत हुई। वहीं बारिश के दौरान कई जगह नाला चोक होने से लोगों को परेशानी हुई।

अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को इसमें एक-एक डिग्री की और गिरावट का अनुमान जताया गया है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को 3.2 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पूर्वी दिशा से हवा चली। 10-12 मिलीमीटर बारिश हुई। अगले तीन चार दिन मौसम ऐसे ही रहेगी। बादलों व धूप के बीच हल्की बारिश तो कहीं बूंदाबादी होगी।



काशीपुर रामनगर रोड पर कीचड़ से गुजरते वाहन। • अमृत विचार

### कई मोहल्लों में शाम तक गुल रही बिजली

कर्मचारी व अधिकारी दो दिन की सामान्य बारिश में ही पस्त हो गए हैं। जगह जगह हो रहे फॉल्ट को कर्मचारी 24 घंटे बाद भी सही नहीं कर पा रहे है। अधिकारी फॉल्ट पर अंकुश कराने व ठीक कराने में ढीले साबित हो रहे हैं। रविवार की रात से हुई बारिश से सोमवार की सुबह कई मोहल्ले में फॉल्ट से बिजली गुल हो गई। अटल पथ पर हुआ भूमिगत फॉल्ट 24 घंटे बाद भी सही नहीं हो पाया। दौलत बाग के विद्युत केंद्र से जुड़े दीवान बाजार के और चौरासी घंटा मोहल्ले के ट्रांसफार्मर में सुबह सात बजे फॉल्ट हो गया। जिससे दोनों मोहल्ले में रहने वाले लोगों की बिजली दोपहर दो बजे तक गुल रही। नबावपुरा में भी दोपहर 1 बजे ट्रांसफार्मर का इंसुलेटर फुंक जाने से शाम तक बिजली आपूर्ति गुल रही।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में ट्रैक पर भरा पानी। • अमृत विचार

## स्पोर्ट्स स्टेडियम जलमग्न, अभ्यास के लिए पहुंचे खिलाड़ी पानी देख लौटे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में जलभराव ने खिलाड़ियों के लिए समस्या उत्पन्न कर दी है। जल निकासी की ठीक व्यवस्था न होने के कारण खिलाड़ी परेशान हैं। अभ्यास करने में उन्हें परेशानी हो रही है और अधिकारी अंजान बने हुए हैं।

रविवार से हो रही बारिश से स्पोर्ट्स स्टेडियम जलमग्न हो गया है। सोमवार को पहुंचे खिलाड़ियों को जब कहीं ऐसी जगह नहीं दिखी जहां पानी न होने पर वे अभ्यास कर सकें तो मायूस होकर वापस लौट गए। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, कुश्ती और कबड्डी के खिलाड़ियों को करना पड़ रहा है। आए दिन अभ्यास करने में खिलाड़ियों को परेशानी हो रही है। गेट से ही जलभराव हो गया है। परिसर में भी यही हाल है। खिलाड़ियों ने बताया कि परिसर में जलभराव दूर करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है। ऐसे में उन्हें चिंता सता रही है कि अभ्यास न होने पर वे कैसे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जल निकासी के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### बारिश में देखीं जल निकासी व सफाई व्यवस्था



सोमवार की सुबह बारिश के दौरान भीगते हुए नगर निगम के नोडल अधिकारियों ने अपने जोन के अंतर्गत मुख्य मार्गों व गलियों में सफाई व जलनिकासी की व्यवस्था देखी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने स्वयं रविवार की रात में महानगर में सफाई व्यवस्था व जलनिकासी का निरीक्षण किया था। उन्होंने अन्य अधिकारियों को भी अपने जोन में सुबह और रात के अलावा बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की सूचना मिलने पर तुरंत उसका समाधान कराने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य नोडल अधिकारियों ने निरीक्षण कर सफाई कराई। कई जगह नाली चोक होने पर पानी भरने को देखते हुए तुरंत कूड़ा निकलवाया। नगर आयुक्त ने कहा कि बरसात में सफाई व जलनिकासी कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करेंगे।

## नाला बना नहीं, कहां जाए बारिश का पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के रामपुर दोराहे से जामा मस्जिद और काशीपुर जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले गांव के बाहर सड़कों पर चंद घंटे की बारिश में सड़कें तालाब बन गईं। सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण न होने से बारिश के बाद पानी की निकासी न होने से सड़क पर जलभराव हो गया। इसमें वाहनों के पहिए फंसे। कई वाहन बंद होने पर उसे धक्का मारकर लोग ले जाते दिखाई दिए।

रविवार की रात से सोमवार की दोपहर तक हुई बारिश के कारण सड़क पर एक फीट से भी ज्यादा पानी भरा गया। आने जाने वाले दो पहिया वाहन पानी में बंद हो गए। कई भारी और चार पहिया वाहनों भी बंद हुआ तो यातायात बाधित हो गया। लोग अपने वाहनों को पैदल और धक्का देकर ले जाते दिखे। जलनिकासी का प्रबंध न होने से लोगों को मुश्किल हुई। हाईवे की सड़क भी कुछ ही दिनों में उखड़ जाएगी। जिसके बाद बारिश का पानी सड़कों पर भरने के साथ गांवों की ओर जाएगा। जिससे गांवों में जलभराव की स्थिति से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ताजपुर भैंसिया गोट गांव में बारिश के जलभराव से ग्रामीणों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




रामपुर दोराहा पर जल भराव के बीच गुजरते लोग। • अमृत विचार

• रामपुर दोराहे पर जलभराव से सड़क बनी तालाब










## आईएनएस विशाखापत्तनम, कोलकाता और क्रिच युद्धपोत बढ़ाएंगे वार मेमोरियल की शोभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

• नगर निगम की टीम युद्ध पोत का मॉडल व लंबाई लेने मुंबई रवाना

**अमृत विचार:** महानगर के बुद्धि विहार में बने वार मेमोरियल म्यूजियम की शोभा मिग 27 फाइटर विमान के साथ ही नौसेना के प्रमुख युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम, आईएनएस कोलकाता व आईएनएस क्रिच आदि युद्धपोत शोभा बढ़ाएंगे। इसका मॉडल और लंबाई की नाप व अन्य तकनीकी जानकारी के लिए नगर निगम की टीम मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई से लेने रवाना हो गई।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड एक प्रमुख भारतीय शिपयार्ड है जो मुंबई में स्थित है। यह कंपनी भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत बनाती है। यहां से आईएनएस विशाखापत्तनम लंबाई 15 फीट, आईएनएस कोलकाता 6 फीट, आईएनएस क्रिच 3 फीट,

एस एसके क्लास सब मैरिन 2.5 फीट, डीओ -228 एयरक्राफ्ट स्केल्ड माडल 1:8 और एएलएच मार्क -III स्केल्ड माडल 1:5 वार मेमोरियल में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई में करार हो चुका है। यह कंपनी भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत और पनडुब्बियां, साथ ही अपतटीय तेल ड्रिलिंग प्लेटफॉर्म और सहायक जहाज बनाती है।

नगर आयुक्त ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान वार मेमोरियल म्यूजियम को लेकर विस्तार से बातचीत पहले ही हो चुकी थी। उनके मार्गदर्शन में वार मेमोरियल प्रोजेक्ट को बनाया गया है।



आईएनएस कोलकाता। • अमृत विचार




डीओ-228 एयरक्राफ्ट स्केल्ड माडल 1.8। • अमृत विचार

**आज का मौसम**
बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है
28.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:17

## नगराध्यक्ष को माफी मांगने पर छोड़ा

**भोजपुर,अमृत विचार :** शनिवार को पुलिस ने आत्महत्या करने की धमकी एवं नगर पंचायत बोर्ड के सदस्यों को भ्रष्ट बताने की वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आईएमआईएम के नगराध्यक्ष शराफत अली को दो घंटे थाने में बैठाकर माफी मांगने पर छोड़ दिया। नगराध्यक्ष ने बयानबाजी नही करने की लिखित में पुलिस को तहरीर दी है। अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

# मानकों की अनदेखी करने वाले निजी अस्पताल सील करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक हुई। डीएम ने निर्देश दिया कि मानकों की अनदेखी करने वाले निजी अस्पतालों को चिकित्साधिकारी सील करें। उन्होंने 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए कहा। 11 जुलाई से दस्तक अभियान भी चलेगा। संस्थागत प्रसव के लिए अधिकृत निजी चिकित्सालयों को नियमित रिपोर्ट



बैठक करते डीएम अनुज सिंह।


न देने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उनका लाइसेंस निरस्त कर अस्पताल सील करने का निर्देश दिया।

डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों की विभागवार जानकारी ली। कहा कि संक्रामक बीमारियों के दृष्टिगत संवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं, उन गांवों में बचाव तथा जागरूकता के लिए गतिविधियों की मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी करें। जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी चिह्नित गांव में हर सोमवार को अवश्य भ्रमण कर व्यवस्था को बेहतर कराएं। उन्होंने विभागवार मॉनीटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर प्रतिदिन मानीटरिंग करने के लिए निर्देश दिया। स्वास्थ्य, पंचायत राज, आईसीडीएस, कृषि, उद्यान, खाद्य सुरक्षा व अन्य विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता, महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. निर्मला पाठक के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह व प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

- डीएम ने संस्थागत प्रसव के लिए अधिकृत निजी अस्पतालों को नियमित रिपोर्ट देने के दिए निर्देश
- विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग को बनेगा कंट्रोल रूम, तय होगी जिम्मेदारी

### ओपीडी में समय से बैठें चिकित्सक

डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आशाओं के खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने, स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति व व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिया। जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ओपीडी की स्थिति की समीक्षा में कहा कि चिकित्सक व अन्य संबंधित कर्मचारी और चिकित्साधिकारी निर्धारित समय पर अवश्य अस्पताल में मौजूद रहें। मुख्य चिकित्साधिकारी को इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।



# पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा शातिर बदमाश कल्ला

### घायल का उपचार कराने के बाद कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले की भगतपुर थाना पुलिस ने सोमवार तड़के चार बजे मुठभेड़ के दौरान शाहजहांपुर के बदमाश राकेश उर्फ कल्ला को गिरफ्तार कर सर्राफा की दुकान समेत तीन दुकानों में हुई चोरी का खुलासा किया है। घायल बदमाश के पास से चोरी किए गए आभूषण, 10 हजार रुपये की नगदी, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। घायल का अस्पताल में उपचार कराने के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने अपने छह अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि रविवार की रात थाना भगतपुर प्रभारी निरीक्षक रवींद्र प्रताप सिंह व एसएसआई प्रभात कुमार की टीम गश्त पर थी। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चांदपुर में हुई चोरी में शामिल एक बदमाश क्षेत्र में घूम रहा है। सोमवार तड़के सवा चार बजे पुलिस टीम सत्तीखेड़ा रोड से रोशनपुर रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली रोड पर पहुंची। इसी दौरान एक व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने के लिए आवाज लगाई तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग करके भागने लगा।



मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश को अस्पताल ले जाती भगतपुर पुलिस।

- भगतपुर पुलिस ने किया सर्राफ समेत तीन दुकानों में चोरी की वारदात का खुलासा

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो उसके पैर में गोली लगी और वहीं गिर गया। पास जाकर पुलिस ने देखा तो बदमाश की पहचान शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव बलरामपुर निवासी राकेश उर्फ कल्ला के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। साथ ही आभूषण दुकान से चोरी किए गए आभूषण ओर 10 हजार 170 रुपये की नकदी भी बरामद की गई। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि घायल बदमाश को उपचार के लिए भोजपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उसके खिलाफ पूर्व में दर्ज चोरी के मुकदमे के साथ ही मुठभेड़ के लिए जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट अलग से दर्ज की गई है।

जांच पड़ताल के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, त्रिनेत्र ऐप के माध्यम से कुछ बदमाशों की पहचान कर ली थी। पुलिस बदमाश राकेश उर्फ कल्ला के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

### छह साथियों के साथ मिलकर की थी चोरी की वारदात

थाना भगतपुर प्रभारी निरीक्षक रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया आरोपी राकेश उर्फ कल्ला शातिर चोर है। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपने छह अन्य साथियों के साथ मिलकर घूम-घूम कर चोरी करता है। उनका कोई निश्चित ठिकाना नहीं है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 23 जून को छह साथियों के साथ मिलकर देर रात तीन बजे से 24 जून तड़के चार बजे के बीच चांदपुर के मुख्य बाजार में स्थित मनोज चौधरी के चौधरी ज्वैलर्स का शटर तोड़कर लाखों का आभूषण पार कर दिया था। इसके अलावा हाजी भूरा के किराना स्टोर से नकदी समेत करीब डेढ़ लाख का माल और योगेश वर्मा के आर्टिफिशियल ज्वैलरी शॉप से भी करीब एक लाख का माल चोरी कर लिया था। मामले में आभूषण दुकानदार मनोज चौधरी की ओर से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# किसानों का भ्रष्टाचार के विरोध में धरना, आरटीओ ने हटाया निजी कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग की डीटीआई शाखा में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर भाकियू टिकैत से जुड़े किसान सोमवार को धरने पर बैठ गए। आरटीओ ने कर्मचारी को हटाने के साथ ही उसकी संपत्ति की जांच के लिए वाणिज्य कर विभाग को पत्र भेजने का आदेश दिया तब जाकर किसान माने।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में किसान संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह के कार्यालय पहुंचे। धरने देकर डीटीआई शाखा में

- आरटीओ ने संबंधित कर्मचारी की संपत्ति की जांच के लिए वाणिज्यकर विभाग को लिखा पत्र

तैनात एक निजी कंपनी के कर्मचारी पर विभागीय कार्यों के बदलने पैसे लेने का आरोप लगाया। 26 जून को धरना देकर उसे हटाने की मांग की थी। चार दिन का अल्टीमेटम बीतने और कार्रवाई न होने से किसानों में रोष था। आरटीओ ने पदाधिकारियों को कक्ष में बुलाकर वार्ता की। किसानों ने कृषि से जुड़े वाहनों पर कार्रवाई रोकने, डीटीआई से निजी कंपनी के कर्मचारी को हटाने और उसके संपत्ति की जांच की मांग की। आरटीओ



आरटीओ राजेश सिंह से वार्ता करते भाकियू टिकैत के किसान नेता। ● अमृत विचार

राजेश सिंह ने कर्मचारी को हटाने व संपत्ति की जांच के लिए वाणिज्य कर विभाग को पत्र लिखने के लिए कहा। इसके बाद यूनियन के युवा प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश शुभम राठी ने धरना समाप्त करने का ऐलान किया। धरने में युवा जिलाध्यक्ष रेशव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी, रागिब चौधरी ,साजिद खान उर्फ बबलू, मो. सैफ, आसकार लंबरदार, तजंबुल हुसैन, कुलदीप सैनी, छवि चौधरी, तुषार चौधरी, चौ. भयराज आदि शामिल रहे।

### कार्यों के शुल्क का चार्ट किया जाएगा चस्पा

आरटीओ ने बताया कि डीटीआई शाखा में अब आरआई के अधीनस्थ विभाग के कर्मचारी को बैठाया जाएगा। एक विंडो भी खोली जाएगी। परिवहन से संबंधित सभी कार्यों के शुल्क का चार्ट भी चस्पा किया जाएगा। इस पर किसानों ने अपनी सहमति जताई। बाकी बिंदुओं पर आरोपों की जांच के लिए 11 दिन का समय मांगा।

## हादसे में महिला की मौत, पति पर पटककर मारने का आरोप

**डिलारी, अमृत विचार :** विवेकानंद मार्ग स्थित काजीपुरा के पास बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार घायल हो गया।

नगर पंचायत ढकिया निवासी युवती सहाना की शादी डिलारी क्षेत्र के गांव सुमाल खेड़ा निवासी मुस्तफा के साथ हुई थी। दंपती में किसी बात को लेकर हुआ विवाद अदालत पहुंच गया। सहाना मायके में रहने लगी। सोमवार दोपहर वह मुरादाबाद से मुकदमे की पैरवी कर भाई मोहम्मद अहमद के साथ बाइक से घर जा रही थी, काजीपुरा के पास बाइक का पहिया गड्ढे में धंसने से सहाना बाइक से गिर गई। उसने वहीं दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगा हंगामा किया। आरोप है कि मुस्तफा ने सहाना को बाइक से खींचकर सड़क पर कई पटकी दी थी। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पुष्टि होगी। तहरीर नहीं आई है।

# लोकोशेड पुल के पास शराब के नशे में दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकोशेड पुल के पास शनिवार रात दो पक्षों के बीच शराब के नशे में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों ने तहरीर दी। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर दोनों पक्षों से तीन नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के चंद्र नगर निवासी पवन कुमार सारस्वत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 29 जून की रात लगभग 9 बजे लोकोशेड पुल के पास किसी से मिलने गया था, तभी वहां रहने वाले बंटी और उसका भांजा पारस अचानक आए और उससे गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार दोनों ने उसके सिर पर शराब की बोतल से हमला कर दिया, जिससे उसे सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। पवन

- सिविल लाइंस थाना पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

ने आरोप लगाया कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं दूसरी ओर हरथला नया गांव निवासी नदीम उर्फ बंटी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी मौसी से मिलने लोकोशेड पुल के पास आया था, जहां पवन सारस्वत ने शराब के नशे में उनके सिर पर बोतल से वार किया।

नदीम उर्फ बंटी ने बताया कि उसका दोस्त पारस मिश्रा भी साथ में था, जिसे भी पवन ने सिर पर मारा। बीच-बचाव करने आई उसकी मौसी के साथ भी गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की गई। नदीम के अनुसार उसे सिर में चोट आई है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के आरोपों की जांच की जा रही है।

# फर्जी संघों पर लगाम लगाएगा खेल विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक ओर जहां शासन की ओर से खिलाड़ियों के उत्थान के लिए तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैं तो वहीं दूसरी ओर से जिले में फर्जी खेल संघ खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की जगह खिलाड़ियों को गुमराह कर रहे हैं। जिले में कई संघ अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जिनकी न तो कोई सरकारी मान्यता है और न ही उनका किसी राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय संगठन से कोई संबंध है। खेल विभाग की ओर से ऐसे खेल संघों की सूची तैयार की जा रही है जिसे खेल निदेशालय

- खेल निदेशालय को भेजी जाएगी सूची, फर्जी खेल संघ संचालकों पर होगी कार्रवाई

भेजा जाएगा।

फर्जी संघों की ओर से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में जीतकर पदक तो हासिल कर लेते हैं, लेकिन जब ग्रेडेशन के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें यह कहकर खारिज कर दिया जाता है कि जिस संघ के माध्यम से उन्होंने हिस्सा लिया है वह मान्यता प्राप्त नहीं है। इससे खिलाड़ी और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों का कहना है कि खेल विभाग की ओर से ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, फिर भी ये संघ नाम बदलकर या नई संस्था बनाकर दोबारा सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि खिलाड़ी और उनके अभिभावक प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले उस संघ की मान्यता की पुष्टि जिला खेल अधिकारी या राज्य खेल विभाग से कर लें।

> फर्जी खेल संघों की सूची तैयार की जा रही है। सूची को खेल निदेशालय भेजकर ऐसे खेल संघों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – **सुनील कुमार सिंह**, जिला क्रीड़ाधिकारी




# स्कूल विलय गरीबों की शिक्षा और रोजगार पर कुठाराघात

## प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले में कई जगह हुई बैठकों में जताया गया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी दूसरे विद्यालय में विलय बंद करने के विरुद्ध सोमवार को सभी ब्लॉकों पर बैठक की। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ महानगर की बैठक सिविल लाइन स्थित कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क में हुई।

बैठक में पदाधिकारियों ने विलय के नाम पर स्कूलों को बंद करने के सरकार के तुगलकी फरमान की निंदा की। अध्यक्षता करते हुए संघ के महानगर इकाई के अध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि सरकार शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के नियमों के विपरीत शिक्षा विभाग का निजीकरण करने के उद्देश्य से स्कूलों को बंद करना चाह रही है। जो किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में बंद किए जाने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापक शिक्षकों ओर एसएमसी अध्यक्ष आदि ने भी स्कूलों के मर्जर को गलत बताया। बैठक में महानगर इकाई के अध्यक्ष के अलावा उस्मान आरिफ़, राहुल शर्मा, सुगन्ध गुप्ता, आशीष शुक्ला, सऊद आसिफ, अरशद अली, रेखा चौहान, पुष्पांजलि श्रीवास्तव, रेणु सिंह, लक्ष्मी देवी, लवली सक्सेना, मोनिका पाल, सुजाता यादव, अरशद अली, निगहट जमाल, प्रशांत कुमारी, सीमा सिंह, प्रतिमा सहित अन्य मौजूद रहे।



मूंढापांडे में बैठक में मर्जर नीति का विरोध करते शिक्षक व अन्य लोग। • अमृत विचार

### शिक्षकों ने की सरकार के आदेश की निंदा

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मूंढ़ापांडे की बैठक प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में हुई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, एसएमसी सदस्य, शिक्षकों और ग्रामवासी शामिल हुए। संजय कुमार सिंह ने सरकार की इस नीति को गरीबों की शिक्षा और रसोइयों जैसे कर्मचारियों के रोज़गार पर सीधा हमला बताया। यह नीति उन गरीब बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जो आज भी बमुश्किल स्कूल पहुंच पाते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ़ सरकार स्कूल चलो अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ़ स्कूलों को बंद करने का नाम बदलकर मर्जर अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम प्रधान आलोक कुमार, विनोद कुमार, पातीराम और सोनी देवी ने इसे जनविरोधी कदम बताते हुए रोक लगाने की मांग की। वहीं, रसोइया हरवती ने कहा कि सरकार इस निर्णय से गरीबों का रोजगार छीन रही है। बैठक में विनोद यादव, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, सतेन्द्र कुमार, मनोज यादव, प्रतीक शर्मा, ज़मीर अहमद आदि मौजूद रहे

### कई विद्यालयों का खत्म हो जाएगा अस्तित्व

**छजलैट, अमृत विचार:** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की कार्यसमिति व संघर्ष समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कम नामांकन के आधार पर प्राथमिक विद्यालयों को पास के विद्यालयों में युग्मित (मर्जर) करने की योजना से शिक्षकों के लाखों पद समाप्त हो जाएंगे, कई हजार विद्यालय अपना अस्तित्व खो देंगे, शिक्षार्थी भी स्थानीय स्तर पर शिक्षा पाने का अधिकार खो देंगे। उपाध्यक्ष अकरम अली ने कहा कि छात्र संख्या में गिरावट आएगी। संघ मर्जर के खिलाफ बड़े आंदोलन के लिए तैयार है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतराम सिंह, जुबैर अहमद, कोषाध्यक्ष रिजवान, संगठन मंत्री मधुबाला चौहान, मंत्री मेघराज सिंह सतवीर यादव, आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में सर्मेन्द्र सिंह,दिनेश सैनी, जुबैर अहमद, भूपेंद्र यादव,कंचन चौरसिया, मानसी विश्नोई, लोकिंदर सिंह, दामन चौहान आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने व संचालन संगठन मंत्री चन्द्रवीर त्यागी ने किया

### बच्चों का होगा अहित, नामांकन में आएगी कमी

**कुंदरकी, अमृत विचार:** सोमवार को कुंदरकी ब्लॉक के जूहा स्कूल हुसैनपुर छिरावली में शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष/सदस्यों, ग्राम प्रधान व अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक मंत्री रविंद्र सिंह ने कहा कि पेयरिंग के नाम पर जिस तरह 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों को बंद किया जा रहा है, यह अव्यवहारिक है। इससे भविष्य में विद्यालयों में प्राथमिक अध्यापकों के पद समाप्त हो जाएंगे व पदोन्नति का रास्ता बंद हो जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि पेयरिंग/मर्ज का फैसला समझ से परे है क्योंकि इससे बच्चों का अहित होगा। विद्यालयों में नामांकन में भारी कमी आएगी क्योंकि घर से दूरी बढ़ जाने के कारण अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार व संचालन रविंद्र सिंह ने किया।



कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क में बैठक करते पदाधिकारी व शिक्षक।



बैठक के दौरान विरोध जताते कुंदरकी ब्लॉक के शिक्षक। • अमृत विचार



छजलैट में बैठक में बोलते वक्ता। • अमृत विचार

### राशन कार्ड से जुड़े कामों में लग रहे महीने, आक्रोश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में आपूर्ति विभाग की कार्यशैली को लेकर आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि राशन कार्ड में संशोधन, नया कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने या कटवाने जैसी सामान्य प्रक्रियाओं में महीनों लग जाते हैं। यदि फॉर्म जमा हो भी गया तो कर्मचारी टालमटोल करते हैं। नगर निवासी नासिर अंसारी ने बताया कि चार बार आवेदन के बावजूद राशन कार्ड नही बना। नसीम अहमद बोले चार बार के बावजूद बच्चों का नाम नहीं जुड़वा पाए। वहीं अन्य बुजुर्ग का कहना है कि तीन महीने से युनिट जुड़वाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। आरोप है कि कर्मचारी जानबूझकर कार्य में देरी करते हैं ताकि लोग मजबूर होकर दलालों का सहारा लें।

### निलंबित प्रधानाचार्य व लिपिक पर गबन का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक उमेश चंद्र अग्रवाल ने निलंबित प्रधानाचार्य डॉ विक्रम सिंह व प्रधान लिपिक पर लाखों के गबन का आरोप लगाया है। प्रधान लिपिक पर मिड डे मील में गड़बड़ी कर गलत तरीके से भुगतान प्राप्त करने व निलंबित प्रधानाचार्य पर छात्र निधि व अन्य मदों में विद्यालय की रकम खर्च कर लाखों रुपये की धन राशि में गोलमाल करने का आरोप है। शिकायती पत्र मंडल शिक्षा निदेशक को भेजकर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। सोमवार को सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक उमेश चंद्र अग्रवाल ने भेजे गए शिकायती पत्र में जांच कराने की मांग की। शिक्षा निदेशक ने समिति गठित कर जांच के आदेश दिए है।

### सड़क तोड़कर छोड़ी, व्यापारियों-ठेकेदार में नोक झोंक

**कांठ, अमृत विचार:** पाइपलाइन बिछाए जाने में लापरवाही बरतने पर व्यापारियों व ठेकेदार में नोकझोंक हो गई। व्यापारियों ने मुख्य बाजार की सड़क ठीक नहीं होने पर संबंधित जेई एवं नगर पंचायत अध्यक्ष से फोन पर बात कर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की धमकी दी है। नगर निगम द्वारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सड़क खोदकर पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं। सड़क तोड़कर ऐसे ही छोड़ देने से सड़क में गड्ढे बन गए हैं। मुख्य बाजार में इस कार्य में दो सप्ताह से भी अधिक समय भी व्यतीत हो चुका है। परंतु सड़क को ठीक नहीं किया गया है। ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतने पर व्यापारियों का गुस्सा विस्फोटक हो गया। व्यापारियों ने ठेकेदार को हड़काते हुए कहा कि लापरवाही अब बर्दाश्त से बाहर हो रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई, सरदार कुलवंत सिंह, सरदार सिमरन सिंह,पार्थ बिश्नोई, मनोज बिश्नोई, मोंटू बिश्नोई आदि व्यापारियों ने संबंधित जेई एवं नगर पंचायत अध्यक्ष से वार्ता की। व्यापारियों ने बताया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में एसडीएम कांठ से मिलेगा।

### 15 तक चलेगा स्कूली वाहनों की चेकिंग का अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि स्कूलों की प्रबंधन समितियों को कई बार स्कूली वाहनों की फिटनेस करने के संबंध में नोटिस दिए गए हैं। लेकिन कुछ स्कूलों के वाहनों की अब तक फिटनेस नहीं कराई गई है। यह अभियान स्कूली वाहनों को चेक करने के लिए चलाया जाएगा। जिसके तहत बिना फिटनेस के चल रहे स्कूली वाहन पकड़े जाने पर वाहन का पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा। वाहनों में मानक से अधिक बच्चों के मिलने पर उस वाहन को मौके पर सीज कर संबंधित थाना पुलिस सौंप दिया जाएगा। अभियान एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन निर्मल आनंद और पीटीओ नरेंद्र सिंह भी शामिल रहेंगे।

### बारिश से लाइन में फॉल्ट, छह घंटे गुल रही बिजली

**कांठ, अमृत विचार:** सुबह के समय तेज बारिश के बाद मुख्य लाइन में फॉल्ट होने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 6 घंटे तक गुल रही। जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अगवानपुर से कांठ के 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्र को आ रही 33 केवी की सोमवार की सुबह 6:00 बजे तेज बारिश के दौरान फॉल्ट हो गया जिसके चलते नगर में टाउन फीडर, तहसील फीडर और कृषि फीडर की बिजली आपूर्ति गुल हो गई। फॉल्ट तलाशने कर्मचारी बारिश में ही निकल पड़े। जिसे जोड़ने के बाद लगभग 12:15 बजे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई।

### सड़क निर्माण में बाधा डालने का आरोप

**छजलैट, अमृत विचार:** एक गांव में बन रही सड़क की दीवार को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा बार-बार तोड़ने का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। छजलैट क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीमला के ग्राम प्रधान लाल सिंह ने दिए प्रार्थना में बताया कि निधि से गांव में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। उसमें गांव के ही कुछ लोग बाधा डाल रहे हैं। दीवार को बार-बार तोड़ रहे है।

### अस्पताल में काम करने वाली युवती लापता, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एक युवती गांव से मार्कशीट लेने के दौरान लापता हो गई। परिजनों के मोबाइल पर उसके अस्पताल में होने का मैसेज भी आया, लेकिन वह घर नहीं आई। थाना मझोला क्षेत्र की एकता कॉलोनी निवासी व्यक्ति की बेटी एक निजी अस्पताल में ड्यूटी करती है। पुलिस को दी गई तहरीर में पिता ने बताया कि वह 25 जून को गांव झोड़ा से मार्कशीट लेने गई थी लेकिन वह शाम तक घर नहीं पहुंची। उसी दिन शाम को परिवार के मोबाइल पर युवती का मैसेज आया कि मैं हॉस्पिटल में हूं, लेकिन अगले दिन भी वह नहीं लौटी। जिसके बाद परिजनों ने काफी तलाशा। पिता ने रवि नामक युवक पर शक जताया है, जो बेटी को फोन पर परेशान करता था। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मारपीट में दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना सिविल लाइंस की अगवानपुर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला नियारियान निवासी इकराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते रविवार को मोहल्ले के ही नदीम व अजीम ने उसके बेटे अदनान के सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। जब वह बेटे को उठाकर घर लाया। उसी समय आरोपी नदीम व अजीम साथियों के साथ आए औ पत्नी रिहाना और बेटी फिजा से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को मिले उचित सम्मान


नगर आयुक्त के कार्यालय पर मौजूद बसपा नेता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

• नगर आयुक्त से मिला बसपा का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय पर मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन देकर संविधान साहित्य पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के नीचे नाम न लिखे जाने पर समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचने की बात कही। जिस पर नगर आयुक्त ने इसे ठीक कराने का आश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह सागर, मंडल प्रभारी मुरादाबाद गजेंद्र सिंह, जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी आदि ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्हें बताया कि नगर निगम के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब की जो प्रतिमा लगाई है वह अन्य प्रतिमाओं से अलग है। उसके नीचे बाबा साहब का नाम भी नहीं लिखा है। जिससे लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। इसे ठीक कराने की मांग से संबंधित पत्र दिया। कहा कि इस संविधान पार्क का उद्घाटन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने किया था। नगर आयुक्त ने बहुजन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिमा को उसी अनुरूप लगवाने और नाम लिखवाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रभारी शिव शंकर सागर एडवोकेट, अध्यक्ष नगर विधानसभा अरुण कुमार रिंटू, पूर्व पार्षद ऋषिपाल सिंह, विधानसभा सचिव भयंकर सिंह पप्पू, जिला सचिव करतार सिंह, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की पिटाई

**भोजपुर, अमृत विचार:** एक युवक को किशोरी के घर जाकर प्रेम का इजहार करना भारी पड़ गया। किशोरी के परिजनों ने धुनाई लगाने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया।

रविवार की दोपहर ग्रामीण 16 वर्षीय बेटी को घर पर छोड़ पत्नी व अन्य बच्चों के साथ खेत पर काम करने गया था। किशोरी को अकेला देखकर पड़ोसी युवक आश मोहम्मद उससे प्यार का इजहार करने पहुंच गया। इसी बीच परिजन भी लौट आए। युवक को घर में देख उनका पारा चढ़ गया। परिजनों ने बंधक बनाकर युवक को जमकर पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। मारपीट से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुसकर छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। सोमवार को मुकदमे की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक बृज पाल सिंह ने किशोरी को अदालत में पेश कर बयान दर्ज कराए हैं। आइओ ने किशोरी के बयानों का अवलोकन करने के बाद अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही है। फिलहाल युवक पुलिस की हिरासत में है।

## सार-संक्षेप

### कॉलेज में अनियमितताओं की जांच कराने की मांग




**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** जनता इंटर कॉलेज गोपी वाला के आजीवन सदस्य जसवंत सिंह के नेतृत्व में कई लोगों ने सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर निष्पक्ष जांच करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि 2012 के बाद से कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार, लिपिक तरुण कुमार की अवैध नियुक्ति-पदोन्नति साधारण सभा की आजीवन सदस्यता एवं अनुपस्थित रहते हुए भी उपस्थिति दर्ज करने की शिकायत डीआइओएस से की थी। बताया कि कई बार जांच हो चुकी है लेकिन जांच अधिकारी विद्यालय प्रबंधक से मिल जाते हैं और शिकायतों को निराधार बता दिया जाता है। डीएम ने निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान विजयपाल सिंह, खेमचंद शर्मा, मनोज कुमार, सुमन, युवराज, नरेश, उदयवीर सिंह, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### हाईवे पर सड़क क्षतिग्रस्त, चोटिल हो रहे लोग



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा स्योहारा हाईवे पर नगर के तिकोनिया पार्क से लेकर रतुपुरा मोड़ तक हाईवे पर गहरे गड्ढे हो जाने के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है। इन गड्ढों में वर्षा का पानी भर गया है। लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। बारिश के कारण ओवरलोड वाहनों के चलते हाईवे पर गहरे गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। सोमवार को रतुपुरा मोड़ के निकट गहरे गड्ढें में पानी भर जाने के कारण कई बाइक सवार व ई रिक्शा चालक चोटिल हो गए। पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहर में ई रिक्शा फंस जाने के कारण लंबा जाम लग गया। दुकानदारों ने किसी तरह ई रिक्शा निकाला, तब कहीं जाकर जाम खुला। दुकानदारों ने बताया कि अभी चार महीने पूर्व मरम्मत की खानापूर्ति की गई थी लेकिन सड़क को ऊंचा नहीं बनाया जिस कारण जरा सी बरसात में पानी भर जाता है।

### नीरज खन्ना के सम्मान में हुआ स्वागत समारोह



**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ईपीसीएच के चेयरमैन बने डॉ. नीरज विनोद खन्ना के सम्मान में सोमवार को एक होटल में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन एलन एक्सपोर्ट व अन्य की ओर से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। जिसके बाद चौधरी परिवार ने ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना का स्वागत किया, जिसके बाद अन्य अतिथियों ने भी पुष्पमालाएं और बुके देकर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात चौधरी परिवार द्वारा मंचासीन अतिथियों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधायक कुंदरकी रामवीर सिंह, सदस्य विधान परिषद जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने डॉ. नीरज खन्ना को ईपीसीएच का चेयरमैन बनने पर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारत का हैंडीक्राफ्ट निर्यात क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम में एमएचईए के संरक्षक नजमुल इस्लाम, अध्यक्ष नवेदुर्रहमान, अवधेश अग्रवाल, कमल सोनी, सलमान आज़म, जीशान अली, विशाल अग्रवाल, सनत कोठीवाल शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ललित चौधरी, पुनीत चौधरी, दीपक चौधरी, गीता चौधरी, प्रज्ञा चौधरी और पूजा चौधरी की प्रमुख भूमिका रही।

## संगठन को मजबूत करने का संकल्प

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** नगर में जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में सोमवार को एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. हाजी मो. उल्ला चौधरी ने संचालन आयोजक शमीम अहमद चौधरी ने किया। जिला उपाध्यक्ष वसीम चौधरी ने कहा कि कमेटी में सबसे अधिक पदाधिकारी ठाकुरद्वारा क्षेत्र से हैं, जो यहां के कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। जिला उपाध्यक्ष मुशाहिद चौधरी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और ठाकुरद्वारा के कार्यकर्ताओं की सक्रियता की प्रशंसा की। पूर्व चेयरमैन व जिला उपाध्यक्ष सलमा आगा, जिला महासचिव रजनीश प्रताप एडवोकेट व हाजी मो. हनीफ सैफी ने शमीम चौधरी का आभार जता संगठन की एकता का संकल्प लिया। जिला सचिव जहांगीर कुरेशी, याकूब कुरेशी, सादिक सिद्दीकी, मो. दीन सिद्दीकी, रईस अहमद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।


नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहना कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

पहले हमारे पुत्र का नाम Mohammad Yasir था जिसे बदलकर Mohammad Yasir Adnan रख लिया है। भविष्य में हमारे पुत्र को Mohammad Yasir Adnan के नाम से जाना जाए। Mohammad Adnan Arif, Sanaf Zehra हम पति पत्नी निवासी मोहल्ला डेहरिया, नियर राहत मोलाई स्कूल, मुरादाबाद।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071


डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव


डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

## एक नजर

### 19 जुलाई को होगी 10वीं व 12वीं की इंप्रूवमेंट परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटर की इम्प्रूवमेंट एवं कम्पार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई को दो पालियों में परीक्षा होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि 19 जुलाई को हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट परीक्षा पहली पाली में सुबह 8 :30 से 11 :45 बजे तक होगी। जबकि इंटर की परीक्षा दूसरी पाली में अपराह्न 2 बजे से 5 :15 बजे तक होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि परीक्षार्थी निर्धारित तिथि को परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर अवश्य पहुंच जाएं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की इम्प्रूवमेंट एवं कम्पार्टमेंट परीक्षा में परीक्षार्थियों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच के अलावा किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना वर्जित होगा।

### यूपी की टीम ने राजस्थान को दी 8-0 से शिकस्त

**रामपुर, अमृत विचार :** दसवां फ्लोर बाल ओपन नेशनल फेडरेशन कप ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में हो रहा है। जिसमें देश की सभी प्रदेशों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। यूपी की टीम में रामपुर की छह और आठ बालिकाएं मेरठ की खेल रही हैं। सोमवार को पूल क्वालीफाई के उपरांत मध्य प्रदेश ग्वालियर फ्लोर बाल ओपन फेडरेशन कप में उत्तर प्रदेश की टीम ने राजस्थान को 8–0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उत्तर प्रदेश की टीम का नेतृत्व मशीयत फातिमा कर रही हैं जो रामपुर से हैं। वह टीम की गोलकीपर हैं। क्वाटर फाइनल मैच में काजल ने 5 गोल कर हैट्रिक लगाई, तनु सिंह ने दो गोल और डिंपल ने एक गोल किया।

### 8 से शुरू होगा शाह बगदादी साहब का सालाना उर्स

**रामपुर, अमृत विचार :** हजरत सैयदना शाह अब्दुल कादरी शाह बगदादी का सालाना उर्स 8, 9 और 10 जुलाई से सालाना उर्स शुरू होगा। सज्जादानशीं सैयद शाह साजिद अली कादरी ने बताया कि मजार शरीफ में 7 मोहर्रम को महफिल वाज और मीलाद, जलसा सलातो सलाम मौला–ए–कायनात हजरत अली और शहीदाने कर्बला और हुजूर सैयदना शाह गौसुल आजम शेख अब्दुल कादिर जीलानी होगा।

# समृद्ध किसान केंद्र सरकार का लक्ष्य : शिवराज

## चौपाल पर चर्चा में बोले केंद्रीय कृषि मंत्री, नकली बीज और कीटनाशकों पर सख्ती का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम में कहा कि विकसित कृषि और समृद्ध किसान के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नकली बीज और नकली कीटनाशक बेचकर किसानों को धोखा देने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्ती की जाएगी। इसके लिए नए कानून बनाए जा रहे हैं, ताकि उन्नत खेती के साथ ही किसानों की आर्थिक दशा में भी सुधार हो सके।

सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रामपुर पहुंचे। उन्होंने रामपुर-बरेली हाईवे के मिलक स्थित मोगा ढाबे में चौपाल पर चर्चा कार्यक्रम में किसानों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को दूर करने में जुटी है। मंत्री, केंद्र व राज्य की सरकारें, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र और हमारे किसान मिलकर एक राष्ट्र और एक टीम बनें, ताकि सभी किसानों की बेहतरी, कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसानों की लागत घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कार्य कर सकें। किसानों ने अपनी-अपनी समस्याएं और खेती में आ रही चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने फसल की लागत अधिक आने, मिट्टी का परीक्षण कराने के लिए संसाधनों की कम उपलब्धता, कीटनाशकों की बिक्री में दुकानदारों की मनमानी, घटिया बीज, सिंचाई की समस्या जैसी तमाम समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी और अपने सुझाव दिए। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने अपने साथ आए कृषि वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि आप लोग रिसर्च करें कि किसानों की इन समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसान इस बात को लेकर निश्चिंत रहें कि अब कोई उन्हें घटिया बीज और नकली कीटनाशक बेच पाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार कड़े कानून बनाने जा रही है। यदि किसी ने नकली बीज और नकली कीटनाशक बेचा, तो उस कंपनी के खिलाफ ही दंडात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य किसानों को तकनीक, उन्नत बीज उपलब्ध कराकर समृद्ध करना है। हम सब उसी दिशा में कार्य कर रहे हैं। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने केंद्र व प्रदेश सरकार की किसानों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



राज्यमंत्री, विधायक के साथ मौजूद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान। ● अमृत विचार

### लैब में बैठकर नहीं, खेतों में जाकर समस्याएं दूर करें वैज्ञानिक

केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से कहा कि कृषि वैज्ञानिक लैब में बैठकर नहीं, बल्कि किसानों के खेतों में जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। किसानों को खुद से दूर करने के बजाए, उन्हें करीब लाएं, ताकि किसानों और वैज्ञानिकों के संयुक्त प्रयास किसानों की समृद्धि का कारण बनें। कहा कि एक किसान ने बताया कि वह डायरेक्ट सीडिंग के माध्यम से धान की खेती कर रहे हैं, जिससे पानी की बचत होगी। यह निश्चित रूप से अच्छे परिणाम लाएगा। दूसरे किसान भी इस पर अमल करें, तो न सिर्फ उनकी लागत बचेगी, बल्कि पानी की भी बचत होगी, जो उन्हीं के काम आएगी।

### खाट पर बैठकर देसी अंदाज में नजर आए शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री ने चौपाल में प्रवेश किया तो कहा कि हम किसानों की बात सुनने आए हैं और किसानों से ही नजरें न मिलें, तो क्या फायदा। जिसके बाद किसान उत्साहित हो गए और जोरदार ताली बजाने लगे। चौपाल में बैठने के लिए न तो मंत्री के लिए कुर्सी थीं और न ही किसानों के लिए। गांवों में खाट पर जो चौपाल सजती है, ठीक वैसा ही माहौल था। केंद्रीय मंत्री का यह स्वरूप और सादगी देखकर किसान भी उनके फैन हो गए।

### ये लोग रहे उपस्थित

चौपाल में उप्र कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला, भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, अर्चना गंगवार, मोहन कुमार लोधी, अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सुरेश गंगवार, सुभाष भटनागर, अभय गुप्ता, जगपाल यादव, उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. भगवत सरन सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### रामपुर के विधायक की देश में है चर्चा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना तो सिर्फ रामपुर में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चर्चित हैं। यह सुनते ही पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

## सार-संक्षेप

### जौहर यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने सीतापुर जेल में आजम खां से की जेल में मुलाकात

**सीतापुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और जौहर यूनिवर्सिटी के संस्थापक आजम खां से सोमवार को यूनिवर्सिटी के 3 कर्मचारियों ने जिला जेल में मुलाकात की। आमिर मियां, नासिर और सफीउल्ला ने करीब एक घंटे तक चली बैठक में यूनिवर्सिटी से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें आजम खां को दिखाईं। सूत्रों के अनुसार, मुलाकात में यूनिवर्सिटी की प्रबंधन व्यवस्था, दस्तावेजी कार्रवाई और कानूनी रणनीतियों पर चर्चा की गई। कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि मुलाकात पूरी तरह नियमानुसार हुई। दस्तावेजों की जांच–पड़ताल के बाद ही प्रतिनिधियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। बता दें कि बीते गुरुवार को आजम खां की पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटा अदीब आजम भी जेल में उनसे मुलाकात कर चुके हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान भी यूनिवर्सिटी और कानूनी मामलों को लेकर विचार–विमर्श हुआ था। आजम खां लंबे समय से सीतापुर जेल में बंद हैं।

### जैन समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**रामपुर, अमृत विचार :** जैन मंदिर परिसर में जैन समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को चुनाव अधिकारी पंकज जैन ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दायित्वों की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सेठी, महामंत्री कस्तूर चंद जैन, कोषाध्यक्ष अविरल जैन, मंत्री मनोज कुमार जैन, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी, बाग मंत्री समर्पण जैन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिद्धांत जैन, धर्मशाला एवं भंडार मंत्री अंकुर जैन शामिल रहे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन ने 12 सदस्यों की कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार जैन, पंकज जैन, जितेंद्र कुमार जैन, डॉ. प्रदीप कुमार जैन, भारत भूषण जैन, अनिल कुमार जैन, रजत राज जैन, गौरव जैन, राहुल जैन, अमन जैन सेठी, विवेक जैन खंडेलवाल और संजय जैन को शामिल किया गया। इस अवसर पर चौधरी विमल कुमार जैन, विनोद बिहारी जैन, दिनेश कुमार जैन खंडेलवाल, सुभाष चंद्र जैन, श्रेयांश कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, महेश चंद जैन, नितिन कुमार जैन, प्रदीप जैन, राजीव जैन, सुरेश जैन, अंकित जैन, विशाल जैन, आशीष जैन आदि मौजूद रहे।

### स्कूल मर्ज करने का अध्यापकों ने किया विरोध

**मिलक, अमृत विचार :** सोमवार को कस्बा स्थित बीआरसी केंद्र पर अध्यापकों एवं अभिभावक की बैठक हुई। अध्यापकों ने बताया कि 50 से कम नामांकित विद्यालयों को बंद किया जा रहा है यह पूर्णत: अव्यावहारिक है। बैठक में ब्लॉक कार्यसमिति के ब्लॉक मंत्री महेंद्र कुमार ने कहा कि पेयरिंग अर्थात मर्ज का फैसला समझ से परे है। इस अवसर पर तरुण कुमार पाण्डेय, ललित चौधरी, सुरेश गंगवार, सत्यदेव गंगवार, बृजपाल सिंह गंगवार, राकेश गंगवार, तेज सिंह, रिचा सिंह, महेंद्र कुमार, रोहित सक्सेना, अजय पांडे, जाकिर राजा खान आदि मौजूद रहे।

### जैन इंटर कालेज के पांचवी बार प्रबंधक बने दिनेश



**रामपुर, अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज के त्रिवार्षिक चुनाव में दिनेश जैन सेठी पांचवीं बार कॉलेज के प्रबंधक चुने गए हैं। उन्होंने इसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की और उनके पिता जुगल किशोर जैन सेठी इसी कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर कार्य कर चुके हैं। विगत 12 वर्ष से वह निरंतर इसी कॉलेज के प्रबंधक हैं। उनके कार्यकाल में कॉलेज के दो शिक्षकों डॉ. प्रेम स्वरूप शर्मा और मुनीश चंद्र शर्मा ने राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया है। पांचवीं बार चुने जाने पर उन्होंने कहा कि यह मेरे बुजुर्गों का आशीर्वाद और मेरे अपनों की शुभकामनाओं का प्रभाव है। यह मेरे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। दिनेश जैन सेठी के पांचवीं बार प्रबंधक चुने जाने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा और पूरे स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

## मोनिका बनीं अध्यक्ष और स्नेहा सचिव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की नई शाखा शंखनाद का गठन किया। हाईवे स्थित रिसोर्ट में अधिष्ठापन समारोह में पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल मुख्य अतिथि रहे। नई शाखा में मोनिका अग्रवाल को अध्यक्ष, स्नेहा अग्रवाल को सचिव और डॉ. रेनम अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। साक्षी अग्रवाल को महिला सहभागिता का दायित्व सौंपा। पालिकाध्यक्ष मित्तल ने कहा कि भारत विकास परिषद सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। परिषद के राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक डॉ. नितिन दालभ ने संस्था की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। क्षेत्रीय संयोजक बाल विकास, महिला सहभागिता कविता खुराना, जगन्नाथ चावला, अजय कट्टा, प्राची अग्रवाल, शालू जैन, प्रिया जैन और रुचि जैन रहे। संचालन प्रांतीय सह महिला सहभागिता निवेदिता मित्तल ने किया।

## विद्युत आपूर्ति में ट्रिपिंग बड़ी समस्या : शैलेंद्र

● बिजली की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने अधीक्षण अभियंता को बताया कि सब स्टेशन किला गेट, रजा इंटर कॉलेज, नवाब गेट क्षेत्र खारी कुआं पर सबसे ज्यादा समस्याएं बनी हुई हैं। यहां पर बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित होने के बावजूद अभिलेखों में विद्युत आपूर्ति निर्बाध दिखाई गई है।

उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में लोगों को परेशान किया जा रहा है। दिन में 15 से 20 बार कटौती की जा रही है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक अधीक्षण अभियंता महफूज आलम के साथ हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गलत तरीके के बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं। लोगों के स्मार्ट मीटर जो लगाए गए थे, उनके आज तक बिल नहीं आए हैं। महफूज आलम ने व्यापार मंडल को आश्वासन दिया कि इन सब समस्याओं का बहुत जल्द समाधान करा दिया जाएगा। बैठक में शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खां, सरदार अवतार सिंह, प्रदीप खंडेलवाल, इमरान सलीम, बिलाल शम्सी, पुष्कर अग्रवाल, हारिस शम्सी, फैसल हबीब ,नजमी खान, शहाब मुराद खां मौजूद रहे।

# स्कूल विलय के विरोध में बीएसए कार्यालय का घेराव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्कूल मर्ज करने के विरोध में शिक्षक आरपार के मूड में नजर आ रहे हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का घेराव किया। बारिश होने के बावजूद शिक्षकों ने मर्जर के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई। जिसके बाद शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल ने बताया कि विभाग ने स्कूल मर्ज करने में मनमानी की है। जिन स्कूलों को मर्ज किया गया है, उनके हेड मास्टरों को नहीं बुलाया गया है। न ही उनकी समस्याएं सुनीं जो छात्र संख्या सूची में दिखाई गई है। उससे ज्यादा नामांकन इस समय विद्यालयों में है, ऐसी स्थिति में उन बच्चों का भविष्य अंधकार में है। ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सक्सेना ने लिया। ज्ञापन में कहा है कि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग का नाम देते हुए परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के 50 से कम संख्या वाले विद्यालयों का मर्जर प्रक्रिया अपनाए जाने का निर्देश जारी किया है। यह ग्रामीण परिवेश में रहने वाले बच्चों एवं देश के भविष्य नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। 6 से 14 साल के बच्चे कैसे 6-8 किमी. का सफर तय करेंगे। शिक्षकों ने घोषणा की कि वह तब तक स्कूल मर्जर के आदेश को नहीं मानेंगे जब तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं दोनों स्कूलों के प्रधान अध्यापकों की मीटिंग बुलाकर उनकी समस्या नहीं सुनेंगी।

**यह लोग रहे मौजूद :** जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, आनंद प्रकाश गुप्ता, डॉ. राजवीर सिंह, रवेंद्र गंगवार, दिगपाल गंगवार, छत्रपाल सिंह यादव, तहसीन आलम खान, आनंद सिंह भंडारी, महेंद्र प्रताप सिंह, संतोष प्रसाद, मनोज कुमार सागर, मोनिका, सुनीता प्रजापति, महिमा कुशवाहा, शक्ति खरे, मीनाक्षी, प्रीति गंगवार, दुर्गेश नंदिनी, ममता रानी, राखी रानी, पूजा गुप्ता, मंजू सिंह, ज्योति चौधरी, शिवानी सक्सेना, सपना सक्सेना, पूनम यादव, वीना रानी, नीतू, काजल सैनी, अनुभा, सोनल वर्मा, दीपक पुंडीर, चंद्रशेखर, राकेश विश्वकर्मा, राजेश खन्ना, सोमपाल, तौकीर अहमद, रामशरण, ब्रजराज सिंह, एबरन कुमार, सतीश कुमार गिरोह, हेमा जोशी, कौशल सिंह, राहुल शर्मा, मुख्तार अहमद, गौतम सिंह, सुनील कुमार, संगीता, रूबी, अंजुला प्रभाकर, राजकुमार दिवाकर, ऋतु, हिमांशु गंगवार, धनराज सिंह, कंचन, सुषमा रानी आदि उपस्थित रहे।



बीएसए कार्यालय में बीईओ को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### स्कूल मर्ज करना गलत निर्णय

**सैदनगर, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र खौद पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बैठक हुई। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष रहमत अली ने कहा कि कम छात्र संख्या को आधार बनाकर विद्यालयों को मर्जर करने के आदेश के खिलाफ संगठन की नीति बताई। कहा कि छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को मर्जर करने से गांव के गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। इस मौके पर रहमत अली, संजय सिंह, मोहम्मद सलीम तुर्क, मोहम्मद अकरम, अमर पाल यादव, सुनील कुमार, इफ्तखार जैदी, मैधाकांत मिश्रा, शचि गुप्ता, जेबा रहमान, प्रवेश कुमार चंचल, रेखा रानी, अवंतिका गुप्ता, नाजिया अब्बास, अकरम खॉ, मुखतार अहमद आदि उपस्थित रहे।

# दुनियावी इल्म भी हासिल करें मुसलमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बारादरी स्थित जुहैब अब्बास जैदी के आवास पर सोमवार दोपहर हुई चर्चा में उलमा ने कहा कि मुसलमान दुनियावी के साथ दीनी इल्म भी हासिल करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी, चायनीज, जर्मनी, अरबी, फारसी में किसी एक भाषा पर पकड़ जरूर बनाएं। कहा कि इल्म मां की गोद से लेकर गोर (कब्र) तक हासिल करना चाहिए।

इमामबाड़ा नूर बी में अमरोहा से मजलिस पढ़ने आए मौलाना रजा अली आब्दी ने कहा कि दीनी इल्म जरूरी है। इससे इंसान बेदार होता है और उसकी आखिरत भी संवर जाती है। इमामबाड़ा अली मेहंदी में मजलिस को खिताब करने आए मौलाना सैयद ऐजाज हाशिम ने कहा कि दीन के साथ दुनियावी इल्म भी जरूरी है। कहा कि दुनियावी इल्म हासिल करने के बाद इंसान दीनी इल्म हासिल कर सकता है। लाल कबर स्थित इमामबाड़ा जफर अली बेग में अलीगढ़ से मजलिस पढ़ने आए मौलाना जाहिद हुसैन रिजवी ने कहा कि दुनियावी के साथ दीनी इल्म हासिल करना जरूरी है। कहा कि इल्म हासिल करने के लिए चीन जाना पड़े तो जाएं, यह नबी ए करीम कह चुके हैं। इमामबाड़ा खासबाग में लखनऊ से मजलिस को खिताब करने आए मौलाना सैयद फैज अब्बास मशहदी ने कहा कि इल्म हासिल करने के लिए उम्र की कोई कैद नहीं है, किसी भी उम्र में इल्म हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि घर में बच्चों को कुरआन मजीद और उर्दू की तालीम जरूर दिलाएं। मौलाना सैयद मसऊद कौसर नकवी ने कहा कि इल्म के बिना जिंदगी बे-नूर है। चर्चा में मौलाना सैयद मूसा रजा, मौलाना सैयद सालिम हसनैन, मुज्तबा आब्दी, मिसाल मेहंदी, मिट्ठू मियां, जुहैब अब्बास जैदी, सैयद काजिम रजा, शान जैदी, मंसूर मियां, शबाब हुसैन आदि शामिल रहे।



बारादरी स्थित इमामबाड़ा नूर बी में चर्चा के बाद मौजूद उलेमा एवं अन्य।

● शहर के मोहल्ला बारादरी में उलेमा के बीच हुई चर्चा

## सरकार साजिशन स्कूल बंद करना चाहती है : चरन सिंह

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से स्कूलों का मर्ज करने को लेकर प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी की अध्यक्षता में बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर में हुई। जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा कि सरकार विद्यालय को मर्ज करके परिषदीय विद्यालयों को साजिशन बंद करना चाहती है। नरेंद्र सैनी ने कहा कि कम छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों के मर्ज करने से गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। ग्राम प्रधान राजीव सिंह ठाकुरद्वारा ने कहा मर्जर जनहित में नहीं है। इस अवसर पर अमितेश झा, सौरभ शर्मा, ललित कुमार, मेजर सिंह, साकिब अली, प्रेमपाल अनुसेंद्र चौहान, मुजीब कमाल आदि शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान प्रदर्शन भी किया।

ADMISSION OPEN (2025-26)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand
(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)
Website : www.sapkam.org
Email: sapkm.edu@gmail.com
COURSES OFFERED
UG COURSES
• BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (IT) • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
• B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
• B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.
PG COURSES
• M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
• M.Sc. (Food Technology) • M.Lib.
• M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics)
• M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)
SCHOLARSHIP AS PER GOVT. RULE
No.1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAMPUR
OTHER COURSES
• Computer Basics • Tally Complete • CCC
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
• GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing)
• Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT) • B.Sc in Optometry
• B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)
SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
• Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS) Mob.: 9758643374
100% Placement Assistance
Transport Facility Available
Safe Hostel with Air Cooler
LIMITED SEATS
Safest Girl Hostel (24x7 Security, Electricity Back up, Wifi Campus)
CONTACT SOON FOR ADMISSION
9412920331, 9837242760, 7902103001
7902103002, 8192801031, 7500005217, 8650079393

## एक नजर

### लापरवाही के चलते 7 पुलिसकर्मी निलंबित

**रामपुर, अमृत विचार** : एसपी विद्या सागर मिश्र ने लापरवाही के चलते सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है, जोकिअवकाश लेकर गए उसके बाद लौटकर ही नहीं आए। सभी पुलिसकर्मी अलग-अलग थानों में तैनात थे। एसपी ने बताया कि जिले में तैनात 7 कर्मचारी आकस्मिक एवं उपार्जित अवकाश पर रवाना हुए थे, लेकिन इनके द्वारा अवकाश उपभोग करने के बाद अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना था। परन्तु यह सभी कर्मी उसके बाद अनुपस्थित हो गए। जिसके बाद मुख्य आरक्षी हर्षवर्धन, मोक्षेन्द्र कुमार, सिपाही अश्विनी, रोहिताश, अनुज पवार, आर्या यादव, रचना को निलंबित कर दिया है।

### उद्योग स्थापना के लिए करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार** : राजकीय उद्यान विभाग के अधीक्षक अजय कुमार ने बताया प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई संचालित है, जिसके तहत राइस मील, दुग्ध उत्पाद, फल आधारित उत्पाद, आटा चक्की, चिप्स, पापड़, नमकीन, बिस्कुट, आचार, मुरब्बा, सिरका उद्योग, मिठाई उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग आदि उद्योगों की स्थापना की जा सकती है। योजना के तहत उद्योग स्थापना के लिए विभाग द्वारा परियोजना लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख तक अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्ति पीएमएफएमई व एमओएफपीआई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी अधीक्षक, राजकीय उद्यान कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

### सैफनी युवक की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत

**सैफनी, अमृत विचार** : सैफनी के युवक की दिल्ली की उपचार के दौरान मौत हो गई। जहां सोमवार को उसका शव घर पहुंचा। सैफनी निवासी अंसार का 19 वर्षीय बेटा शादाब अली दिल्ली के शाहदरा गंज में रहकर वेल्डिंग का काम करता था। लोगों ने बताया कि वह शुक्रवार को दो मंजिला बिल्डिंग पर काम कर रहा था। काम करते समय वह दो मंजिल से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोग एकत्र हो गए। उसके बाद लोगों ने उसको दिल्ली के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार को उसका शव घर पहुंचा।

# तहसील में संविदाकर्मी को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

## एंटी करप्शन टीम ने पीड़ित की शिकायत पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मिट्टी उठाने की परमीशन के नाम पर मांगे थी रिश्वत
- आरोपी ने पीड़ित को ढाबे के पास बुलाकर लिए थे रुपये

**अमृत विचार** : मिट्टी उठाने की परमीशन के नाम पीड़ित से 10 हजार रुपये मांगना मिलक तहसील में तैनात संविदाकर्मी को भारी पड़ गया। सोमवार को शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने उसको मोगा ढाबे के पास से रुपये लेते हुए गिरफ्तार किया। उसके बाद टीम उसको शहजादनगर थाने ले आई। जहां पूछताछ करने के बाद उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके बाद टीम उसको अपने साथ लेकर रवाना हो गई।


पकड़ा गया संविदा कर्मी।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी रवि कुमार ने कुछ दिनों पहले मिट्टी उठाने के लिए एसडीएम मिलक के यहां पर फाइल लगाई थी। मिलक तहसील में तैनात अनुसेवक (संविदा कर्मी) शिव कुमार ने पीड़ित से परमीशन के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

जिसकी शिकायत उसने मुरादाबाद में एंटी करप्शन टीम से कर दी थी। सोमवार को आरोपी ने पीड़ित को मोगा ढाबे के पास बुलाया था। उस समय वहां पर एंटी करप्शन की टीम भी मौजूद थी। जैसे ही आरोपी को पीड़ित ने रुपये दिए तो टीम ने घेराबंदी करके उसको पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस उसको शहजादनगर थाने ले आई। जहां उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एंटी करप्शन टीम में इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक और उनकी टीम शामिल रही।

### संविदाकर्मियों को आगे कर चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

सरकारी कार्यालयों में संविदाकर्मियों को आगे कर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में फार्मेसी की ट्रेनिंग के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी, मामले में नीरज नाम का संविदाकर्मी एंटी करप्शन टीम ने दबोचा था। जिसके बाद किसान संगठनों ने जिले की सभी तहसीलों पर संविदाकर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। वहीं एंटी करप्शन टीम पहले भी मिलक तहसील में उपजिलाधिकारी के कार्यालय के लिपिक को भी रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। वहीं गंज थाने में तैनात दरोगा सुधीर कुमार रुपये लेते हुए पकड़े गए थे। पटवाई में एक लेखपाल भी रिश्वत लेते हुआ पकड़ा गया था। स्वार थाने में तैनात दरोगा भी पकड़ा जा चुका है।

# डीसीडीएफ की 19 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : डीसीडीएफ (जिला सहकारी विकास संघ) की 22 एकड़ भूमि में से 19 एकड़ भूमि पर लोगों का अतिक्रमण है, इन पर जल्द कार्रवाई हो सकती है। माला रोड पर डीसीडीएफ की 22 एकड़ भूमि है। इसके अलावा टांडा और भोट में जमीन है। डीसीडीएफ जमीनों के 45 मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की पहल पर डीसीडीएफ की भूमि से कब्जे हटाने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी ने इसके लिए 5 अधिकारियों की कमेटी भी गठित कर दी है। डीसीडीएफ के सचिव का दावा है कि शीघ्र की जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। लोग खाली जमीन देखकर कब्जा कर निर्माण शुरू करा देते हैं। निर्माण की सूचना पर कभी प्रशासन तो कभी डीसीडीएफ के चेयरमैन सुभाष गुप्ता मौके पर पहुंचकर निर्माण को रुकवाते हैं। सूत्रों की माने तो शाहबाद गेट के निकट माला रोड पर डीसीडीएफ की 22 एकड़ भूमि में 19 एकड़ भूमि पर कब्जे हो चुके हैं। जमीनों के 45 मामले


माला रोड स्थित डीसीडीएफ की भूमि।

- माला रोड पर है 22 एकड़ भूमि 45 मामले कोर्ट में विचाराधीन

निचली अदालत से लेकर हाईकोर्ट तक विचाराधीन हैं। डीसीडीएफ के सचिव सुशील शर्मा ने बताया कि मामलों में पैरवी की जा रही है। न्यायिक प्रक्रिया निपटने के बाद भूमि को प्रशासन के साथ मिलकर कब्जा मुक्त करा लिया जाएगा। डीसीडीएफ के चेयरमैन सुभाष गुप्ता ने बताया कि डीसीडीएफ की जमीन से कब्जा हटवाने के लिए संघ की ओर से कई बार प्रयास किए गए हैं। इसको लेकर डीएम और एआर कोऑपरेटिव को भी पत्र लिखा गया है। उन्होंने दावा किया भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए वह प्रयासरत हैं। न्यायिक प्रक्रिया निपटने के बाद कार्रवाई होगी।

## सार संक्षेप

### वनकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**मसवासी, अमृत विचार** : पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने पीपली वन में अवैध कटान पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी से दोषी वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अहमद जान ने जिलाधिकारी से शिकायत है। उन्होंने कहा कि बीट संख्या सात में सागौन और अन्य कीमती लकड़ी के पेड़ों का अवैध कटान हुआ है। जिसमें वन रेंजर समेत अन्य कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। मामले की शिकायत जिला वन अधिकारी से भी की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने इस मामले में जिलाधिकारी से जांच कराकर दोषी वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने पर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा उपहार भेंट कर एवं माला पहनाकर विदाई दी गई। जिसमें मुख्य आरक्षी उम्मेद सिंह, राजाराम और फायर मैन होती लाल को पुरस्कार देकर एसपी ने सम्मानित किया। इस दौरान तीनों लोगों के परिजन भी मौजूद रहे।

### स्वार पुलिस ने पीड़ित के वापस कराए 46 हजार रुपये


**स्वार, अमृत विचार** : स्वार थाने की साइबर सेल ने पीड़ित से धोखाधड़ी से लिए 46510 रुपये वापस कराए। स्वार थाना क्षेत्र के मोहल्ला रसूलपुर निवासी मोहम्मद आसिफ का कहना है कि 10 जनवरी को साइबर ठगों द्वारा पीड़ित से एक लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। साइबर फ्रॉड के संबंध में आवेदक ने साइबर पोर्टल पर 11 जनवरी को शिकायत की थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल हैक करके 1,00,000 रुपये की धनराशि ले ली गई थी। जब पीड़ित को इसके बारे में जानकारी हुई तब उसने शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई थी। उसके बाद साइबर सेल थाना स्वार द्वारा कार्रवाई कर सोमवार को मोहम्मद आसिफ के 46510 रुपये खाते में वापस कराए। शेष धनराशि वापस कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार** : वैश्य समाज संगठन की पदाधिकारी प्रीति गुप्ता के स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित आवास पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी पहुंचे। जहां उनका स्वागत किया। उसके बाद 12 जुलाई के कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। जिसमें जगह जगह होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी ने सीए राजकुमार अग्रवाल को संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यकम में जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, अनुश्री अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मनोज गुप्ता, वर्षा वार्ष्णेय, डॉ. पीके वार्ष्णेय, नीतू गुप्ता रहे।

### सीएमओ को किया सम्मानित



**रामपुर, अमृत विचार** : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सतपाल सिंह के रिटायर होने पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू सीएमओ कार्यालय पहुंचे। जहां सभी ने डॉ. सतपाल सिंह सम्मानित किया। प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान ने कहा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह अच्छे काम किए। इस मौके पर मंजू खान, मोहम्मद मुस्तकीम, हाफिज, गुड्डू मौजूद रहे।

### डायट प्राचार्य नीलम रानी सेवानिवृत्त, दी विदाई



**रामपुर, अमृत विचार** : जिला प्रशिक्षण संस्थान में तैनात डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा सोमवार को सेवानिवृत्त हो गई। शिक्षकों और स्टाफ ने विदाई दी। वह 11 साल तक रामपुर डायट की प्राचार्य रहीं। उन्होंने एक बार बीएसए का चार्ज भी साथ में संभाला। जिला प्रशिक्षण संस्थान में 2016 में नीलम रानी टम्टा डायट प्राचार्य बनकर आईं थी। 11 साल के कार्यकाल के बाद सोमवार को वह सेवानिवृत्त हो गई। सोमवार को शिक्षक नेता चरनसिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंचे और उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर नरेंद्र सैनी, रहमत अली, राजेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह यादव, शिक्षक नेता आदि उपस्थित रहे। वहीं, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा के आवास पर पहुंचे। उनके सेवानिवृत होने पर उनको बधाई दी।

# दहेज हत्या में पति को 10 व सास-ससुर को 7 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : विवाहिता की हत्या के मामले में एफटीसी द्वितीय ने पति को 10 साल और सास-ससुर को 7 साल की कैद के साथ तीनों पर 10-10 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव खंडिया निवासी सोमवीर सिंह का कहना था कि उसने अपनी बेटी की शादी कुछ साल पहले गांव के ही रहने वाले सुरेश से की थी। शादी के कुछ समय के बाद ससुराल वाले उससे दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट किया करते थे। आरोप है कि 26 जून 2021 को फोन करके बताया गया कि बेटी की तबीयत खराब है। उसको अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बाद में पता चला उसको जहर पिलाकर मार दिया था। इस मामले में 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। चार्जशीट पति मुकेश, ससुर सुंदरलाल और सास सोमवती के खिलाफ पेश की गई।

जिसकी सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में हो रही थी। जिसमें 28 जून को पीठासीन अधिकारी ने राजीव सरन ने सुरेश, सुंदरलाल एवं सोमवती को दोषी करार दिया था। जिसके बाद सोमवार को सजा का ऐलान किया गया। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि महिला के पति सुरेश को दहेज हत्या की धारा 304बी के तहत 10 वर्ष का कारावास, जबकि सुन्दरलाल एवं सोमवती को दहेज हत्या की धारा 304 बी के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा सुजाई। तीनों दोषियों को धारा 498 ए में 2 साल की सजा सुनाई। प्रत्येक पर दस-दस हजार का जुर्माना लगाया गया।

# एहलेबैत के सदके में अल्लाह ने बनाई कायनात : मौलाना रजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : अमरोहा से आए मौलाना रजा अली आब्दी ने कहा कि एहलेबैत के सदके में अल्लाह ने कायनात बनाई। उन्होंने कहा कि अल्लाह से सबसे पहल मोहम्मदो आले मोहम्मद को इल्म से नवाजा। कहा कि एहलेबैत आम बशर नहीं हैं, एहलेबैत को अपने जैसा बशर समझना गलत जबकि, ज्यादा बढ़ाना भी गलत है। नुसैरी समझ नहीं सका और अली को खुदा कह बैठा और आज तक उस पर लानतें पड़ रही हैं।

शहर के मोहल्ला बारहदरी स्थित इमामबाड़ा नूर बी में मौलाना ने कहा कि अगर यह सोच भी लिया कि आले मोहम्मद हम जैसे हैं तो उसी वक्त दायरे ईमान से खारिज


इमामबाड़ा नूर बी में मजलिस को खिताब करते मौलाना रजा अली आब्दी।

होकर दायरा ए कुफ्र में शामिल हो जाते हैं। कहा कि आले मोहम्मद आले मोहम्मद हैं जैसे अल्लाह की तरह दूसरा कोई नहीं उसी तरह आले मोहम्मद जैसा कोई नहीं है। इनके दो रुख हैं एक है बशरी और दूसरा नूरी जंबा है। यह नजर हम जैसे आते हैं लेकिन, हम जैसे नहीं हैं। इसकी दलील है कि यह भी देखते हैं और हम भी देखते हैं मगर इनके देखने और हमारे देखने में फर्क यह है कि हम वह देखेंगे जो हमारे सामने होगा। मगर वह समंदर की गहराइयों में क्या है आसमानों में क्या है, दीवार के पीछे क्या है सब देख लेते हैं। कहा कि इंसान एक क्विंटल तक वजन उठा सकता है, लेकिन यह यह दरे खैबर उठा सकते हैं। जिसको 40-40 लोग दरवाजे को बंद करते थे। लेकिन हजरत अली ने इतना वजनी दरवाजा उंगलियों पर उठा लिया। मजलिस में मिसाल मेहंदी, मिट्ठू मियां, जुहैब अब्बास जैदी, फैसल खां, महमूद वारसी, कामरान जैदी, मोहम्मद जैदी, काजिम रजा, अमान जैदी, शोबी जैदी, शाहजेब उल्लाह खां, जुनैद उल्लाह खां, जौन जैदी, शान जैदी, जैन जैदी, शाहिद जैदी आदि मौजूद रहे।

# जलभराव वाले क्षेत्र में जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : जिले में बारिश के दौरान आमजन की सुविधा और सतर्कता के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने एडवाइजरी जारी की है। जिलाधिकारी ने बताया कि आमजन बारिश के दौरान जलभराव वाले इलाकों में जाने से बचें और पेड़ों के नीचे शरण न लें।

उन्होंने बताया कि कमजोर ढांचे वाले भवनों में या उनके आसपास बिल्कुल न खड़े हों। फसल वाले खेतों में लगातार बारिश की वजह से होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए खेतों में जल निकासी के पर्याप्त प्रबंध करें। जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश के दौरान बज्रपात से बचने और पूर्व में ही चेतावनी प्राप्त करने के लिए दामिनी या सचेत ऐप का प्रयोग करें। दामिनी ऐप को भारत सरकार द्वारा बिजली गिरने से पहले अलर्ट देने के लिए बनाया गया है। यह ऐप आम लोगों के साथ-साथ किसानों के लिए भी फायदेमंद है। ऐप की मदद से बिजली गिरने की सही और सटीक पूर्व जानकारी मिलती है तथा लोगों को सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद मिलती है। यह ऐप यूजर के मोबाइल फोन में जीपीएस लोकेशन के आधार पर 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना का पता लगाता है। साथ ही बिजली गिरने की गड़गड़ाहट और वज्रपात की गति भी बताता है। यह ऐप बिजली गिरने से करीब 7 से 8 मिनट पहले ही अलर्ट भेज देता है। किसी भी गंभीर लाइटिंग या थंडर स्टॉर्म से करीब 30 से 45 मिनट पहले से ही अलर्ट भेजना शुरू कर देता है।

### मंडी में खुले में रखे आलू-प्याज, बारिश में भीगे

**रामपुर, अमृत विचार** : मानसून की झमाझम बारिश में नवीन मंडी में दुकानों से बाहर रखे आलू और प्याज भीग रहे हैं। फल सब्जी आढ़ती एसोसिएशन के महासचिव एम आमिर आढ़ती ने बताया कि नवीन मंडी में हर आढ़ती की दुकान के आगे टीन शेड लगी हुई थी। कुछ दिन पूर्व मंडी सचिव ने टीन शेड ध्वस्त करा दिए थे। दो दिन से हो रही बारिश के कारण आलू-प्याज भीग गए हैं उन्होंने बताया कि आलू प्याज बारिश में भीगने के बाद उनमें सड़न पैदा होने लगती है। कहा कि आलू और प्याज के सड़ने से आढ़तियों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बरसात में बारिश के दौरान आढ़तियों का सामान खराब होने की संभावना है। हालांकि आढ़तियों ने आलू और प्याज के बोरो पर तिरपाल और पॉलीथिन डालकर उन्हें बारिश से बचाने का प्रयास किया है लेकिन, पानी नीचे से बोरों में पहुंच रहा है। उन्होंने दुकानों के आगे टीन लगवाए जाने की मांग की है।

# ग्रामीण पर धारदार हथियारों से किया हमला, दो घायल

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार** : रविवार शाम को घर के बाहर खड़े एक ग्रामीण पर रंजिश के चलते गांव के ही रहने वाले विरोधी पक्ष के आधा दर्जन लोगों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। इस दौरान बीच बचाव को आए दो व्यक्ति हमले में घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला थाना क्षेत्र के धनुपुरा गांव का है। गांव निवासी राशिद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को वह घर के सामने रास्ते में खड़ा था। इसी दौरान गांव निवासी बाबू उर्फ नईम,जमील, मुस्तकीम, मोहम्मद टूमर,बाबू, और रफी धारदार हथियार लेकर मौके पर आ गए। गाली गलौज करने लगे। उसने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। चीख पुकार की आवाज पर उसका भाई शाकिर व चचेरा भाई उस्मान बचाने मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में शाकिर व उस्मान घायल हो गए। अन्य लोगों द्वारा शोर मचाने पर पास में ही स्थिर घर से परिवार के अन्य लोगों को मौके की ओर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। दोनों घायलों को परिजनों ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि रंजिश के चलते बाबू उर्फ नईम पक्ष के लोगों ने राशिद पक्ष के लोगों पर हथियारों से हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया था। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कर 6 आरोपियों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 8.50 लाख की ठगी में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार** : प्लाटिंग में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के न्यू कृष्णा विहार निवासी राम खिलाड़ी शर्मा का कहना है। उसकी जान पहचान शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला जिलेदारान निवासी शाहनवाज और गब्बर से है। उसने पीड़ित को बताया कि वह जमीन की खरीद फरोख्त में अच्छे पैसे कमा लेता है। तुम भी 8 लाख 50 हजार मुझे दो। पीड़ित ने साढ़े आठ लाख रुपये आरोपी को दे दिए। उसके बाद जब पीड़ित ने उसके फायदे के पैसे मांगे तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। 24 जून को शाहनवाज और दो अज्ञात लोगों के साथ वहां पर मिल गया। जहां राम खिलाड़ी शर्मा ने रुपयों को तकादा किया, तो आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसको पीट दिया था।


बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# उप्र-उत्तराखंड के अधिकारियों ने कांवड यात्रा की तैयारी की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत बाजपुर-स्वार चेकपोस्ट पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और उत्तराखंड पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अंतर्राज्यीय सीमा पर गोष्ठी हुई। इस दौरान दोनों जनपदों के अधिकारियों ने एक दूसरे के साथ कांवड़ यात्रा से जुड़ी जानकारी, कंटीजेंसी प्लान एवं रूट डायवर्जन के सम्बन्ध में जानकारी साझा की। इसी के साथ-साथ आपसी तालमेल के लिए पुलिसकर्मियों के मोबाइल नंबर का आदान प्रदान कर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। गोष्ठी में उप जिलाधिकारी स्वार अमन देवल, उपजिलाधिकारी बाजपुर अमृता सिंह, क्षेत्राधिकार स्वार अतुल कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकार काशीपुर दीपक सिंह, क्षेत्राधिकार बाजपुर वैभव सैनी, थानाध्यक्ष आईटीआई कुंदन रौतेला, चौकी इंचार्ज मसवासी अजय शुक्ला, चौकी इंचार्ज बाजपुर दोराहा रमेश कुमार सम्मिलित हुए।

# अभ्युदय कोचिंग के रामपुर के 2 छात्र चयनित

**रामपुर, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत रामपुर शहर में राजकीय रजा इंटर कॉलेज में संचालित निःशुल्क कोचिंग में अध्ययनरत तहसील स्वार के जालिफनगला निवासी कपिल कुमार का नीट यूजी-2025 में चयन हुआ है।

कपिल पिछले 1 वर्ष से अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित इस कोचिंग में तैयारी कर रहे थे। टांडा के अलीगंज बेनजीर के रहने वाले अर्जुन सिंह का भी एसएससी जीडी में चयन हो चुका है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल के नेतृत्व में जिले में अभ्युदय कोचिंग का बेहतर ढंग से संचालन किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि सरकार की योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों के बच्चों को अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है।

# जिले में औसत 20.65 मिमी हुई बारिश, शहर में जलभराव


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : जिले में सोमवार को औसतन 20.65 मिमी वर्षा होने से शहर की सड़कें और खेत लबालब हो गए। मानसून की झमाझम बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव हो गया। जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। रामनगर बैराज से कोसी नदी में 151 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। बाढ़ आने से पूर्व प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 35 बाढ़ चौकियां स्थापित कर दी हैं।

दो दिन से मानसून की झमाझम बारिश हो रही है। सोमवार को औसतन 20.65 मिमी वर्षा हुई है। जिसके चलते सूखी पड़ी कोसी में भी पानी बढ़ने लगा है। नहर खंड के अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे रामनगर बैराज से 151 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने से प्रशासन अलर्ट हो गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 35 चौकियां स्थापित कर दी गई हैं। एक्सईएन नहर खंड ने बताया की स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है और ग्राम प्रधानों से संपर्क किया जा रहा है। बताया कि जिले में फिलहाल स्थिति सामान्य है। लेकिन बाढ़ आने से पूर्व सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों के लिए सूखा राशन और उनके ठहरने के स्थानों को चिह्नित कर लिया गया है। इसके अलावा नाव आदि की व्यवस्था कर ली गई है।

सोमवार को सदर में 12.5 मिमी, स्वार में 12.4 मिमी, बिलासपुर में 15.2 मिमी, मिलक में 40.4 मिमी, शाहबाद में 20.4 मिमी, टांडा में 23.00 मिमी, बारिश हुई। कुल 123.9 मिमी बारिश हुई, जबकि जिले में औसत बारिश 20.65 मिमी हुई।


जलभराव के बीच से गुजरते बाइक सवार। ● अमृत विचार


बारिश के पानी से लबालब हुए खेत। ● अमृत विचार

### शहर में जगह-जगह जलभराव होने से परेशानी

दो दिन से हो रही मानसून की बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। शहर के मोहल्ला कटकुइयां, पुराना गंज, मिस्टन गंज, गांधी समाधि, कलेक्ट्रेट रोड, पटलों वाली मस्जिद, चिरान में जलभराव होने से लोगों को परेशानी हुई। चिरान निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि नालों की तली झाड़ सफाई नहीं होने से जलभराव हो रहा है। कहा कि पालिकाध्यक्ष ने नालों की तली झाड़ सफाई नहीं कराई है जबकि, सभासद उनसे नालों की सफाई कराने की मांग करते रहे।

> जिले में फिलहाल स्थिति सामान्य है, एहतियात के तौर पर बाढ़ से बचाव के लिए इंतजाम करा दिए हैं। सोमवार सुबह तक जिले में 20 .65 मिमी वर्षा हुई है। रामनगर बैराज से 151 क्यूसेक जबकि, लालपुर वियर से 691 क्यूसेक पानी सोमवार की सुबह डिस्चार्ज किया गया है। **-नवीन कुमार सिंह,** एक्सईएन नहर खंड

## एक नजर

### जहरीले कीड़े ने मजदूर को काटा, हालत बिगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी आतिफ पुत्र इरफान मजदूरी करते समय ईंटें निकाल रहा था। ईंटों में बैठे जहरीले कीड़े ने आतिफ को काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आसपास के लोग आतिफ को जिला अस्पताल लाए। यहां उपचार किया गया।

### युवक ने किशोरी को ले जाकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी का कहना है कि उसकी बेटी शुक्रवार को रात घर में सो रही थी। आरोप है कि देर रात गांव सांथलपुर की मढ़ैया थाना आदमपुर अमरोहा का युवक बाइक से पहुंचा और किशोरी को ले गया। 28 जून को सुबह युवक किशोरी को ढबारसी मोड़ पर छोड़कर भाग गया। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी। ग्रामीण ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के साथ मारपीट में तीन पर रिपोर्ट

**चन्दौसी/ कुढफतेहगढ, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव अटबा में रविवार की शाम धान की रोपाई करके लौट रही महिला राधा पत्नी बिनीत दिवाकर ने गांव के ही तीन लोगों पर गाली गलौज व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल कराते हुए सोनू, हरपाल, पप्पू पुत्रगण रामचरन दिवाकर के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद के चलते संदिग्ध स्थिति में एक महिला की मौत हो गई। गांव में चर्चा है कि किसी बात को लेकर महिला की अपने पति से कहासुनी हुई थी, जिसमें महिला ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिजन महिला को मुरादाबाद ले गये। रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिये अंतिम संस्कार कर दिया।

### ताजिए को लेकर सीओ ने किया निरीक्षण

**बहजोई, अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर बनाई जा रहे ताजिए का निरीक्षण करने सीओ बहजोई पहुंचे। जहां उन्होंने ताजियादारों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही ताजिया की ऊंचाई रखने के निर्देश दिए। सीओ बहजोई आलोक कुमार सिद्धू ताजियादार के यहां पहुंचे जहां पर बनाए जा रहे ताजियों को लेकर उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही ऊंचाई ताजिए की रखी जाए। इस दौरान कोतवाल हरीश कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

संभल में जुटे देश की 58 बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, पुलिस व बीमा कंपनियों के सेमिनार में बीमा फ्रॉड से निपटने को लेकर मंथन

# बीमा कंपनियों और पुलिस के आपसी समन्वय से लगेगी फ्रॉड पर लगाम

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल में आयोजित सेमिनार में शामिल बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मृत व बीमार लोगों के नाम पर जीवन बीमा कर क्लेम हड़पने वाली घटनाओं को रोकने के लिए आयोजित सेमिनार में देश की 58 बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों और पुलिस के अधिकारियों ने मंथन किया कि भविष्य में किस तरह ऐसे फर्जीवाड़े की रोका जाये। बीमा कंपनियों के बीच आपसी समन्वय और बीमा क्षेत्र के लिए नया कानून बनाए जाने की बात कही गई। पुलिस और बीमा कंपनियों के बीच सहयोग और समन्वय पर भी बल दिया गया।

एक होटल में आयोजित सेमिनार में बीमा कंपनियों के कुछ बड़े अधिकारी आनलाइन जुड़े और अपनी बात रखी। कार्यक्रम की शुरुआत में आईपीएस आलोक भाटी ने स्वागत व अभिवादन किया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी आईपीएस अनुकृति शर्मा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से 12 राज्यों में सक्रिय गिरोह के खुलासे के बारे में अवगत कराया। बताया कि कैसे इस गिरोह ने बीमार लोगों के नाम पर क्लेम हड़पा बल्कि एक्सीडेंट का रूप देकर बीमार लोगों की हत्याएं भी कीं। संभल पुलिस द्वारा 17 से ज्यादा मुकदमे दर्ज कर 50 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी की गई। वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवा विभाग की निदेशक बीमा मंदाकिनी बलोधी ने सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में उठाये जा रहे विभिन्न कदमों के बारे में बताया। कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी वर्गों को फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ मिले। सरकार फ्रॉड कंट्रोल को लेकर गंभीर है।

सेमिनार में ऑनलाइन जुड़ीं भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक मीना कुमारी ने बीमा कंपनियों को अपनी कार्यप्रणाली में आधारभूत सुधार लाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आगाह किया की फ्रॉड प्रिवेंशन के साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि किसी व्यक्ति का वास्तविक क्लेम रिजेक्ट न हो। भारतीय बीमा सूचना जांच ब्यूरो के सीईओ बैंकट चंगावल्ली ने बताया कि आईआईबी सभी कंपनियों के बीच समन्वय का काम कर रही है। कोटक लाइफ के चीफ रिस्क ऑफिसर सारंग चीमा, एसबीआई लाइफ के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रजनीश मधुकर, आईएचआईआर एम के निदेशक रमेश खरे, टाटा एआईजी के ईवीपी वीरेंद्र पाल सिंह ने भी अपनी बात रखी।

### कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए

दूसरे सत्र में सभी प्रतिभागियों को चार समूह में बनाकर 40 मिनट तक गोष्ठी की गई। प्रत्येक समूह को 10 मिनट का समय प्रेजेंटेशन देने के लिए दिया गया। इसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। वक्ताओं ने कहा कि बीमा कंपनियों के बीच समन्वय होगा तो कई समस्याओं का समाधान खुद ही हो जाएगा। बीमा क्षेत्र में नए कानून की जरूरत पर भी बल दिया गया। बीमा कंपनी के इन्वेस्टिगेटर की सुरक्षा का सवाल भी उठाया गया। साथ ही इन्वेस्टिगेशन कंपनियों के लिए मानक निर्धारित करने की बात कही गई। इस दौरान पुलिस और बीमा कंपनियों के बीच परस्पर संवाद और सहयोग की जरूरत बताई गई।

### यह है उत्तर प्रदेश पुलिस का बदलता चेहरा: एसपी

बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि संभल जैसे आईपीएस और पुलिस हर जगह हो कहीं भी बीमा फ्रॉड नहीं होगा। इस पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश पुलिस का बदलता हुआ चेहरा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जो अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प है यह उसी का परिणाम है। प्रदेश में कहीं भी इस तरह का अपराध होगा तो पुलिस अपराधी के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई करेगी।

### बीमा फ्रॉड से राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा: अनुकृति शर्मा

एएसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि इंश्योरेंस सेक्टर में फ्रॉड का डाटा स्टडी करने पर जानकारी मिली है कि इस फ्रॉड में सैकड़ों पीड़ित हैं, जो कि कई राज्यों में फैले हुए हैं। जब तक हर पीड़ित को जागरूक नहीं किया जाएगा तब तकफ्रॉड नहीं रोका जा सकता है। इस फ्रॉड की सबसे खास बात है कि पीड़ित को ही नहीं पता कि वह पीड़ित है। इस फ्रॉड से राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बड़ा खतरा है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में ब्लैक मनी जनरेट होता है। फर्जीवाड़ा करने वाले मर्डर करने पर भी उतर आए।

# छतें, स्कूल और पुलिस चौकी की दीवारें गिरीं

## बारिश का कहर...संभल के मंडी किशनदास सराय में छत गिरने से मलबे में दबकर मां-बेटा घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में रविवार के बाद सोमवार को भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। बारिश के कारण अब घरों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। संभल के मंडी किशनदास सराय में घर की छत गिरने से मलबे में दबकर मां-बेटा घायल हो गए। सिरसी में घर की छत धराशायी हुई जिसमें वृद्धा मामूली रूप से चोटिल हो गई। असमोली क्षेत्र के ओबरी में परिषदीय स्कूल की दीवार भरभरा कर गिर गई। पुलिस चौकी मढ़न की दीवार भी धराशायी हो गई।

दो दिन से हो रही बारिश अब नुकसान करने लगी है। संभल सदर कोतवाली क्षेत्र के मंडी किशनदास सराय निवासी अंगूरी पत्नी सरवन और उसका बेटा सुभाष रविवार को रात कच्चे घर में सो रहे थे। सोमवार को सुबह करीब 5 बजे घर की छत भरभरा कर गिर गई। मलबे में अंगूरी और सुभाष दब गए। तेज आवाज होने पर बाहर की तरफ सो रहे परिवार के सदस्य और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। मलबा हटाकर अंगूरी और सुभाष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने दोनों का उपचार शुरू किया। असमोली क्षेत्र के ओबरी गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जलमग्न हो गया।स्कूल की चाहरदीवारी धराशायी हो गई। कई रास्ते जलमग्न हो गए। आबादी में भी जलभराव हो गया। प्रधान ने जेसीबी चलवाकर पानी की निकासी कराई। दूसरी तरफ पुलिस चौकी मढ़न के परिसर की दीवार भी बारिश में गिर गई।


सिरसी में बरसात से गिरी मकान की छत व चोटिल वृद्धा। ● अमृत विचार


ओबरी गांव में परिषदीय विद्यालय में भरा पानी। ● अमृत विचार

- **सिरसी में भरभरा कर गिरी घर की छत, मामूली चोटिल हुई वृद्धा**
- **गांव ओबरी में परिषदीय स्कूल और मढ़न पुलिस चौकी की दीवार गिरीं**

### छत गिरने से महिला चोटिल, सामान खराब

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र सिरसी के मोहल्ला सादक सराय में विधवा कल्लो पत्नी सुबहानी घर में अकेली रहती है। बारिश के दौरान सोमवार को सुबह 7 बजे घर की छत भरभरा कर गिर गई। मलबे की चपेट में आकर कल्लो मामूली रूप से चोटिल हो गई। वहीं मलबा गिरने से तमाम सामान दबकर खराब हो गया। आसपास के लोगों ने कल्लो का निजी अस्पताल में उपचार कराया।


मकान की छत गिरने से घायल व्यक्ति।


ओबरी गांव में बरसात में गिरी परिषदीय विद्यालय की दीवार।

### झमाझम बारिश से लोगों को मिली राहत, कई क्षेत्रों में जलभराव

संभल में दूसरे दिन भी बारिश कई घंटें हुई तो लोगों ने राहत महसूस की। वहीं खेतों में जलभराव होने पर किसानों के चेहरे खिल उठे। धान फसल की रोपाई के साथ ही सिंचाई भी हो गई। युवाओं और बच्चों ने बारिश में नहाकर आनंद लिया। दूसरी तरफ दो दिन से हो रही बारिश के चलते खेतों में भी जलभराव के नजारे दिखने लगे। किसानों में खुशी का माहौल बना रहा। किसानों का कहना रहा कि बारिश होने पर धान फसल की सिंचाई हो गई। तमाम खेतों में धान की रोपाई भी शुरू कर दी गई। सब्जी वाली कई फसलों के लिए बारिश फायदेमंद बताई गई।

## सार-संक्षेप

### सीमेंट की दुकान से 25 हजार रुपये ले गए चोर



**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड पर रविवार की रात चोरों ने सीमेंट की दुकान में कूमल लगाकर 25 हजार रुपये व एलईडी चोरी कर ले गए। रतन मोहल्ला निवासी ललित कुमार की बहजोई रोड पर मैसर्स नवल किशोर ललित कुमार के नाम से सीमेंट की दुकान है। रविवार की रात 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार की सुबह 9 .30 बजे ललित कुमार दुकान पर पहुंचे और दुकान खोली तो दीवार पर कूमल लगा मिला। व्यापारी ने बताया कि चोरों ने दुकान में गल्ला तोड़ लिया और उसमें रखी 25 हजार रुपये की नकदी व एलईडी चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंच जानकारी की।

### छात्रों में नेतृत्व और रचनात्मक सोच बढ़ाते हैं शिक्षक



**संभल, अमृत विचार :** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में शिक्षकों के लिए लीडरशिप इन 21वीं संेचुरी स्किल विनर विषय पर विशेष कार्यशाला हुई। रिसोर्स पर्सन जया पांडेय और अर्पित भारद्वाज ने शिक्षकों को 21वीं सदी को लेकर नेतृत्व कौशल और आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। जया पांडेय ने कहा कि आज शिक्षक सिर्फ पाठ पढ़ाने वाले नहीं बल्कि छात्रों में नेतृत्व, समस्या-समाधान और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले होते हैं। हमें छात्रों को बदलती दुनिया के लिए तैयार करना होगा। अर्पित भारद्वाज ने कहा कि लीडरशिप का मतलब साथ चलना और दूसरों को आगे बढ़ाना है। प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने कहा कि ऐसी कार्यशाला शिक्षकों को समय के अनुरूप शिक्षण के नए आयामों से जोड़ती है। प्रबंधक मुशीर खान तरीन और शबाना कौसर का संदेश जिया उल्ला खान ने पढ़कर सुनाया। जुनैद इब्राहिम ने आभार व्यक्त किया।

### बबराला से अमरनाथ यात्रा को रवाना हुए श्रद्धालु



**बबराला, अमृत विचार :** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए नगर से एक महिला सहित छह सदस्यीय जत्था जयकारों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। नगर पंचायत सभासद मीना गुप्ता, राजू गुप्ता, आस्था वार्ष्णेय, सुखदेव वार्ष्णेय, राजकुमार वार्ष्णेय सहित तमाम लोगों ने बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए शिव भक्तों को बस में बैठाया। जत्थे में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, राजीव माहेश्वरी, दीपक गुप्ता, विनीता गुप्ता, सुभाष यादव और राजन गुप्ता शामिल हैं।

### 6 जुलाई को किया जाएगा मैराथन का आयोजन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से 6 जुलाई को सशक्त महिला व सशक्त युवा विषय पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को बैठक में सामाजिक संदेश, सहभागिता व प्रशासनिक सहयोग आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं व युवाओं को न केवल प्रेरणा मिलती है, बल्कि सामाजिक चेतना का स्तर भी ऊंचा होता है। संगठन की महिला जिलाध्यक्ष डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है। अधीक्षण अभियंता विद्युत विनोद गुप्ता, प्रदीप वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, गिरीश रतन, अरुण रतन अन्नू, नितिन कुमार, अभिषेक गुप्ता, शिखर गोयल आदि सहित प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी व आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### चौथी मोहर्रम को जारी रहा मजलिसों मातम का सिलसिला

**संभल/सिरसी,अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में चौथी मोहर्रम को दिन भर मजलिसों मातम का सिलसिला चला। अजाखानों और घरों में मजलिसें हुईं। सोमवार को शाम अकबर के अजाखाने में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी खाबर रजा और उनके हमनवां ने की। मजलिस को मौलाना मौलवी जावेद अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद अलम ए मुबारक निकाला गया। जिसमें अंजुमने जुल्फेकार ए हैदरी, हाशमी मीसमे अजा ने नौहाख्वानी की। जुलूस इमामबाड़ा सादात में जाकर संपन्न हुआ। मोहल्ला शर्की अंजुमने मीसमे अजा की ओर से हाजी अली कौसर के मकान पर मजलिसे अजा हुई जिसमें मर्सिया मोहम्मद असगर आदि ने की। मजलिस को मौलाना मोहम्मद अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद अलम ए मुबारक निकाला गया। जिसमें अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। जुलूस इमामबाड़ा मोहल्ला सादात पर समाप्त हुआ। दिन भर अजादारों ने मजलिसों और जुलूस में शिरकत की।

### वाहन में घुसी बाइक, दो किशोर घायल

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सोमवार को शाम मोहल्ला चौधरियान निवासी विशाल और दानवीर बाइक से सड़क पर घूम रहे थे। जरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी में संभल-मुरादाबाद मार्ग पर एपीजे अब्दुल कलाम पार्क के सामने बाइक आगे चल रहे वाहन में जा घुसी। सड़क पर गिरकर विशाल और दानवीर घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# छत से घुसे बदमाश, डेढ़ लाख का माल समेटा


बदमाशों द्वारा फेंकी गई ईंट दिखाता गृहस्वामी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** छत के सहारे घर में घुसे बदमशों ने 50 हजार की नकदी, जेवर समेत डेढ़ लाख रुपये का माल समेट लिया। गृहस्वामी और पत्नी ने शोर मचाया तो बदमाशों ने ईंटों से हमला कर घायल कर दिया।

असमोली के गांव मलकपुर नवादा की मंढ़ैया निवासी रुक्से आलम का घर गांव के बाहरी छोर पर है। रविवार को देर रात पांच बदमाश छत से होकर घर में दाखिल हो गए। बदमाशों ने कमरे में अलमारी का लॉक तोड़कर 50 हजार रुपये, जेवर समेत डेढ़ लाख रुपये का माल समेट लिया। आहट होने पर रुक्से आलम और उसकी पत्नी यासमीन जा गए। दोनों ने शोर मचाया तो बदमाशों ने ईंटों से हमला कर दिया।रु क्से आलम मामूली चोटिल हो गया। डायल 112 पुलिस पहुंची और जानकारी ली।

## मंदिर ट्रस्ट का धरना छठे दिन भी जारी

**बहजोई,अमृत विचारः** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर मेले की भूमि में नगर पालिका परिषद द्वारा कराई जा रहे निर्माण कार्य रोकने के बावजूद ट्रस्ट के पदाधिकारी ने अपना धरना छठे दिन भी जारी रखा।

नगर पालिका परिषद द्वारा श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने मेले की भूमि पर वंदन योजना के तहत सत्संग भवन सहित सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा था। जिसको लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारी ने विरोध किया। अब डीएम के आदेश के बाद मेले की भूमि पर तो निर्माण कार्य बंद है। लेकिन श्री भगवंतपुर देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने निर्माण कार्य होने को लेकर अपना धरना छठे दिन भी जारी रखा। इस दौरान अरुण गोस्वामी, मनोज बजाज, हिमांशु वार्ष्णेय, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, राजू शर्मा, सुमित कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

# उफनाने लगी गंगा, राजघाट में सीढ़ियां डूबीं

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से राजघाट में गंगा का पानी आरती स्थल की दो सीढ़ियां चढ़ चुका है। बिजनौर बैराज से छोड़े गए पानी से जलस्तर बढ़ गया है।

पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में लगातार बरसात के सबब गंगा उफान पर है। बिजनौर बैराज से छोड़े गए 159529 क्यूसेक पानी के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। गंगा खादर में खेतों की ओर रुख करने लगी है जिससे किसानों को फसलें खराब होने की चिंता सताने लगी है। चौधरी चरणसिंह बैराज सिंचाई विभाग के अभियंता अंकित सिंह ने बताया कि बिजनौर बैराज से पानी छोड़ने से सोमवार को नरौरा बैराज पर अप स्ट्रीम में पानी की निकासी 51338 क्यूसेक दर्ज की गई है। जबकि रविवार रात को निकासी 25000 क्यूसेक थी। डाउन स्ट्रीम में जल निकासी 42360 क्यूसेक है। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश होने की बजह से गंगा का जल स्तर और बढ़ने की आशंका है। बिजनौर बैराज से अतिरिक्त जल निकासी होने पर गंगा का जलस्तर बढ़ना स्वाभाविक है।


बबराला राजघाट में सीढ़ियों तक पहुंचा गंगा का पानी। ● अमृत विचार

- **बिजनौर बैराज से छोड़ा गया 159529 क्यूसेक पानी**

# शीशा फटकर मजदूर के गले में घुसा, मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड पर गाड़ी से शीशा उतारते समय शीशा फट गया और एक टुकड़ा मजदूर के गले में जा घुसा जिससे मजदूर की मौत हो गई। शीशा बरेली के प्रेम नगर से दो गाड़ियों में आया था। पुलिस ने जानकारी ली। घटना की सूचना मिलने पर मजदूर के परिवार में कोहराम मच गया।

स्टेशन रोड पर सोना प्लाईवुड की दुकान है। सोमवार की सुबह 7 बजे दुकान पर दो गाड़ियां बरेली के प्रेम नगर से शीशा लेकर आईं। बरेली से 3 मजदूर भी शीशा उतारने आए थे। मजदूरों ने प्लाईवुड दुकान पर गाड़ियों से शीशा उतारना शुरू किया। शीशा उतारने के दौरान फट गया और शीशे का टुकड़ा मजदूर कैलाश (40) पुत्र जीवन लाल निवासी सिविल लाइंस बरेली के गले में घुस गया। आनन-फानन में मजदूर को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य मजदूर राजेश व दिलीप ने घटना की सूचना साथी मजदूर कैलाश के परिजनों को दी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और दुकान मालिक से पूछताछ की।


सीएचसी में दुकानदार से जानकारी करते एसआई। ● अमृत विचार

- **सुबह 7 बजे रेलवे स्टेशन रोड पर दुकान पर शीशा उतार रहे थे मजदूर, बरेली से आया था शीशा**

## मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाओं की मांग

**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने एसडीएम विकास चंद्र को ज्ञापन सौंपकर मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाएं कराने की मांग उठाई।

कहा कि 3 जुलाई को अलम के बाद 4 जुलाई को मेहंदी और 5 जुलाई को शहादत की रात होगी। 6 जुलाई को मोहर्रम है। संबंधित स्थानों पर पुलिस व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। अलम, मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर सड़कों की मरम्मत और साफ सफाई कराने की मांग की। इस दौरान हाफिज वसीम, डॉ.मुस्तफा, रमीज राजा, वसीम खान, इरशाद, सत्तार, मोहम्मद नदीम, नवील अहमद, उवैस, फरहान, अनीस, वासिफ, तालिब आदि रहे।

# डीआरएम ने किया मालगोदाम का निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश


नए मालगोदाम का निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार सिंह।

**चन्दौसी,अमृत विचारः** डीआरएम राजकुमार सिंह ने नए मालगोदाम व निर्माणाधीन रनिंग रूम का निरीक्षण किया।

डीआरएम विशेष कोच से नए मालगोदाम यार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे। बारिश से के कारण कीचड़ देख उन्होंने कहा कि लोडिंग व अनलोडिंग से किसी व्यापारी को दिक्कत न हो। वह स्टेशन के बाहर निर्माणाधीन रनिंग रूम का निरीक्षण किया। ठेकेदार से निर्माण शीघ्र पूर्ण करने को कहा। इसके बाद प्लेटफार्म नं. 2 पर बनाए जा रहे फुटब्रिज को देखा। कार्यदायी संस्था से गुणवत्ता के साथ शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए। स्टेशन अधीक्षक राजू कुमार के अलावा स्टाफ मौजूद रहा।

शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।
वक्ता दशसहस्रेषु दाता भवति वा न वा।।

सौ लोगों में से एक शूरवीर होता है। हजार लोगों में एक विद्वान होता है। दस हजार लोगों में एक अच्छा वक्ता होता है। वहीं लाखों में बस एक ही दानी होता है।

## संपादकीय

# कालेज परिसर में दरिंदगी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा को उसके ही कॉलेज परिसर में घसीटा जाता है, गैंगरेप किया जाता है, वीडियो रिकॉर्ड होता है और उसे धमकी दी जाती है कि अगर किसी से कुछ कहा तो यह वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि कॉलेज का वह परिसर जो पढ़ाई और कानून की समझ के लिए बनाया गया था, वह एक साजिशी अपराध की जगह कैसे बन गया? सीसीटीवी कैमरे चालू थे, सुरक्षा गार्ड मौजूद थे, मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है, फिर भी पुलिस ढंग से तभी हरकत में आई जब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। मुख्य आरोपी अब गिरफ्तार किए जा चुके हैं। क्या मौके से मिले सबूत काफी नहीं थे पुलिस को फ़ौरन कार्रवाई के लिए? या फिर राज्य सरकार को पहले यह तय करना था कि आरोपियों का राजनीतिक संबंध कितना भारी पड़ेगा? क्या इसलिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी इस बार भी उतनी ही स्पष्ट है जितनी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के केस में थी? यह पहली बार नहीं है कि कोलकाता के किसी कॉलेज में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ हो। ठीक दस महीने पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इंटर्न डॉक्टर के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ, उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उस केस में भी तमाम सबूतों के बावजूद कार्रवाई धीमी रही और अब तक न्याय अधूरा है।

सवाल यह है कि क्या कोलकाता के कॉलेज लड़कियों के लिए कैंपस नहीं, क्राइम सीन बनते जा रहे हैं? क्या महिला सुरक्षा अब भी केवल घोषणाओं और चुनावी वादों तक सीमित रहेगी? राज्य सरकार कह रही है कि आरोपी का पार्टी से कोई रिश्ता नहीं, लेकिन ये स्पष्टीकरण तब क्यों आता है जब आरोप गहराने लगते हैं? बीजेपी मुख्यमंत्री से इस्तीफ़ा मांग रही है, महिला आयोग की टीम को कॉलेज कैंपस में देर से प्रवेश दिया गया क्या यह सब एक लड़की की अस्मिता से बड़ा है? क्या हम फिर वही कहानी दोहराते रहेंगे-पहले रेप, फिर चुप्पी, फिर राजनीति, फिर मीडिया ट्रायल, और फिर धीरे-धीरे भूल जाना? क्या छात्रा की आपबीती, जिसमें वह कहती है कि "मुझे लगा मैं जिंदा नहीं बचूंगी," केवल एक सुर्खी बनकर रह जाएगी? समाज, पुलिस, कॉलेज प्रशासन और राजनेता सभी को यह तय करना होगा कि वे पीड़िता के साथ खड़े हैं या आरोपियों की चुप्पी के हिस्सेदार हैं। क्योंकि सवाल अब यह नहीं है कि अगला शिकार कौन होगी, सवाल यह है कि अगली बार भी सब उतने ही चुप रहेंगे क्या?

# क्या मशीनें भर सकती हैं धरती का घाव





नृपेन्द्र अभिषेक नृप
नई दिल्ली

> जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है।

जब धरती की छाती पर मशीनों की सनसनाहट प्रकृति के हृदय की धड़कनों को दबा दे, जब वनों की हरियाली पर कृत्रिम सोल्यूशनों का धुंआ छा जाए, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो उठता है-क्या तकनीक वास्तव में उस करुण क्रंदन का प्रत्युत्तर है जो जलवायु न्याय की मांग करता है? आज मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है जहां एक ओर विज्ञान अपने चमत्कारों से भविष्य गढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर पृथ्वी, जो मां के समान हमें जीवन देती रही, उसके आंचल पर हमने प्रदूषण, शोषण और उपेक्षा के धब्बे छोड़ दिए हैं। 'क्लाइमेट जस्टिस बनाम क्लाइमेट टेक्नोलॉजी' की यह बहस कोई साधारण विमर्श नहीं, बल्कि सभ्यता के विवेक और वर्चस्व की उस लड़ाई का प्रतीक है जिसमें ग्लोबल नॉर्थ अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से बचकर तकनीकी उपायों की आड़ में नए उपनिवेश रच रहा है, जबकि ग्लोबल साउथ अब भी उन आंधियों को झेल रहा है जो उसने कभी बोई ही नहीं थीं।

जलवायु न्याय, या क्लाइमेट जस्टिस, एक नैतिक और राजनीतिक अवधारणा है जो जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट न मानकर उसे वैश्विक असमानताओं की एक कड़ी मानती है। यह दृष्टिकोण मानता है कि जलवायु संकट का बोझ समान रूप से वितरित नहीं हुआ है, न तो उत्पत्ति के स्तर पर और न ही प्रभाव के स्तर पर। ऐतिहासिक रूप से, ग्लोबल नॉर्थ यानी यूरोप, अमेरिका, जापान जैसे विकसित देश औद्योगिक क्रांति से लेकर अब तक वायुमंडल में सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसें छोड़ते आए हैं। इसके विपरीत, ग्लोबल साउथ जैसे भारत, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के अन्य विकासशील देश, ऐसे हैं जिन्होंने अपेक्षाकृत कम उत्सर्जन किया है, परन्तु जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों को सबसे अधिक झेला है। यही विसंगति जलवायु न्याय की मूल भावना है।

इस असंतुलन को ठीक करने के लिए 'क्लाइमेट जस्टिस' की परिकल्पना न्याय, उत्तरदायित्व और पुनर्वितरण पर आधारित है। इसका तात्पर्य यह है कि जिन राष्ट्रों ने इतिहास में अधिक प्रदूषण किया है, उन्हें आज जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न केवल अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने की, बल्कि उन विकासशील देशों की सहायता करने की भी जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे हैं। इसमें तकनीकी सहायता, वित्तीय सहायता और जलवायु अनुकूलन के उपाय शामिल हैं। लेकिन समस्या यहीं समाप्त नहीं होती।

जब ग्लोबल नॉर्थ तकनीकी समाधानों की बात करता है, जैसे कि कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी या सोलर जियोइंजीनियरिंग तो यह एक नई बहस को जन्म देता है। क्या यह वास्तव में समस्या का समाधान है या केवल एक और तकनीकी भ्रम है जो मूल कारणों से ध्यान भटका देता है? क्या यह जलवायु संकट की वास्तविक नैतिक और ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का एक नया उपनिवेशवादी तरीका नहीं है?

कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी, जिसमें उद्योगों या वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को खींच कर ज़मीन के भीतर दफना दिया जाता है, सुनने में आकर्षक लग सकती है। परन्तु यह तकनीक अभी तक व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो सकी है और इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी संशय बना हुआ है। अधिकांश सीसीएस प्रोजेक्ट्स या तो असफल रहे हैं, या फिर इतने महंगे हैं कि इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करना व्यावहारिक नहीं दिखता। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस तकनीक के पीछे छिपा हुआ भाव यह है कि हम अभी भी जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करते रह सकते हैं, क्योंकि हमारे पास "वैकल्पिक उपाय" हैं। यह न केवल एक भ्रम है, बल्कि नैतिक रूप से भी गलत है, क्योंकि यह जलवायु न्याय की भावना को नकारता है।

सोलर जियोइंजीनियरिंग का विचार तो और भी अधिक विवादास्पद है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर आने वाली सौर ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए कृत्रिम उपाय किए जाते हैं, जैसे कि स्ट्रैटोस्फीयर में सल्फर डाइऑक्साइड के कण छोड़ना ताकि सूरज की रोशनी को परावर्तित किया जा सके। यद्यपि वैज्ञानिकों ने इसकी कुछ प्रयोगशालाओं में सफलता का दावा किया है, परन्तु इसके दीर्घकालिक और वैश्विक प्रभावों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं है। अगर यह प्रयोग असफल हो जाए, तो इसका परिणाम वैश्विक मौसम प्रणाली पर भयानक प्रभाव डाल सकता है जिसमें बाढ़, सूखा, मानसून की विफलता आदि की संभावना है।

अब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि ऐसी तकनीकें किसके हित में हैं? क्या यह तकनीकें केवल उन राष्ट्रों को सशक्त नहीं करतीं जो पहले से ही अधिक संसाधन, तकनीकी प्रभुत्व और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव रखते हैं? उदाहरण के लिए, यदि अमेरिका या चीन सोलर जियोइंजीनियरिंग का प्रयोग करते हैं और उसके परिणामस्वरूप भारत या अफ्रीका में सूखा पड़ता है, तो कौन जिम्मेदार होगा? जलवायु परिवर्तन को एक वैश्विक 'कॉमन' मानने की आवश्यकता है, न कि एक प्रयोगशाला जहां कुछ शक्तिशाली देश अपने हितों के लिए मौसम और प्रकृति के साथ खिलवाड़ करें।

वास्तव में, जलवायु तकनीकों की यह प्रवृत्ति एक नई तरह की उपनिवेशवादी मानसिकता को जन्म देती है- 'ग्रीन कॉलोनियलिज़्म'। पहले उपनिवेशवादी देशों ने वैश्विक दक्षिण से संसाधन लूटे, आज वे अपने प्रदूषण की भरपाई के नाम पर उन्हीं देशों में "कार्बन ऑफसेट प्रोजेक्ट्स" चला रहे हैं। विशाल भूभागों को "कार्बन सिंक" बनाने के लिए किसानों और आदिवासियों की भूमि छीनी जा रही है, उन्हें जंगलों की रक्षा करने का ठेका दिया जा रहा है जबकि उन जंगलों के 'मालिक' अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन चुकी हैं। यह न तो न्याय है, न विज्ञान, यह एक पॉलिश किया हुआ शोषण है, जिसे अब पर्यावरणीय नैतिकता का लबादा पहनाया जा रहा है।

इस सबके बीच, जलवायु न्याय की पुकार और भी मुखर होती जा रही है। ग्लोबल साउथ के देश बार-बार यह मांग करते आए हैं कि 'लॉस एंड डैमेज' फंड- जिसकी स्थापना कॉप27 में की गई थी, वास्तविक रूप में अमल में आए। यह फंड उन देशों को मुआवज़ा देने के लिए है जो जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसानों से जूझ रहे हैं, जबकि उन्होंने इस संकट में बहुत कम योगदान दिया है। लेकिन अब तक इसमें बहुत कम प्रगति हुई है। तकनीक की आड़ में नैतिक जिम्मेदारी को बार-बार टाल दिया गया है।

इस संबंध में यह जानना भी आवश्यक है कि तकनीक को पूरी तरह खारिज करना भी उचित नहीं होगा। हां, तकनीकें सहायक हो सकती हैं, अगर उनका प्रयोग जलवायु न्याय के दृष्टिकोण से किया जाए। स्थानीय स्तर पर अनुकूलन तकनीकें, जैसे जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों का आधुनिकीकरण, सौर ऊर्जा का स्थानीयकरण, जैविक कृषि में तकनीकी सहायता आदि, वास्तव में न्यायपूर्ण समाधान बन सकते हैं। लेकिन इनका विकास नीचे से ऊपर की प्रक्रिया में होना चाहिए, न कि ऊपर से थोपे गए मॉडल के रूप में।

हम कह सकते हैं कि तकनीक एक औज़ार हो सकती है, पर वह लक्ष्य नहीं हो सकती। जब तक हम जलवायु संकट को केवल तकनीकी चुनौती मानते रहेंगे, हम उसके वास्तविक समाधान से दूर भागते रहेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति की भरपाई करना केवल विज्ञान की सीमा से परे है-यह एक नैतिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की मांग करता है और जब तक यह पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक जलवायु न्याय केवल एक नारा रहेगा, और तकनीकें केवल अस्थायी मरहम। हमें मरहम नहीं, उपचार चाहिए- न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ। यही मानवता और प्रकृति दोनों के भविष्य की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

## प्रसंगवश

# कलाकार और साहित्यकार



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कला अनैतिकता की दीमक लगने से एक जर्जर सुंदरता भर होती है, कोई बड़ा असर नहीं छोड़ती। यहां अनैतिकता का कोई पवित्रतावादी तात्पर्य नहीं है, क्योंकि आज नैतिकता के प्रधान स्रोत होने चाहिए-बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता। अतः आज अनैतिक का अर्थ है जो बंधुत्व, स्वतंत्रता और समानता का अपने आचरण में विरोधी है। हाल में एक कलाकार-कवि के अभद्र आचरण को किसी विच्छिन्न घटना के रूप में न देखकर हिंदी समाज में नैतिकता के सार्वभौम पतन के संदर्भ में देखा जा सकता है। हर तरफ हिंसा और पितृसत्ता सहित तमाम सत्ताएं बेलगाम हैं। इस कलाकार-कवि को कुछ ज्यादा घेरा गया, यह कहना भी जरूरी है कि यह कोई हंसने या मजा लेने की घटना नहीं है, यह पतन बड़ा कष्टदायक है। यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना का संबंध केवल जेंडर मुद्दे से नहीं है, इस कलाकार-कवि के पुराने बेहूदी प्रकृति के आक्रमणों के लंबे सिलसिले से है जिसकी कड़ी नामवर सिंह, अशोक वाजपेयी आदि से शुरू होती है और उसमें शायद ही आगे सुधार हो। लेखकों पर वैचारिक आक्रमणों का हमेशा स्वागत है, पर क्या हिंदी में ऐसा आक्रमण रत्ती भर बचा है। यह व्यक्तिगत आक्रमण और चुनी हुई चुप्पियों का युग है। यही वजह है कि कई बार हिंदी लेखकों को आत्मप्रचार में उतरना पड़ता है जो एक दयनीय दशा है। दरअसल हिंदी साहित्यिक संसार में सराहना की जितनी गहरी भूख है, उतनी यह दुर्लभ है। इससे बहुत सी अनैतिकताओं और कुंठाओं का जन्म होता है, जिसका असर लेखक की सोच और उसकी साहित्यिक गुणवत्ता पर पड़ता है। बहुत दृढ़ व्यक्ति ही कला और नैतिकता दोनों को जीवन भर साध सकता है। यह प्रेमचंद-प्रसाद-निराला-महादेवी-अज्ञेय-मुक्तिबोध का युग नहीं है! आज हिंदी लेखक अपनी-अपनी छोटी-बड़ी गुमटियों में हैं। कुछ तरह तरह के कारण से अपने को बड़ा लेखक समझते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन इसपर विचार करना चाहिए कि आखिर विश्व मंच पर हिंदी लेखकों की वैसी उल्लेखनीय उपस्थिति क्यों नहीं है जैसी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या एशिया की कई छोटी भाषाओं के लेखकों की भी बड़े पैमाने पर है। महज कलाकार होने और साहित्यकार होने, मनुष्य होने में फर्क है!

# हादसों से सबक लेने की जरूरत



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा।

मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। साथ ही पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

## सोशल फोरम

# संगठनों की चुप्पी पर सवाल



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

जब 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) लागू हुआ, तब उसके क्रियान्वयन की आधारभूमि तैयार करने में अनेक गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओएस) की भूमिका उल्लेखनीय थी। बाल अधिकार, समावेशी शिक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन, समुदाय आधारित निगरानी-इन सब पहलुओं को लेकर इन संगठनों ने सरकार पर दबाव बनाया, शोध प्रस्तुत किए और नीतिगत बदलावों की मांग की। लेकिन आज जब उसी आरटीई की मूल भावना के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में पेयरिंग, मर्जर और स्कूल विलय के नाम पर स्कूलों को 'पुनर्गठित' करने की प्रक्रिया ज़ोर पकड़ रही है तो इन संगठनों की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है। शिक्षाशास्त्रीय दृष्टि से गांव का स्कूल केवल एक भवन या प्रशासनिक इकाई नहीं होता, वह ग्रामीण समाज की साक्षरता, चेतना और सामाजिक गतिशीलता का केंद्र होता है। ऐसे में स्कूल को भौगोलिक या संख्यात्मक औचित्य के आधार पर बंद या विलीन करना, आरटीई के उस उद्देश्य के विरुद्ध जाता है जो कहता है कि हर बच्चे को निकटतम और सुविधाजनक विद्यालय मिलना चाहिए। यह अपेक्षा की जाती थी कि वही संस्थाएं जो कभी आरटीई के पक्ष में सड़क से संसद तक सक्रिय थीं, वे आज इन निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा करेंगी, बाल हित में सरकार से बात करेंगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी देंगी। लेकिन आज वे लगभग मौन हैं। क्या यह मौन केवल परिस्थितिजन्य है या यह दर्शाता है कि बहुत-सी स्वयंसेवी संस्थाएं अब शिक्षा को बाल अधिकार से अधिक प्रोजेक्ट और पार्टनरशिप के चश्मे से देखने लगी हैं? क्या अब शिक्षा सुधार का मतलब केवल 'डेटा बेस्ड एविडेंस' और 'पॉलिसी ब्रीफ' बन गया है, जिनका उद्देश्य नीति नियंताओं को सहूलियत देना भर है? एक शिक्षाशास्त्रीय समाज में यदि आलोचना, संवाद और प्रतिप्रश्न गायब हो जाएं, तो नीति निर्माण एकांगी हो जाता है। यदि शिक्षा/शिक्षकों के तथाकथित हितैषी संगठन आज चुप रहेंगे, तो कल जब कुछ गांवों से स्कूल गायब हो जाएंगे, तो फिर उनका डेटा, शोध और अनुभव केवल एक निष्क्रिय प्रलेख बनकर रह जाएगा। अब समय है कि ये संस्थाएं पुनः अपने बुनियादी दायित्व की ओर लौटें-बच्चों के लिए बोलें, न कि केवल परियोजनाओं के अनुरूप मौन रहें। **-फेसबुक वॉल से**

**चिकित्सक दिवस पर विशेष**

# डॉक्टरों को व्यवस्था की मार से बचाइए



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है।

आम तौर पर हमारे समाज में डॉक्टरों के क्रियाकलापों को लेकर एक अजीब सी नकारात्मता मौजूद रहती है। कई बार सच्चाई को स्वीकार न करके उन्हें खलनायक सिद्ध करने की कोशिश भी की जाती है। डॉक्टरों के खिलाफ आम धारणा यह है कि वे ऑपरेशन करने के लिए लालायित रहते हैं। पैथोलॉजी लैबों, मेडिकल स्टोरों और एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई करने वाले डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों से कमीशन वसूलते है। इसलिए आवश्यकता न होते हुए भी रोगियों को जानबूझकर इन डायग्नॉस्टिक्स सेंटरों पर जाने के लिए मजबूर करते हैं। डॉक्टरों के खिलाफ इन धारणाओं में कुछ हद तक या फिर काफी हद तक सच्चाई हो सकती है लेकिन इन धारणाओं के आधार पर समूचे चिकित्सक जगत को बदनाम करना तर्कसंगत नहीं है। व्यावसायिकता के इस दौर में भी आज अनेक डॉक्टर समर्पण के साथ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।


हम सबका यह कर्तव्य है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले ऐसे डॉक्टरो के जज्बे को नमन करते हुए चिकित्सा जगत में पनपनी विभिन्न विसंगतियों का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम डॉक्टरों के गलत क्रियाकलापों पर तो हल्ला मचा देते हैं लेकिन उनके अच्छे क्रियाकलापों पर उतनी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। फलस्वरूप समाज में डॉक्टरों के खिलाफ एक नकारात्कता छायी रहती है। कोरोना काल में हमारे डॉक्टरों ने जिस समर्पण, बहादुरी और जज्बे के साथ समाज की सेवा की है, वह सराहनीय है। ऐसे समय में जबकि एक आम आदमी को एक-दो घंटा मास्क लगाने में भी दिक्कत महसूस होती है, हमारे डॉक्टरों ने दिन-रात पीपीई किट पहनकर और मास्क लगाकर पसीने में नहाते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। हो सकता है कि इस आपदा को कुछ डॉक्टरों ने अवसर में तब्दील कर दिया हो लेकिन इस आधार पर पूरी डॉक्टर बिरादरी को बदनाम करना क्या तर्कसंगत है? कई बार डॉक्टरों के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं। इस वजह से डॉक्टर स्वयं के ऊपर जिम्मेदारी न लेकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है। यही कारण है कि वह पहले ही सब तरह के परीक्षण करा लेना चाहता है।

कई बार सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टर संसाधनों के अभाव में भी बेहतर कार्य नहीं कर पाते हैं। अनेक जगहों पर सरकारी अस्पतालों में वर्षों तक मशीने खराब पड़ी रहती हैं। डॉक्टरों द्वारा विभाग को कई पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नही होता है। ऐसे माहौल में योग्य डॉक्टरों का उत्साह कम हो जाता है और उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम डॉक्टरों के समर्पण को व्यवस्था की मार से बचाएं।

आज सरकारी सेवा में कार्यरत डॉक्टरों को बेहतर माहौल देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग के सदस्य वी. के. पाल ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। यह कटु सत्य है कि हमारे देश में आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाएं दयनीय स्थिति में हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। हालांकि सरकार ने अगले पांच साल में इसे तीन फीसद तक करने का लक्ष्य रखा है। जबकि हमारे देश के हिसाब से यह भी कम है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करती दिखाई तो दे रही है लेकिन उसका प्रयास व्यावहारिक रूप से क्रियान्वित होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। दरअसल संसाधन सीमित होने तथा व्यवस्था में सुधार न होने के कारण डॉक्टर बेवजह बदनाम होते है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। हालांकि यह सुखद है कि इस माहौल में भी अनेक डॉक्टर अपने पेशे की गरिमा को बचाए हुए है। अनेक पर्यावरणीय कारणों से भविष्य में संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ेगा। सरकार इस दिशा में लगातार कदम उठा रही है लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# चिंताजनक है जातीय विद्वेष



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में जातीय उन्माद फन फैला रहा है। इसके पहले कि कालिया नाग रुपी यह जातीय विद्वेष पूरे समाज को विषाक्त कर दे प्रशासन को कालिया दमन के पुराणोक्त चरित्र में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अनुगमन करना होगा। यह क्या देखा जा रहा है कि कहीं स्वघोषित अहीर रेजिमेंट उत्पात मचाये हुए है तो कहीं भीम आर्मी पुलिस से पंगे ले रही है। इटावा में तो हद ही हो गई है जहां कथित यादव रेजीमेंट पुलिस पर पथराव ही नहीं किया गाड़ियां तक तोड़ दीं। दादरपुर गांव में जाति पूंछकर इंट्री देने की खबर है। इलाहाबाद में तो पांच हजार की संख्या में भीमराव आंबेडकर के अनुयायी होने का उद्घोष करने वाली भीड़ ने ऐसा उत्पात मचाया कि आस-पास के जिलों से पुलिस बुलानी पड़ी। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रशासनिक मशीनरी ऐसी स्थितियों का पूर्वाभास नहीं कर पाई। और सामान्य और शांत जनजीवन में खलल डालने वाली घटनाएं उस सरकार में घट रही हैं जिसकी प्रशासनिक कुशलता की नज़ीरें दूसरे प्रांतों में दी जाती हैं। किंतु कहीं न कहीं कुछ ढ़िलाई या नरमी तो जरुर है भले ही वह अनचाहे हो या फिर किसी छुपे मंतव्य के चलते जानबूझकर। ताकि जनता भी सरे आम सड़क पर उतरती गुंडई का साक्षात कर सके। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि ये उपद्रवी अपने नेताओं की शह पर अपनी पर उतर रहे हैं, बिना आगा पीछा सोचे। और यह सब 2027 के चुनाव के लिए जमीन और आबोहवा तैयार हो रही है। वर्तमान सरकार को उभरते जातीय उन्मादियों को सार्वजनिक अथवा निजीतौर पर समझा देना चाहिए कि उनकी सीमाएं क्या हैं। उनके साथ किसी भी तरह की नरमी न बरती जाए। अन्यथा प्रदेश में जातीय उन्माद कहीं व्यापक रुप से फैलकर विस्फोटक स्थिति में न पहुंच जाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# गर्मी से मिली राहत, जलभराव बना मुसीबत

## दूसरे दिन भी झमाझम होती रही बारिश, सड़कों और निचले इलाकों में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** सोमवार को दूसरे दिन भी बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। लगातार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि जलभराव ने मुसीबत बढ़ा दी।

रविवार को पूरा दिन बारिश के बाद रात भी मौसम ने अचानक मिजाज बदल दिया। आसमान में घने बादल छाने के बाद देर रात से ही बारिश शुरू हो गई। जो सोमवार की दोपहर तक होती रही। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी हो रही थी। चिलचिलाती धूप से लोग परेशान है। तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश में शहर का मुख्य बाजार, कोतवाली, आजाद रोड, बिजनौर रोड, कोतवाली गेट सहित आदि इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। कई दुकानों में पानी घुस गया।

वहीं बारिश से तापमान में गिरावट आई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश में बच्चों ने भीगते हुए आनंद लिया। किसानों का कहना है कि बारिश धान समेत उड़द, तिल, मूंग व गन्ने समेत अन्य फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई। धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। शहर के कई क्षेत्रों में धान की रोपाई भी किसानों ने प्रारंभ कर दी। धान की रोपाई के लिए किसान बारिश की उम्मीद लगाए बैठे थे। दूसरे दिन भी सुबह से हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। तड़के से तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। तीन घंटे रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं सड़क पर जलभराव होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

- **मुख्य बाजार, कोतवाली, आजाद रोड, बिजनौर रोड में जलभराव के हालात रहे**



अतरासी में सड़क पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार



बारिश से बचने को छाता लेकर निकले लोग।



बारिश के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

## मूसलाधार बारिश से जलभराव से बढ़ी परेशानी



पशु चिकित्सालय में भरा बारिश का पानी।

**गजरौला, अमृत विचार :** रविवार रातभर रुक-रुककर बारिश होती रही। सोमवार सुबह भी मूसलाधार बारिश हुई। खेतों में लबालब पानी भर गया। फसलों की सिंचाई को लेकर किसानों की चिंता दूर हुई। इसके उलट सड़कों पर जलभराव के चलते लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में बस्ती मार्ग, पशु चिकित्सालय, सीएचसी परिसर, ललिता देवी मंदिर मार्ग, जवाहर नगर, खाद गुर्जर चौराहा समेत अन्य कई स्थानों पर पानी भर गया। नेशनल हाईवे पर सड़क के अलावा सर्विस मार्ग पर भी चार फिट तक पानी भर नजर आया, ऐसे में वाहन चालकों को आवागम में परेशानी हुई। बारिश बंद होने के करीब दो घंटे बाद तक भी सड़कों पर पानी भरा रहा।

## सार-संक्षेप

### दीपपुर के पंचायत भवन में लगे गंदगी के अंबार



**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव दीपपुर में स्थित ग्राम पंचायत भवन में गंदगी के अंबार लगे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक इस पंचायत भवन का निर्माण 2023-24 में कराया गया था। लेकिन तब से लेकर अब तक इसके ताले नहीं खुले हैं। वही अभी तक पंचायत भवन की चार दिवारी भी नहीं कराई गई है जिससे गोवंश पशु पंचायत भवन में घुस आते हैं और उसे अपना बसेरा बना लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे लाखों की लागत से बना पंचायत भवन सफेद हाथी बना है। ग्रामीणों ने पंचायत भवन का वीडियो बनाकर वायरल किया है। गुरमीत सिंह, नरेश सिंह, राजपाल सिंह, सत्यवान सिंह, सरवन सिंह, कोशिंदर, सुमित कुमार आदि ने अधिकारियों से पंचायत भवन की साफ सफाई कराने की मांग की है।

### या हुसैन, या हुसैन की सदाओं से गुंजा नौगांवा सादात

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** कस्बा नौगांवा सादात में चार मोहर्रम का जुलूस दोपहर 2 बजे इमामबाड़ा जैदियान से बरामद हुआ। अंजुमन ए यादगार ए हुसैनी ने इमाम बारगाह ज़ैदियान से पुरानी रिवायत के मुताबिक़ बाद नमाज़ ए ज़ोहर बरामद किया। जुलूस में ढोल ताशों के साथ सब से आगे मर्सियेख़ान मोहर्रम अली और उन के हमनवां कर्बला के शहीदों का मर्सिया पढ़ते हुए चल रहे थे। इनके पीछे पीछे चौदह अलम मुबारक, दो ज़ुलजना, एक जरी लेकर नन्हें नन्हें बच्चे इमाम हुसैन को ये पैग़ाम दे रहे थे। इन के पीछे जुलूस की शक्ल मे शोएब रज़ा व तक़ी अब्बास तारीक़ी नौहा या अबा अब दिल्ला हिल हुसैन, बीबी ज़हरा के मैलक़ा, इम्तेहा कैसा दे दिया, ऐ शहंशाह ए कर्बला, पढ़ रहे थे। जिस में हज़ारों की तादात में अज़ादार नगें पांव सीने पर मातम करते हुए चल रहे थे। यह जुलूस हफ़्ता बाज़ार, कर्बला रोड दौलत शहीद होता हुआ मज़हर ए कर्बला पहुचां जहाँ अयाज़ अब्बास ने नौहेख़ानी कर के इमाम हुसैन को ख़िराज ए अक़ीदत पेश की। मज़हर ए कर्बला पर नौहेख़ानी के बाद जुलूस कटकुई, फ़कत पुरा, फ़ातिमा इंटर कॉलेज हुसैनी चौक, कोतवाली नौगांवा सादात, पीएचसी नौगांवा होता हुआ शिया जामा मस्जिद के वसी मैदान पर पहुंचा। जहाँ एक बार फिर से तक़ी अब्बास व शोएब रज़ा ने लबाबा करती थी। जुलूस में मुख्य रूप से वक्कार हैदर, सैय्यद इमरान आब्दी, अली इमाम, अली मंज़र, बटलर, मंज़ूर हैदर आबिस इमाम, मौलाना हसन इमाम, आदि मौजूद रहे।

### बारिश से खेतों में भरा पानी, फसलें लहलहाईं



**हसनपुर, अमृत विचार :** रात से हो रही मूसलाधार बारिश से खेत खलियानों में पानी भर गया। बारिश होने के कारण चारों ओर हरियाली ही हरियाली नजर आने लगी। रविवार रात से मूसलाधार बारिश होनी शुरू हो गई। खेत खलियानों में पानी भर गया। नगर पालिका व बिजली घर में भी पानी भर गया। बारिश होने के कारण सड़कों पर चारों ओर पानी ही अपनी नजर आ रहा था। मौहल्ला कायस्थान, आखून चौक, लाल मस्जिद, रहरा रोड, संभल रोड, खंकर वाला कुआं पर पानी की धार तेजी के साथ चल रही थी। तेज बरसात होने के कारण ग्रामीण इलाकों में भी जगह-जगह जल भराव हो गया है। जबके कई फसलों के लिए बारिश होना बहुत ही फायदेमंद बताया जा रहा है।

### खाटू श्याम के भंडारे में भक्तों ने पाया प्रसाद



**हसनपुर, अमृत विचार :** खाटू श्याम जी के मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे की समाप्ति के बाद भक्तों द्वारा बाबा का श्रृंगार भी किया गया। बाबा खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री श्याम बाबा मित्र मंडल के तत्वाधान में श्याम बाबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार को नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्याम भक्तों द्वारा पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा दोपहर 11 बजे प्रारंभ हुआ और देर शाम तक चला रहा। दोपहर बाद श्याम भक्तों द्वारा खाटू श्याम जी का भव्य श्रृंगार किया गया। अशोक रस्तोगी, संदीप अग्रवाल, शैंकी अग्रवाल, मोहित चौहान, आशु चौहान, पराग अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा, मुकेश गोयल, अंकित गुप्ता, राहुल अग्रवाल शोभित शर्मा मोनू राणा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# मातमी जुलूस से ताजा हुआ करबला की शहादत का गम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शौहदा-ए-करबला की याद में चार मुहर्रम का मातमी जुलूस अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी कमेटी के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला मछरट्टा स्थित अजाखाना हुरमत शाह से निकला। फिजा में देर शाम तक या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं जिससे करबला की शहादत का गम ताजा हो गया।

मातमी जुलूस में सबसे आगे ऊंट चल रहे थे। जिन पर सवार बच्चों ने काले कपड़े पहने थे जो, लब्बैक या हुसैन की सदा बुलंद कर रहे थे। इसके पीछे आराईश चल रही थी। रौशन चौकी में मातमी धुन बजाई जा रही थी। इसके पीछे हुसैनी बाजा, अलम, तख्त व दुलदुल थे। जो, करबला की जंग के तमाम मंजरों की याद दिला रहे थे। आशिकाने हुसैन नंगे पैर, नंगे सिर शहीदे कर्बला हुसैन का नारा लगाते चल रहे थे। जुलूस की शुरुआत में तबारक अली व उनके हमनवा ने मर्सिया पढ़ा। जुलूस में दुलदुल घोड़ा जिस पर पड़ी चादर को अजादार चूमते हैं, अकीदत में उसे अपने घर ले जाते हैं। इस पर चांदी के जेवर होते हैं।

पुरानी रिवायत के मुताबिक जुलूस मंडी चौब, दरबारे कलां, कटकुई, लकड़ा, हक्कानी, पचदरा, काजीजादा, मजापोता, कोट, दानिशमंदान, बगला, शफात पोता होते हुआ कटरा, गुजरी से होकर दोबारा मच्छरट्टा पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाक़त अली, ज़िया एजाज़, बाक़र रज़ा नक़वी, नदीम नक़वी, शेज़ाद रज़ा, क़ासिम ज़ैदी आदि मौजूद थे। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान काईद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, इमदाद आब्दी, डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, मोहम्मद हैदर, मौ तकी, गालिब हुसैनी, दायम रजा, कमर रजा, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, मौ तकी आदि ने किया। उधर, शहर के अजाखानों में मजलिसों का भी सिलसिला चला।

- **अजाखाना हुरमत शाह से निकले जुलूस में गूंजीं या हुसैन की सदाएं**

### आज अजाखाना रफाती से निकलेगा जुलूस

जाकराने हुसैनी के क़ाईद गुलाम सज्जाद व जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर ज़ैदी ने बताया पांच मुहर्रम का जुलूस मोहल्ला सद्दो स्थित अजाखाना रफाती से बरामद होगा। जिसकी तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। यह जुलूस अपने रिवायती रास्तों से गश्त करता हुआ वापस आएगा। यह अजाखाना इश्के हुसैन में रफाती नामक सक्के ने बनवाया था। तभी से इस अजाखाने से अजादारी का सिलसिला हस्बे दस्तूर चलता आ रहा है।

## टंकियों से नहीं आता पानी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव पीठखेड़ा में जल जीवन मिशन की ओर से शुरू हुई हर घर जल योजना के तहत ग्रामीणों को पानी मुहैया कराने को लाखों की लागत से ओवरहेड टैंक व टंकियां लगाई गईं थी जिसका कोई फायदा ग्रामीणों को नही मिल रहा है।

करीब दो साल से पानी की टंकी चालू नही है। उधर, पाइप लाइन बिछाने के लिए गांवों की सड़कों को भी तोड़ दिया गया। गड्ढों में पानी भरने के कारण गुजरना मुश्किल हो गया है। कई बार ग्रामीण इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। इस अव्यवस्था से परेशान होकर ग्रामीणों ने सोमवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और जल्द पानी आपूर्ति शुरु कराने व मार्गो को ठीक कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शन में नरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, छिद्धा, कौशिक, नरेश, सुंदर, सौसिंह, संतराम आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# तिगरी गंगा में दस सेमी बढ़ा जलस्तर

संवाददाता, गजरौला



गंगा में बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से एक लाख 60 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद तिगरी गंगा का जलस्तर दस सेमी बढ़कर 199.90 सेमी पर पहुंच गया है। खादर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ खंड विभाग ने अलर्ट जारी किया है। गंगा किनारों से दूर रहने की अपील ग्रामीणों से की जा रही है। फिलहाल खेतों में बाढ़ के हालात बने हैं।

पहाड़ों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश अब क्षेत्र में खादर के ग्रामीण इलाकों में आफत बनी है। ओवरफ्लो होने पर बाढ़ खंड विभाग ने बिजनौर बैराज से एक लाख 60 हजार क्यूसेक पानी तिगरी गंगा की ओर छोड़ दिया। नतीजा तिगरी गंगा का जलस्तर बढ़कर 199.90 सेमी पर पहुंच गया। इसके पहले रविवार को बाढ़ खंड विभाग ने जलस्तर 199.80 सेमी दर्ज किया था। खादर क्षेत्र के शीशोवाली, जाटो वाली, दारानगर, अलीनगर समेत 10 से ज्यादा गांवों के आसपास खेतों में पानी भरना शुरू हो गया है।

ओसीताजगदेपुर, कांकाठेर आदि गांवों के आसपास खेतों में तीन फिट से अधिक पानी भर गया है। किसानों को फसलों के नष्ट होने का डर सताने लगा है। वहीं बाढ़ खंड विभाग ने भी अलर्ट जारी कर दिया है। खादर क्षेत्र के गांवों में गंगा किनारे नहीं जाने की अपील ग्रामीणों से की जा रही है। बाढ़ खंड चौकियों को भी अलर्ट कर बढ़ते जलस्तर को लेकर समय-समय पर अपडेट करने का निर्देश दिया है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार ने बताया कि बिजनौर बैराज में पानी ओवरफ्लो है, ऐसे में अभी जलस्तर और भी बढ़ने की संभावना है।

- **बिजनौर बैराज से एक लाख 60 हजार क्यूसेक छोड़ा पानी**

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवती घायल हुआ विवाद

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के झकड़ी अड्डे के पास शिवाला रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई तक की नौबत आ गई।

सोमवार के दोपहर बाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर कला निवासी सोनी अपने भाई के साथ नगर के एक निजी अस्पताल में दवाई लेने आ रही थी। शिवाला रोड पर एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे युवती को गुम चोटें आईं। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो कि हाथापाई में बदल गई। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। घायल युवती को तुरंत उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की बात कह रही है।

# 550 विद्यार्थियों ने लिया साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण



कार्यशाला में सम्मानित छात्र छात्राओं के साथ एसपी अमित आनंद, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में पिछले दो सप्ताह से चली आ रही साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय कार्यशाला का सोमवार समापन हो गया। इस पन्द्रह दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के 26 राज्यों के 550 से अधिक प्रतिभागियों को साइबर अपराधों से निपटने के गुर सिखायें। एसपी अमित कुमार आनन्द व प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने प्रतिभागियों एवं साइबर एक्सपर्ट को सम्मानित किया।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि देश एवं पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के मकड़जाल को तोड़ने के लिए पुलिस बल के साथ-साथ देश के प्रबुद्ध नागरिक, होनहार-जागरूक स्टूडेंट्स, स्वयंसेवी संस्थाओं को भी एक साथ मिलकर काम करना होगा। , कुलसचिव प्रो. (डा.) पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडेमिक डा. राजेश सिंह, पी.आर.ओ. डा. श्री राम गुप्ता, डा. सुमन कश्यप, साइबर एक्सपर्ट भानु शर्मा, डा. विकास पाण्डेय, डा. स्नेहलता गोस्वामी, दीक्षा, डा. अमित कुमार, नागेन्द्र सिंह व अन्य मौजूद रहे।

- **अमरोहा पुलिस एवं श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के तत्वाधान में कार्यशाला का समापन**

## इंटर कॉलेज बेचने के नाम पर 35 लाख की ठगी

**गजरौला, अमृत विचार :** बिजनौर के थाना शिवाला कला के गांव पन्हेडी निवासी चंचल चौहान के घर तीन अक्टूबर 2021 को एक व्यक्ति आया और गांव नगलिया मेव में इंटर कॉलेज का खुद को प्रबंधक बताते हुए कॉलेज को बेचने की बात की। चंचल को स्कूल दिखाया। एक करोड़ रुपये में सौदा हो गया। 8 अक्टूबर 2021 को कथित प्रबंधक दो लोगों को साथ लेकर आया और पैसे मांगे। चंचल ने 35 लाख रुपये देकर बैनामा कराने को कहा तो वह उसे टहलाता रहा। कथित स्कूल प्रबंधक बैनामा करा रहा है न ही पैसे वापस कर रहा। पीड़ित ने घटना की शिकायत एसपी करके कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में सतीश कुमार, मुनेश और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# स्कूलों के एकीकरण का किया जोरदार विरोध

संवाददाता, हसनपुर



उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रदर्शन करते अध्यापक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कीबैठक ब्लाक संसाधन केंद्र चन्दनपुर खादर पर आयोजित की गई। बैठक में स्कूलों के एकीकरण का विरोध कर प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि बे50 से काम छात्र संख्या वाले स्कूलों को पास के विद्यालयों में मर्ज कर एकीकरण किया जा रहा है जो सरासर ग़लत है। विद्यालय मर्ज होने से गरीब मजदूर लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि ये आदेश सरकार द्वारा वापस लिया जाए। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों की प्राथमिक शिक्षा सुलभ, निकटतम और बाल अनुकूलित होनी चाहिए। प्राथमिक शिक्षा के लिए एक किलोमीटर और उच्च प्राथमिक शिक्षा के लिए तीन किलोमीटर दूरी होना चाहिए। ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष गौतम सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, देवराज सिंह, प्रमोद कुमार, सुरेश सिंह, प्रदीप कुमार, कुलदीप त्यागी, जाबिर अली, उमेश कुमार, राजाराम, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक स्थित बीआरसी करनपुर माफी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम प्रधान और छात्रों के अभिभावक शामिल हुए। ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने स्कूलों की पेयरिंग या मर्जर की नीति का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस नीति से प्रधानाध्यापक के पद समाप्त होंगे। इससे पदोन्नति का मार्ग बंद होगा और शिक्षक रिक्तियां भी कम होंगी। उन्होंने चिंता जताई कि स्कूलों के विलय से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। स्कूल की दूरी बढ़ने से बच्चों में डर का माहौल बनेगा। इससे नामांकन में कमी आएगी। बच्चे स्कूल आने से कतराएंगे। बैठक में मौजूद अभिभावकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर इस नीति का विरोध किया। सभी ने संगठन के साथ मिलकर संघर्ष करने का निर्णय लिया।बैठक में अमित गुप्ता, सौरभ जिंदल, गजेंद्र ढाका, लखमी सिंह, कपिल राणा, अशोक कुमार, ऋतुराज सिंह समेत कई शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

- **कहा-स्कूलों के एकीकरण से मिलेगा निजी विद्यालयों को बढ़ावा**

## बाइक की टक्कर से घायल आम कारोबारी की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हिरन वाला निवासी 50 वर्षीय राजा मंसूरी पुत्र छुट्टन मंसूरी मनौटा के नजदीक ठेके पर लिए आम के बाग से मोपेड द्वारा 25 जून की सुबह घर लौट रहे थे। गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के नजदीक सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। राजा मंसूरी गंभीर रूप से घायल हो गए। मेरठ में उपचार के दौरान कोई फायदा नहीं हुआ तो परिजन दिल्ली ले गए, जहां रविवार रात मौत हो गई। परिवार में एक बेटा व एक बेटी है।



मृतक राजा मंसूरी।

# कांवड़ यात्रा मार्ग का एसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी**
- **रूट डायवर्जन सख्ती से लागू होगा**



कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद।

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस ने होमवर्क शुरू कर दिया है। सोमवार को एसपी अमित कुमार आंनद ने कांवड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया। पूर्व में हुई घटनाओं के बारे में जानकारी की।

कांवड़िया बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे के अलावा नेशनल हाईवे से हापुड़, बुलंदशहर, अनूप शहर, संभल समेत कई स्थानों के कांवड़िए होकर गुजरते हैं। जो मंडी धनौरा मार्ग से होते हुए कुमराला चौकी के निकट से बसेली फाटक होते हुए नेशनल हाईवे पर पहुंचते हैं। सोमवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने कांवड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की गई व्यवस्थाओं पर होमवर्क किया जा रहा है। पुलिस फोर्स भी मांगा गया है। हाईवे पर खुले अवैध कटों को भी बंद कराया जाएगा। 11 जुलाई से स्टेट हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। नेशनल हाईवे पर भी ट्रैफिक वन-वे होगा।

एसपी न थाना रजबपुर क्षेत्र में कांवड रूट का निरीक्षण कर कांवड़ियों के सुगम आवागमन एवं यातायात की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधों का जायजा. लिया गया। यात्रा मार्गों पर व्यवस्था में जो कमियाँ पाई गईं उसे तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। यायायात डायवर्जन के बाद ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए निगरानी करे।

# जेसीबी से फटी गैस पाइप लाइन, मची अफरा-तफरी

## बहजोई रोड पर पेड़ की जड़ खोदते समय हुआ हादसा, लोगों ने बंद की दुकानें, पुलिस ने यातायात बंद कराया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बहजोई रोड पर पेड़ की जड़ निकालते समय जेसीबी का पंजे से टोरेंट गैस पाइप लाइन फट गई। गैस रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। पुलिस ने पहुंच बहजोई रोड का यातायात बंद करा दिया। एहतियात के तौर पर दमकल कर्मी गाड़ी लेकर पहुंच गए। सूचना देकर गैस की सप्लाई बंद कराई गई। टोरेंट गैस के जेई व कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

मंडी समिति रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसी को लेकर बहजोई रोड पर पेड़ काटने के बाद जड़ निकालने का कार्य चल रहा है। सोमवार की सुबह 11.30 बजे जेसीबी से पेड़ की जड़ निकालने का कार्य चल रहा था। जेसीबी का पंजा जमीन के नीचे से गुजर रही टोरेंट गैस पाइप लाइन में जा लगा जिससे पाइप फटने से गैस का गुबार बाहर आ गया। कुछ देर के लिए धुआं जैसी स्थिति हो गई। आसपास क्षेत्र में गैस की दुर्गंध फैल गई तो लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास दुकानों को आनन-फानन में बंद कर दिया गया।



पाइपलाइन फटने के बाद होता गैस का रिसाव। ● अमृत विचार



गैस कंपनी के जेई से बात करते सीओ अनुज चौधरी। ● अमृत विचार

- **टोरेंट गैस की सप्लाई बंद कराई जेई व कर्मचारियों ने की मरम्मत**
- **करीब एक घंटे बाद स्थिति सामान्य हो सकी**

जेसीबी चालक ने मिट्टी डाल गैस का रिसाव बंद करने का प्रयास किया जिससे रिसाव कुछ हल्का हो गया। सीओ अनुज चौधरी, प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एहतियात के तौर पर बहजोई रोड परयातायात बंद कर दिया। साथ ही दमकल गाड़ी भी बुला ली और गैस लाइन बंद कराई। उक्त क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बंद करा दी गई। कुछ ही देर में टोरेंट गैस के जेई व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम आशुतोष तिवारी भी मौके पर पहुंच गएकी। टोरेंट गैस कर्मचारियों ने फटी पाइप लाइन को दुरुस्त करने का कार्य आरंभ कर दिया। करीब एक घंटे बाद स्थिति सामान्य होने पर यातायात खोल दिया गया।



मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### डबल डेकर बस से कुचलकर वेंडर की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी 35 वर्षीय कौशल शर्मा पुत्र रूपकिशोर शर्मा बसों में वेंडर का काम करते थे। सोमवार को हसनपुर से दिल्ली की दिशा में जा रही डबल डेकर बस में कौशल सामान बेच रहे थे। चौपला पुलिस चौकी के पास चालक ने बस दिल्ली की दिशा में मोड़ी, तभी चलती बस से कौशल नीचे उतरने लगे। उतरते वक्त वह अचानक गिर गए। बस के पिछले पहिए से कुचलकर उनकी मौके पर मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि बस को कब्जे ले लिया गया है।

### मिठाई दुकानदार से मारपीट, चाकू से हमला

**स्योहारा, अमृत विचार :** कस्बा स्योहारा के मोहल्ला जुमरात के बाजार में हाजी उमर की मिठाई की दुकान पर शाम करीब 5 बजे मोहल्ले का एक युवक पहुंचा और मिठाई खाई। जब दुकानदार के पुत्र मोहम्मद शादाब ने उससे भुगतान की बात कही तो पैसे देने से इनकार कर गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर शादाब पर लात-घूंसे चलाने लगा। चाकू निकालकर हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सावन को लेकर प्रशासन सख्त, अतिक्रमण हटाया

**स्योहारा, अमृत विचार :** सावन माह में नगर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और संभावित जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। नगर की प्रमुख सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया और दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने दुकान का सामान फुटपाथ या सड़क पर न रखें।

### करबला की जंग में हुर ने निभाया महत्वपूर्ण किरदार

**बिजनौर, अमृत विचार :** हल्दौर के गांव छज्जुपुरा सादात में नवासा ए रसूल हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आयोजित होने वाली मजलिसों के तीसरे दिन की पहली मजलिस दरगाहे फ़ातेमा ज़ैहरा तथा दूसरी मजलिस इमाम बारगाह में आयोजित हुई। मजलिसों को ज़ाकिर मौहम्मद रज़ा व मौलाना मैहदी अब्बास ज़ैदी ने सम्बोधित किया मौलाना मैहदी अब्बास ने कहा कि करबला की जंग में हुर इब्ने यज़ीद अल-रियाही का किरदार एक महत्वपूर्ण किरदार था। शुरुआत में हुर यज़ीद की सेना के एक कमांडर थे, लेकिन बाद में उन्होंने इमाम हुसैन के प्रति निष्ठा बदल दी और उनके साथ शहीद हो गए।

# टोल प्लाजा पर दूसरे दिन भी किसानों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता बिजनौर

- **दो दिन से टोल फ्री होने से लाखों का हो चुका है नुकसान**

**अमृत विचार:** नजीबाबाद हाईवे स्थित बनेड़ा टोल प्लाजा पर किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा जिसके चलते टोल फ्री रहने के कारण लाखों के नुकसान की बात कही जा रही है।

मालूम हो कि टोलकर्मियों के अभद्र व्यवहार के विरोध में किसान टोल प्लाजा पर 29 जून रविवार से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके कारण टोल प्लाजा पर वसूली भी बंद है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने बताया टोल कर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से जबरन टोल वसूली की जा रही है। सुविधाओं का अभाव है इमरजेंसी के लिए फर्स्ट ऐड भी नहीं है। टॉयलेट में गंदगी भरी है। कुछ दिन पहले एक टोलकर्मी की जनरेटर की चपेट में आने से मौत भी हो गई थी।

नेशनल हाईवे के इंजीनियर आशीष शर्मा से किसानों की रविवार को हुई वार्ता विफल होने के बाद दूसरे दिन भी धरना जारी है। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक हमारी मांगे नहीं पूरी होगी तथा कोई बड़ा पदाधिकारी धरना स्थल पर आकर आश्वासन नहीं देगा जब तक यह धरना चालू रहेगा। किसान नेताओं का कहना है कि 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र टोल फ्री रहेंगे उसके बावजूद टोलकर्मी उन लोगों से भी अवैध वसूली कर रहे हैं। सोमवार को भारी बारिश के बावजूद किसान नेता टोल प्लाजा पर डटे रहे।

# खूंखार हो रहे कुत्ते और बंदर, तीन दिन में 350 लोगों को काटकर किया जख्मी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** नगर व ग्रामीण अंचलों में कुत्ते व बंदर खूंखार हो रहे हैं। वह बच्चों से लेकर बड़ों तक को निशाना बना रहे हैं। बड़ी संख्या में इनके शिकार बड़े तथा बच्चे सीएचसी पर एंटी रेबीज लगवाने आ रहे हैं। हे हैं। 3 दिन में यह संख्या 350 पहुंची है। एंटी रेबीज लगवाने को लेकर सीएचसी पर ग्रामीणों की लाइन लगी रहती है।

नगर व ग्रामीण अंचलों में लोग कुत्ते तथा बंदर मुसीबत बन गए हैं। बच्चे तथा बड़ों को कुत्ते व बंदर देखते हैं तो हमला कर देते हैं। बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह से ही एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने को लेकर लंबी-लंबी लाइन लग जाती है। प्रतिदिन 100 से अधिक ग्रामीण तथा नगर वासी वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को 125 लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। वहीं शनिवार को 110 लोगों को सीएचसी पर वैक्सीन लगाई गई। सोमवार को दोपहर 2:00 बजे तक 115 के एंटी रेबीज वैक्सीन लग चुकी थी।



बहजोई सीएचसी पर एआरवी लगवाने के लिए कतार में खड़े लोग।

- **बहजोई सीएचसी में 100 से अधिक को रोज लग रही एंटी रेबीज वैक्सीन**
- **सुबह से ही सीएचसी पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की लग जाती है लाइन**

> नगर व ग्रामीण अंचलों से कुत्ते तथा बंदर के काटने को लेकर लोग एंटी रेबीज लगवाने आ रहे हैं। प्रत्येक दिन 100 से अधिक लोग एंटी रेबीज लगवाते हैं। तीन दिन की बात करें तो 350 के लगभग कुत्ते तथा बंदर के शिकार लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं।
> -डॉ. सचिन वर्मा, सीएचसी प्रभारी

# रुक-रुककर हो रही बारिश से मौसम सुहावना, निचले क्षेत्रों में जलभराव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** रविवार की रात से रुक-रुककर बारिश होने का क्रम सोमवार शाम तक जारी रहा। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। जलभराव होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार को सुबह व दोपहर में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया था। इसके बाद रविवार की देर रात तक बारिश आरंभ हो गई। रुक-रुककर बारिश का क्रम सोमवार की देर शाम तक जारी बना रहा। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। शहर के स्टेशन रोड, एफआर रोड, कागजी मोहल्ला, पंचशील कालोनी, विकास नगर, संभल गेट, रामस्वरूप रोड, सीता रोड पर जलभराव हो गया। जलभराव होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार की सुबह सड़कों से पानी उतरने के बाद यातायात सुचारू हो सका। बारिश का मौसम जारी रहने से बाजारों में ग्राहकों की संख्या भी कर रही। जिससे बाजारों की रौनक कम रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश होने से खेत पानी से लबालब भर गए हैं।



स्टेशन रोड पर हुए जलभराव से गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

# बारिश में भरभराकर गिरे दो मकान

**गजरौला, अमृत विचार :** गजरौला में सोमवार को बारिश आफत बनकर गिरी। दो मकान भरभराकर गिर गए। ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। सहकारी समिति में पानी भरने से खाद खराब हो गई।

बीते दो दिन से जारी भारी बारिश अब लोगों के लिए आफत बनने लगी है। नेशनल हाईवे पर कई जगह सड़क पर पानी भरा है। सर्विस मार्ग भी जलमग्न हैं। क्षेत्र के गांव खाद गुर्जर निवासी अनीता पत्नी स्व. राजवीर का कच्चा मकान है। सोमवार सुबह उनका मकान बारिश के बीच भर भराकर गिर गया। वहीं गांव कुदैनी चक निवासी धर्मवीर का टीनशेड का मकान भी बारिश में गिर गया। दोनों पीड़ितों ने मामले की जानकारी पुलिस व हल्का लेखपाल को दी है। वहीं अल्लीपुर स्थित सहकारी समिति में भी बारिश का पानी भर गया। जिसके चलते गोदाम में रखा लाखों रुपये कीमत का खाद खराब हो गई।

# परिषदीय स्कूलों को विलय करने का विरोध, ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस उर्फ गौस भैया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्कूलों के विलय के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विकास चंद्र को सौंपा।

कहा कि सरकार ने 50 छात्रों से कम छात्र वाले स्कूलों को विलय करने का जो आदेश दिया है, यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम के खिलाफ है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम में हरेक बच्चे के घर से 1 किलोमीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय और 3 किलोमीटर दूरी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय होना आवश्यक है। प्राथमिक विद्यालय के लिए 300 और उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए 800 की आबादी का निर्धारण है। संगठन ने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाने की मांग भी की। कहा कि निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस और अन्य तरह की वसूली पर रोक लगाई जाए। इस दौरान जरीफ मिर्जा, नौशाद शेख, फैजान खान, साद आदिल, किशनपाल, उसमान खान, आसिफ मसूदी, देवानंद, शहनवाज आदि रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

## सार संक्षेप

### नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ



**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा के कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन स्टेशन रोड स्थित एबीसी मांटेसरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम संयोजक रंजना शर्मा ने 2025 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। अध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने सभा की उपलब्धियों के विषय में जानकारी दी। कहा कि अपने जीवन में संघर्षों से जूझते हुए समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता की। संगीता भार्गव, शालिनी शर्मा, रानी शर्मा, मीरा दुबे, सीमा शर्मा, रेनू शर्मा, शिप्रा शर्मा, आशा गोस्वामी, अंशु नागर, सरोज शर्मा, शुभ्रा शर्मा, साधना पाठक, माधुरी शर्मा, कमला शर्मा आदि मौजूद रहे।

### एसबीआई में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक शाखा के स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय कार्यालय रामपुर के सहयोग से शाखा परिसर में सीएचसी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आरंभ सीएमएस डॉ. तरुण पाठक द्वारा कैंप का आरंभ फीता काटकर किया। रक्तदान शिविर में 70 शाखा कर्मचारी व लोगों ने रक्तदान किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह, शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, डॉ. प्रियांक अग्रवाल, मनोज भारद्वाज, सचिन कुमार, शिवानी, केके तोमर, गीरेंद्र अग्रवाल, सुरेश कुमार, शिवानी अग्रवाल, रिषभ सक्सेना, तुलिका वरनवाल, आदि मौजूद रहे।

### गाजे-बाजे के साथ अमरनाथ रवाना हुआ जत्था



**चन्दौसी, अमृत विचार :** मौलागढ़ की पुलिया से अमरनाथ बाबा बर्फानी के लिए ढोल-नगाड़ो व पूजा पाठ के साथ पहला जत्था रवाना हुआ। अमरनाथ जाने वाले 12 श्रद्धालुओं को परिजनों ने माथे पर तिलक लगाकर रवाना किया। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। यह जत्था अमरनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी, ज्वाला देवी, कांगड़ा देवी, अमृतसर बार्डर व हरिद्वार होते हुए 20 जुलाई को वापस लौटेगा। अमरनाथ जाने वालों में विक्की सैनी, विशाल सैनी, रिंकू सैनी, बबलू सैनी, आकाश सैनी, राजकुमार सैनी, सुमित कुमार, प्रतीक चंद्र, प्रभात चंद्र आदि शामि रहे।

### भामाशाह जयंती पर व्यापारियों को किया सम्मानित



**बबराला, अमृत विचार :** दानवीर भामाशाह जयंती के मौके पर नगर पंचायत ने भव्य समारोह का आयोजन किया। व्यापारी और समाज के विविध कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन गुप्ता ने कहा कि भामाशाह सदैव अपरिग्रह को जीवन का मूल मंत्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में सदैव अग्रणी रहे। मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। ओमवीर सिंह खड़गवंशी, राकेश संभली, अनिल गुप्ता, रोहिताश्व कुमार, भाजपा नेता दीपक यादव, विजय वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, ईओ अमरेश तिवारी, चंद्रप्रकाश अग्रवाल सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### गुन्नौर पहुंची पुनर्जागरण यात्रा का किया स्वागत

**बबराला, अमृत विचार :** चैरिटेबल ट्रस्ट विश्व परिवर्तन मिशन के तत्वावधान में शहीद दिवस 23 मार्च को बरेली से शुरू हुई पुनर्जागरण यात्रा सोमवार को गुन्नौर पहुंची। बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश यादव सहित तमाम अधिवक्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। वैचारिक संवादमें विश्व परिवर्तन मिशन के चेयरमैन विश्वात्मा ने पुनर्जागरण यात्रा के 15 सूत्रीय उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि सरकारी नौकरी को मूल अधिकार बनाया जाए। जब तक नौकरी नहीं तब तक सरकार बेरोजगारी भत्ता दे। सरकारी कर्मचारियों के काम करने के घंटे और वेतन आधा किया जाए। आधा काम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती होनी चाहिए। इससे करीब दो करोड़ लोगों का समायोजन हो सकता है। भारत में व्यभिचार को गलत बताने वाला कानून खत्म कर दिया गया है। ट्रैक्टर, जेसीबी ने मजदूरों का काम छीन लिया है। संगोष्ठी में शिवाकांत गोरखपुरी, नवीन कुमार, सदेश, रामनिवास यादव एडवोकेट एटा, उन्नाव के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार, गोण्डा के महेश सिंह, क्रांतिकारी भानु प्रताप सिंह, (शाहजहांपुर) ने भी विचार रखे।

### तीर्थ स्थलों पर किया रुद्राक्ष के पौधों का रोपण



**संभल, अमृत विचार :** 24 कोसीय मासिक तीर्थ परिक्रमा समिति एवं भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में संभल में तीर्थ स्थ100लों पर रुद्राक्ष एवं औषधीय पौधों के रोपण का आरंभ हो गया। इस मुहिम की शुरुआत सिद्धपीठ कैला देवी मंदिर से हुई। हरिहर सेना के अध्यक्ष एवं पीठाधीश्वर ऋषिराज गिरि ने रुद्राक्ष के पौधों का रोपण किया। नैमिषारण्य आश्रम महंत बाल योगी दीनानाथ के सान्निध्य में रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री भूपेंद्र सारस्वत एवं परिक्रमा समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा कि यह अभियान न केवल तीर्थ संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है बल्कि जलवायु संतुलन एवं औषधीय समृद्धि के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस दौरान युवराज सिंह, प्रभाकर शुक्ला, राजीव कुमार, अनुज रावत, मुकेश शर्मा, यश शर्मा एवं अभिषेक सैनी आदि रहे।

**दीक्षांत समारोह** | राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पशु चिकित्सा के क्षेत्र में जैव विविधता पर भी काम करने के लिए आईवीआरआई के छात्रों और वैज्ञानिकों को प्रेरित किया

# विलुप्त होती गिद्धों की प्रजातियों को बचाने में आईवीआरआई का अहम योगदान

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विलुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान में आकर ही उन्हें पता चला कि आईवीआरआई ने देश में सबसे पहले दवाइयों के माध्यम से गिद्धों के विलुप्त होने के मामले को उजागर किया।

वैज्ञानिकों ने शोध कर देश को बताया कि डाइक्लोफिनोक, निमोसुलाइड जैसी दवाइयां अप्राकृतिक तौर पर गिद्धों के लीवर को खराब कर रही हैं। आईवीआरआई की इस रिपोर्ट के आधार पर देश में पशुओं को दर्द निवारक दवा डाइक्लोफिनोक और निमोसुलाइड देना बंद ही नहीं किया गया और बल्कि इन दवाइयों के विकल्प को भी खोजा गया।

उन्होंने कहा कि वह वैज्ञानिकों व शोधार्थियों के योगदान की सराहना करती हैं। संस्थान ने 135 वर्ष की अपनी यात्रा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर कहावत को मानवों के साथ-साथ पशुधन के लिए भी चरितार्थ किया। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आईवीआरआई ने कई टीके विकसित किए हैं। उन्होंने मिट्टी की कम होती उर्वरकता पर कहा कि गांवों में देखने को मिल रहा है कि केचुओं की संख्या कम हो गई है। इसका दुष्प्रभाव मिट्टी पर पड़ रहा है, मिट्टी बंजर हो रही है। वैज्ञानिकों को इस दिशा में भी महत्वपूर्ण शोध करना होगा। उन्होंने वैज्ञानिकों को नई तकनीक का इस्तेमाल कर आईवीआरआई को पशु रोगों के निदान के लिए सस्ते और स्वदेशी उपाय सोचने के लिए प्रेरित किया। दवाओं के साइड इफेक्ट पशुओं और पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। उस दिशा में भी सोचना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि पशु विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता व स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस संस्थान में पशु विज्ञान इनक्यूबेटर कार्यरत है। इस का लाभ लेते हुए उद्यम स्थापित करने चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों को रोजगार दे पाएंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान कर पाएंगे। विश्व भर के प्रतिष्ठित संस्थानों और उद्यमों में सेवारत पूर्व विद्यार्थी भी मार्गदर्शन कर सकते हैं।



छात्र को डिग्री देतीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, शिवराज सिंह चौहान। ● अमृत विचार

### पशु आरोग्य मेले का हो आयोजन, गांव-गांव लगें शिविर

राष्ट्रपति ने कहा कि वन हेल्थ की अवधारणा महत्व प्राप्त कर रही है। मानव, घरेलू तथा जंगली जानवर, वनस्पति व व्यापक पर्यावरण एक-दूसरे पर आश्रित हैं। हमें अपनी परंपरा व इस अवधारणा का अनुसरण करते हुए पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने पशु कल्याण के लिए पशु आरोग्य मेलों के आयोजन पर जोर दिया। गांव-गांव में कैंप लगाकर पशुओं की चिकित्सा करने से समाज भी स्वस्थ रहेगा।

### राज्यपाल बोलीं-पुरस्कार न मिलने वालों को निराश नहीं होना चाहिए

**बरेली :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छात्रों, वैज्ञानिकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, जिसने श्रेष्ठ कार्य किया है, उसे मेडल अवश्य मिलना चाहिए, लेकिन पुरस्कार न मिलने वालों को निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कृषि शिक्षा को ग्रामीण जरूरतों से जोड़ने की अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और ग्रामीण सहभागिता जरूरी है। यूपी में 5 कृषि विश्वविद्यालय हैं। हमें यह समझना होगा कि हमारी जरूरतें, समस्याएं और प्राथमिकताएं क्या हैं, तभी हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आगे बढ़ा सकते हैं। सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों को आस-पास के गांवों से छात्रों को जोड़ने के लिए प्रयास करने चाहिए और यही सच्चे अर्थों में शिक्षा का उद्देश्य होगा। अयोध्या का कृषि विश्वविद्यालय जहां देश में नैक में ए ग्रेड पाकर पहले स्थान पर है, वहीं मेरठ के सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के ए श्रेणी में शामिल होना गर्व का विषय है। कहा कि कृषि और पशुपालन रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं और इनसे जुड़ी योजनाओं और बजट का पूर्ण उपयोग कर किसानों, महिलाओं और पशुपालकों की जरूरतें पूरी की जा सकती हैं।

# वैज्ञानिकों से बोले योगी- आपकी यात्रा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में निर्णायक

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन आपके जीवन का नया अध्याय है। यह केवल डिग्री नहीं, बल्कि समाज को आपकी सेवा समर्पित करने की शपथ है। यह यात्रा राष्ट्र के भविष्य निर्माण में निर्णायक होगी। योगी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में कौन कैसे खड़ा होता है, यही उसकी पहचान तय करती है।

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कविता को पढ़ते हुए कहा, आदमी को चाहिए कि वो जूझे परिस्थितियों से...एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े। छात्रों से अपेक्षा जताई कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएं। सीएम ने लंपी स्किन डिजीज पर भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे इस बीमारी की दूसरी लहर के दौरान जब गोवंश बुरी तरह प्रभावित हुए, तब आईवीआरआरई द्वारा विकसित टीके ने उत्तर प्रदेश को संक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी खोजों ने किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं।

# वित्तीय स्थिरता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण

## आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- वैश्विक आर्थिक बदलाव से बढ़ती हैं चुनौतियां

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं।

उन्होंने जून के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में कहा, वित्तीय क्षेत्र के नियामक ग्राहकों की सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे दक्षता और वृद्धि में सुधार तथा सुरक्षा और मजबूती के बीच सही संतुलन बनाते हैं। गवर्नर के अनुसार, कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहे हैं। इसमें व्यापार में बढ़ता विखंडन, प्रौद्योगिकी बदलाव, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा, ये आर्थिक आकलन को कठिन और नीतिगत हस्तक्षेप को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। इसलिए, अनिश्चितता के कोहरे से बाहर निकलने के दौरान भी केंद्रीय बैंकों और वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों के लिए अपनी अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों की सुरक्षा में सतर्क, विवेकपूर्ण और चुस्त बने रहना जरूरी है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में केंद्रीय बैंक की कोशिश एक अच्छी तरह से काम करने वाली वित्तीय प्रणाली विकसित करने की है, जो न केवल व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ावा दे, बल्कि कुशलतापूर्वक वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करे।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9% पर

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9% की वृद्धि हुई, जबकि गत वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9% थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का 95% है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2% की वृद्धि हुई थी।

### एनपीए कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर

**मुंबई।** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च, 2025 में घटकर कई दशक के निचले स्तर 2.3% पर आ गई हैं। आरबीआई की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2024 में बैंकों का जीएनपीए 2.6% था। रिजर्व बैंक की अर्ध-वार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि 46 बैंकों के जीएनपीए मार्च, 2027 तक बढ़कर 2.6% पर पहुंच सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दशक के उत्तरार्ध में बैंकिंग प्रणाली के लिए डूबा कर्ज सबसे बड़ी चुनौती रहा है। हालांकि, पिछले कुछ साल के दौरान मुख्य अनुपात के स्तर पर प्रणाली में लगातार सुधार हो रहा है।

### वैश्विक वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनी भारतीय अर्थव्यवस्था

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और विवेकपूर्ण नीतियों से वैश्विक वृद्धि का केंद्र बनी हुई है। आरबीआई ने कहा कि बढ़ी हुई आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। वित्तीय बाजार अस्थिर हैं, विशेष रूप से सरकारी बॉण्ड बाजार। ऐसा बदलती नीतियों और भू-राजनीतिक वातावरण के चलते है। बढ़ते सार्वजनिक ऋण स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन जैसी मौजूदा कमजोरियों में नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता है।

# एग्रीकल्चरल कमोडिटी : निवेश का बेहतर विकल्प



बात काम की

कमोडिटी बाजार में कृषि उत्पादों (एग्रीकल्चरल कमोडिटीज) का महत्वपूर्ण स्थान है। इनमें गेहूं, चावल, कपास, गन्ना, मक्का, दालें, सरसों, कॉफी जैसी वस्तुएं आती हैं। निवेशक इनमें फ्यूचर्स और स्पॉट मार्केट से निवेश कर सकते हैं। कृषि कमोडिटी में निवेश से महंगाई के खिलाफ हेजिंग मिलती है, लेकिन यह मौसम, सरकारी नीतियों और वैश्विक मांग-आपूर्ति से प्रभावित होती है। यह किसानों से लेकर निवेशकों तक को आय का साधन देता है।

### क्या हैं कृषि उत्पाद

कृषि उत्पाद वे वस्तुएं हैं जो खेती से प्राप्त होती हैं, इनमे गेहूं, चावल, दालें, तिलहन, गन्ना, कपास, मसाले, चाय और कॉफी। ये खाद्य सुरक्षा व औद्योगिक उपयोग दोनों में अहम भूमिका निभाते हैं।

### कैसे करें निवेश

भारत में एनसीडीईएक्स ( नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे प्लेटफार्म पर कृषि कमोडिटीज का व्यापार होता है। निवेशक दो प्रकार से इसमें भाग ले सकते हैं। **स्पॉट मार्केट :** जहां वस्तु का तात्कालिक लेनदेन होता है। **फ्यूचर्स मार्केट :** जहां भविष्य की तारीख के लिए अनुबंध किया जाता है। डिमैट खाता व कमोडिटी ट्रेडिंग खाता खोलना। एक्सचेंज द्वारा सूचीबद्ध कृषि उत्पादों की जानकारी लेना। मौसम, फसल की रिपोर्ट, सरकारी नीति, आयात-निर्यात और वैश्विक मांग पर नजर रखना।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने का अवसर।
- **हेजिंग टूल :** मुद्रास्फीति के प्रभाव को संतुलित करता है।
- **सीजनल :** मौसम के आधार पर मूल्य में वृद्धि की संभावना।
- **लिक्विडिटी :** कमोडिटी में ट्रेडिंग वॉल्यूम अच्छा होता है।

### जोखिम पर दें ध्यान

- **मौसमी अनिश्चितता :** वर्षा, सूखा या बाढ़ का प्रभाव।
- **सरकारी हस्तक्षेप :** एमएसपी, आयात-निर्यात नीति ।
- **अस्थिरता :** वैश्विक बाजार के प्रभाव से गिरावट या तेजी।
- **भंडारण-डिलीवरी की चुनौतियां :** विशेषकर स्पॉट ट्रेडिंग में।

# थमी तेजी, सेंसेक्स में 452 अंक की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 452 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। बीएसई स्मॉलकैप 0.81 तो मिडकैप 0.67% की मजबूती रही।

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद से बाजार में तेजी थी। हालांकि, मुनाफावसूली से मानक सूचकांकों में गिरावट आई। निवेशकों का ध्यान अमेरिका सरकार के साथ व्यापार समझौते पर होगा, क्योंकि इसकी अंतिम तिथि पास आ रही है। भारत को अभी समझौते को अंतिम रूप देना बाकी है...। हालांकि, उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाएं गिरावट पर अंकुश लगा सकती है।'' इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,162.11 अंक यानी 2.64 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 665.9 अंक यानी 2.66 प्रतिशत चढ़ा था।

# राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 0.8% रहा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8% रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

गत वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1% था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4% या 15.69 लाख करोड़ रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8% रहा। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4% दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3% था।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 9 माह के निचले स्तर 1.2% पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विनिर्माण, खनन व बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2% पर रही है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई माह में 6.3% थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6% कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7% रहने का अनुमान था। अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज हुई थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर थी। एनएसओ के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर 2.6% रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1% थी। वहीं खनन उत्पादन में 0.1% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 6.6% की वृद्धि हुई थी। बिजली उत्पादन में 5.8% की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7% बढ़ा था। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8% की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7% थी।



- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार वृद्धि दर 2024 के मई में 6.3% थी

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास 60 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव बताया कि इस मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर से कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

#### सीएम के काफिले में अन्य वाहन का प्रवेश, 5 गिरफ्तार

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के काफिले में एक वाहन के घूसने के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना एलथुर के पास रविवार सुबह सवा 10 बजे हुई जब मुख्यमंत्री सरकारी अतिथि गृह जा रहे थे। पुलिस ने वाहन से एक वॉकी-टॉकी भी जब्त की। वाहन पर कोई नंबर प्लेट नहीं था। वाहन को तीन बार काफिले से दूर रहने की चेतावनी दी गई लेकिन इसके बावजूद वाहन उच्च सुरक्षा काफिले में घूसा गया। अधिकारियों ने वेस्ट हिल चुंगम में वाहन को रोका और वाहन में मौजूद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

#### जेएनयू के लापता छात्र का मामला होगा बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सीबीआई को जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) के प्रथम वर्ष के छात्र नजीब अहमद की गुमशुदगी मामले को बंद करने की सोमवार को अनुमति दे दी। वह 15 अक्टूबर 2016 को लापता हो गया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति माहेश्वरी ने एजेंसी की 'क्लोजर रिपोर्ट' को स्वीकार कर लिया।

# नमाजवाद छिपाने को ली समाजवाद की आड़

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने की कोशिश का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने सोमवार को विपक्षी दलों पर संविधान को शरिया की स्क्रिप्ट में बदलने और अपने नमाजवाद को छिपाने के लिए समाजवाद की आड़ लेने का आरोप लगाया। भाजपा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी उनकी उस टिप्पणी के लिए आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनका गठबंधन बिहार में सत्ता में आता है, तो संशोधित वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में राजद-कांग्रेस-वाम दलों के इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया है, क्योंकि यह अधिनियम संसद द्वारा पारित था और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। वे ना तो संसद का सम्मान करते हैं और ना ही न्यायपालिका का। भाजपा प्रवक्ता ने निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा पर विपक्ष की आलोचना को खारिज कर दिया, जिसकी शुरुआत बिहार से हुई है। उन्होंने कहा कि यह आलोचना उनकी अपरिहार्य हार के मद्देनजर उनकी पराजयवादी मानसिकता से उपजी है। ये दल फर्जी मतदाता चाहते हैं, जबकि यह तय करना जरूरी है कि केवल पात्र भारतीय ही सरकार चुन सकें।

आयोग ने कहा है कि यह नियमित प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को ही सूची में शामिल करना है। विपक्षी दलों ने दावा किया है कि आयोग जानबूझकर पात्र मतदाताओं को बाहर कर सकता है। बिहार में विस चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में आयोजित रैली में वक्फ (संशोधन) अधिनियम की तीखी आलोचना पर विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है।



- सुधांशु त्रिवेदी ने की वक्फ कानून पर तेजस्वी के रुख की आलोचना
- बिहार में इंडिया गठबंधन ने संविधान के प्रति अपने सम्मान की कमी को दर्शाया

### शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है विपक्ष

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पिछले दरवाजे से शरिया प्रावधानों को लागू करना चाहता है। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षण मुसलमानों को दे रहे हैं और प. बंगाल भी इसकी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ इन दलों का महज दिखावा है, क्योंकि इनका असली चेहरा शरिया लाओ है। अगर वे सत्ता में आए, तो संविधान की प्रस्तावना में नमाजवाद जोड़ देंगे। वे संविधान को शरिया स्क्रिप्ट में बदलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संविधान के प्रावधान को कूड़ेदान में नहीं फेंकने देगा। उन्होंने कहा कि वे जिन शरिया प्रावधानों की वकालत कर रहे हैं, वे सऊदी अरब, पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की जैसे इस्लामी देशों में भी लागू नहीं हैं।

# बोधगया मंदिर अधिनियम पर सुनवाई से शीर्ष इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। यह भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पवित्र क्षेत्रों में से एक है।

बोधगया मंदिर अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के. विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष पेश हुई। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से याचिका में उठाए मुद्दे पर पूछा। वकील ने कहा, याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि बोधगया मंदिर अधिनियम को अवैध बताते हुए रद्द किया जाए। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट जाना चाहिए। आप ये मामला हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं उठाते? न्यायालय ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

### ललित मोदी की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उन ऊपर लगाया गया 10.65 करोड़ का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ याचिका खारिज की। गत 19 दिसंबर को मुंबई हाईकोर्ट ने ललित मोदी पर 1 लाख का जुर्माना लगाते हुए उनकी वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन पर ईडी द्वारा लगाए जुर्माने का भुगतान बीसीसीआई को करने का आदेश देने का अनुरोध किया था।

# संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर संविधान में किसी एक शब्द को भी छुआ गया तो इसके खिलाफ उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के आह्वान पर यह टिप्पणी की।

बेंगलुरु स्थित आवास पर खरगे ने दावा किया कि होसबाले मनुस्मृति को मानने वाले हैं। वह नहीं चाहते कि गरीब आगे आएं। जो हजारों साल पहले होता था, वह उसी व्यवस्था को जारी रखना चाहते हैं। इसलिए उन्हें समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पसंद नहीं है। खरगे के मुताबिक, ये सिर्फ होसबाले का मत नहीं है, बल्कि आरएसएस का मत है। उन्होंने आरोप लगाया, आरएसएस गरीबों, दलितों और और अन्य समुदायों के खिलाफ है। यदि उन्हें इतनी ही रुचि है, तो वे अस्पृश्यता को हटा सकते थे।



- कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा संबंधी होसबाले के आह्वान पर की टिप्पणी

### गुलजार हुई घाटी



डोडा जिले में पहलगाम हमले के बाद बंद भद्रवाह-चंबा अंतर्राज्यीय सड़क के दोबारा खुलने के बाद यहां पर्यटन फिर से गुलजार होने लगा है। सुरक्षाबलों की निगरानी में पर्यटक यहां की वादियों का आनंद लेते नजर आए। एजेंसी

# राजा के परिवार ने सोनम को दिए थे 16 लाख के जेवरात

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

**इंदौर (मप्र)।** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान 16 लाख के जेवरात तोहफे में दिए थे। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद होने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद हुआ। बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है।

# सीबीआई जांच को जनहित याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट में सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके विधि छात्रा से उसके महाविद्यालय में पूर्व छात्र और दो अन्य छात्रों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई को इसकी जांच करने और अदालत के समक्ष अंतरिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी से संबंध हैं, निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए।

**विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला**

### पहले रची साजिश, पीड़िता पर थी नजर

विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने इसकी साजिश पहले ही रची थी। जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीन आरोपियों - मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद का छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। तीनों ऐसी घटनाओं को मोबाइल फोन से रिकॉर्ड करते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करते थे। घटना की पहले से ही साजिश रच ली गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। कॉलेज में दाखिले के दिन से ही मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था।

### लॉ कॉलेज में कक्षाएं अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म किए जाने के बाद कॉलेज के प्राधिकारियों ने सभी छात्रों के लिए अनिश्चितकाल तक कक्षाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय कॉलेज के संचालन निकाय ने लिया है। कॉलेज प्राधिकारियों द्वारा 29 जून को जारी अधिसूचना में कहा गया है, कॉलेज की बीए एलएलबी और एलएलएम (सामान्य और ऑनर्स) की सभी कक्षाएं निलंबित रहेंगी।

# भगदड़ के एक दिन बाद पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा)।** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में 3 लोगों की मौत और 50 के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु बलभद्र, सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन को उमड़ पड़े।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित अडापा मंडप (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश के बाद कई अनुष्ठानों से सोमवार रात को पाहुड़ा (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह 7.40 बजे मंगल आरती हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के अनुष्ठान में भाग लिया।

# शिमला में 5 मंजिला इमारत ढही, कई जगहों पर भूस्खलन

**शिमला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में मानसून के सक्रिय रहने से सोमवार को भारी बारिश से नुकसान की कई घटनाएं हुईं। शिमला में एक पांच मंजिला इमारत ढह गई, जबकि रामपुर में बादल फटने से कई मवेशी बह गए। कई इलाकों में भूस्खलन और रास्तों के बंद होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

सोमवार सुबह शिमला के उपनगरीय क्षेत्र भट्टाकुफर में पांच मंजिला इमारत ढह गई, वहीं रामपुर के सिकासेरी गांव में बादल फटने से एक बाड़े से कई मवेशी बह गए। चमियाना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रास्ते पर स्थित माथू कॉलोनी की इमारत ढह गई। जिला प्रशासन ने खतरे को भांपते हुए इमारत खाली करा ली थी। पास की दो अन्य इमारतों पर भी खतरा बना है। इमारत की मालकिन रंजना वर्मा ने बताया, शनिवार की बारिश के बाद जमीन खिसक रही थी, इसलिए हमने रविवार रात को ही इमारत खाली कर दी थी। सोमवार सुबह सवा आठ बजे इमारत ढह गई। पास में बन रही चार लेन वाली सड़क के निर्माण से इमारत कमजोर हो गई थी, लेकिन उसकी सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

चमियाना ग्राम पंचायत के उपप्रधान यशपाल वर्मा के अनुसार भवन में दरारें आ गई थीं, लेकिन कैथलीघाट-ढली चार लेन वाली सड़क का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि भवन सुरक्षित है। वर्मा ने बताया कि पंचायत ने कंपनी को काम रोकने के लिए कहा था क्योंकि इससे इमारतें असुरक्षित हो रही थीं। इस बीच, रामपुर के सरपारा ग्राम पंचायत के सिकासेरी गांव में बादल फटने से दो गौशालाएं, तीन गायें और दो बछड़े, एक रसोई और एक कमरा बह गया।

**मानसून का कहर**



शिमला के भट्टा कुफर में भारी बारिश के बाद ढह गए बहुमंजिला इमारत का मलबा।

## एक नजर



इंग्लैंड के एजबेस्टन में गेंदबाजी का अभ्यास करते मोहम्मद सिराज। ● एजेंसी

### रॉकेट क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे भाटिया

**डेट्रॉयट :** अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर रॉकेट क्लासिक गोल्फ के चौथे दौर के आखिरी 12 होल में नौ बर्डी लगाकर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी भाटिया तीसरे दौर के बाद संयुक्त 55 वें पायदान पर थे लेकिन आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन के बूते उन्होंने अपना अभियान संयुक्त 26वें स्थान के साथ खत्म किया। उनका कुल स्कोर 15 अंडर का रहा। भाटिया ने तीसरे और पांचवें होल में बोगी किया लेकिन फिर सातवें से 10वें होल और 12वें से 15 वें होल तक दो बार लगातार चार बर्डी के साथ शानदार वापसी की।उन्होंने 18वें होल में भी बर्डी लगा कर शुरुआती तीन दौर के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़ा। भाटिया ने शुरुआती तीन दौर में 68, 70, 70 के कार्ड खेले थे।

### स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) :** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी। इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है।

### छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी फतह की

**रूपनगर :** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी। इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है।

# भारत के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता की कमी चिंता का विषय

## आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने कुलदीप और अर्शदीप को चुनने की सलाह दी

**लंदन, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के अभाव का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कुलदीप यादव को शेन वॉर्न के बाद सर्वश्रेष्ठ कलाई का स्पिनर करार देते हुए उन्हें और अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की सलाह दी।

भारत को पांच मैचों की शृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में आठ कैच टपकाये। चैपल ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के लिये अपने कॉलम में लिखा हेडिंग्ले में फील्डिंग बहुत निराशाजनक थी, लेकिन हार का यह अहम कारण नहीं था। भारत ने अपनी परेशानियां खुद खड़ी की थी। सबसे बड़ी गलती तो वह नो बॉल थी जिससे दूसरी पारी की शुरूआत में ही हैरी ब्रूक को जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत के सामने समस्या यह भी थी कि उसके दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर लगभग एक से ही थे। उन्होंने कहा भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे। गेंदबाजी में बदलाव के तुरंत बाद विकेट गिरने का कारण यह होता है कि बल्लेबाज को ढलने में समय लगता है। लेकिन भारतीय टीम के पास यह विकल्प नहीं था। भारत के पूर्व कोच ने कहा बुमराह की गैर मौजूदगी में अर्शदीप सिंह को टीम में जगह मिलनी चाहिए। इसके साथ ही कुलदीप यादव को भी उतारना चाहिये जो शेन वॉर्न के बाद कलाई का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है।

### ईसीबी ने ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया: फारुख इंजीनियर

**बर्मिंघम :** दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान सीरीज शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया।



कुलदीप यादव।

### इंग्लैंड ने एकादश में कोई नहीं किया बदलाव अभ्यास में शामिल नहीं हुए आर्चर

**बर्मिंघम :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है, जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण सोमवार को एजबेस्टन में टीम की अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बने। आर्चर के बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को टीम में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने हालांकि हेडिंग्ले में श्रृंखला के पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करने वाली एकादश को दूसरे टेस्ट के लिए बरकरार रखने का फैसला किया है। दायें हाथ का यह तेज गेंदबाज पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं था। उन्हें अब एकादश का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करना होगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।



भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जमकर अभ्यास किया। ● एजेंसी

# बुमराह पर फैसला अगले 24 घंटे में, लेकिन दो स्पिनरों के खेलने की संभावना : सहायक कोच

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी।

कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस सीरीज में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज



की और फिर फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की।

भारतीय टीम सीरीज को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं। उन्होंने कहा हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है। उन्होंने कहा, हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे। फायदा से मेरा मतलब मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन से है। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉर्ड्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है। भारतीय टीम के सीरीज में पिछड़ने के बाद बुमराह को टीम में शामिल करने बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा यह लुभावना तो है, लेकिन हमें यह भी लगता है कि हम जसप्रीत के बिना भी सीरीज को 1-1 कर सकते हैं।

# आयुष ने जीता पहला वर्ल्ड टूर यूएस ओपन खिताब

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था।



> यह जीत काफी मायने रखता है, यह सीनियर सर्किट पर मेरा पहला खिताब है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने यहां बहुत बढ़िया बैडमिंटन खेला। मैं अब अगले सप्ताह कनाडा ओपन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।
>
> -आयुष शेट्टी, बैडमिंटन खिलाड़ी

### तन्वी को फाइनल में मिली शिकस्त

महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। तन्वी ने कहा मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं। मैं फाइनल के लिए कोर्ट में आने से पहले थोड़ी घबराई हुई थी और मैंने कई गलतियां की। यह सुपर 300 स्तर पर मेरा पहला फाइनल था, मैं इसे लेकर संतुष्ट हूं।



## मेदवेदेव विंबलडन के पहले दौर में हुए उलटफेर का शिकार

**लंदन :** नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस का यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गया था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गये थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी महिला टीम

**ब्रिस्टल, एजेंसी**

- नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की वापसी की उम्मीद
- स्मृति मंधाना के स्ट्रोक्स से इंग्लैंड के खेमे में चिंता की लकीरें

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।



हरमनप्रीत कौर।

**समय : रात 11:00 बजे से**

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

# सचिन जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं । दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी ।



उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98 . 48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं। उन्होंने कहा किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है। मसलन रोजर फेडरर इतनी गरिमा और लय के साथ खेलते हैं कि पता ही नहीं चलता कि वह इतना प्रयास कर रहे हैं । मैं अपने अभ्यास में वही उतारना चाहता हूं। यह पूछने पर कि वह किस क्रिकेटर की सुपरपावर भालाफेंक में उतारना चाहेंगे। चोपड़ा ने कहा सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने साल तक इतने शानदार तरीके से देश का प्रतिनिधित्व किया। इतने महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना करके भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा मैं वही सुपरपावर लेना चाहूंगा और वैसे ही खेलना चाहूंगा। इससे मुझे शांत रहकर चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# मुक्केबाज ने लगाया महिला कोच पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- बार-बार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण अवसाद में चली गई है जूनियर मुक्केबाज, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है।

इस से जुड़ी प्राथमिकी की प्रति होने के बावजूद 'पीटीआई-भाषा' आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से जब टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत

मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन एफआईआर में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया। दोनों संस्थाओं ने कहा कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। साइ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। साइ के क्षेत्रीय केंद्र (सोनीपत) ने इस बारे में 'पीटीआई' के सवाल पर कहा अभी तक हमें किसी प्राथमिकी की प्रति नहीं मिली है। एनबीए रोहतक की एक महिला मुक्केबाज ने 24 अप्रैल 2025 को ई-मेल कर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आयरलैंड में 25 मार्च 2025 से तीन अप्रैल 2025 तक आयोजित आमंत्रण मुक्केबाजी टूर्नामेंट के दौरान एक महिला कोच द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उस शिकायत में यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं लगाया गया था। उन्होंने कहा, मामले की एक विस्तृत जांच की गई जिसमें शिकायतकर्ता, संबंधित कोच, सभी साथी कोच, वहां मौजूद कर्मचारियों और साथी खिलाड़ियों के बयान लिए गए। उन्होंने कहा साइ स्वच्छ खेल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्राथमिकी के आधार पर किसी भी समय जांच के दौरान सहयोग के लिए तैयार रहेगा।

### रोहतक पुलिस स्टेशन में एफआईआर में दर्ज पीड़िता का दर्द

रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसे 'बुरे चरित्र वाली' कहा, जिससे वह अलग-थलग पड़ गई। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है।

# सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की भूटान यात्रा पर गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- राजा जिग्मे खेसर और सेना प्रमुख बट्टू शेरिंग से करेंगे विस्तृत बातचीत

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। अधिकारियों के मुताबिक रणनीतिक रूप से अहम स्थान पर डोकलाम पठार के आसपास बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में सेना प्रमुख पड़ोसी मुल्क गए हैं।

भूटान के साथ पहले से ही घनिष्ठ द्विपक्षीय सैन्य संबंध हैं और उनकी इस यात्रा से रिश्तों के और मजबूत होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान की राजधानी थिम्पू में जनरल द्विवेदी राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे और भूटान के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सेना प्रमुख की 30 जून से तीन जुलाई तक की भूटान यात्रा बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच हो रही है। इसी के साथ वह पाकिस्तानी क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर' के सात सप्ताह बाद पड़ोसी देश गए हैं। भारतीय सेना ने कहा, यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों में स्थायी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

## तेजी से हथियार बनाने में यूक्रेन की मदद करेगा जर्मनी

**कीव।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने सोमवार को कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेन को और अधिक तेजी से हथियार बनाने में मदद करना है ताकि कीव रूस के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत कर सके।

वेडफुल ने जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ यूक्रेनी राजधानी कीव की यात्रा के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमारा काम यूक्रेन की मदद करना है ताकि वह अधिक मजबूती से बातचीत कर सके। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयास युद्ध को रोकने में विफल रहे हैं।

## हर दल है बेनकाब

# बलात्कार और राजनीति

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना से फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि देश में सार्वजनिक स्थलों पर भी महिलाएं आखिर सुरक्षित क्यों नहीं हैं। छात्रा से बलात्कार का मुख्य आरोपी सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का सदस्य होना यह भी दर्शाता है कि राजनीति में चरित्रवान लोग अब कम ही राजनीतिक दलों की प्राथमिकता रह गए हैं। रिकॉर्ड बताता है कि महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में कोई भी दल आरोपों से अछूता नहीं है। इस तरह भारत में बलात्कार की घटनाएं सिर्फ कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राजनीति का भी संकट बन गई हैं। ऐसी तमाम घटनाएं उदाहरण हैं, जब आरोपियों को खुलकर सत्ता का संरक्षण मिला और समाज चुप रह गया।

### हर 16 मिनट में एक बलात्कार

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरों के आंकड़ों के मुताबिक देश में सन् 2023 में बलात्कार की 33000 से ज्यादा घटनाएं दर्ज हुईं, यानी हर 16 मिनट में एक बलात्कार हुआ। सर्वाधिक मामले राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दर्ज हुए। वैश्विक स्तर पर भारत उन देशों में शामिल माना जाता है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों की संख्या बहुत ज्यादा है। थॉमसन रियूटर्स फाउंडेशन की 2018 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश बताया गया था।

### राज्यों की स्थिति

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 राजस्थान में सर्वाधिक 6,379, मध्य प्रदेश में 4,843, यूपी में 3,539, महाराष्ट्र में 3,001, ओडिशा में 2,758, छत्तीसगढ़ में 2,501, बिहार में 1,378, पश्चिम बंगाल में 1,689, दिल्ली में 1,36 और हरियाणा में 1,284 बलात्कार के मामले दर्ज हुए।



### खादी पर महिला अपराधों के बेशुमार दाग

देश में बलात्कार के तमाम ऐसे चर्चित मामले है जिनमें राजनीतिक लोगों का नाम आया। यूपी में 2017 में उन्नाव के भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा था और पुलिस हिरासत में उसके पिता की भी मौत हो गई थी। जम्मू कश्मीर के कठुआ में 2018 में 8 साल की बच्ची की गैंगरेप कर हत्या कर दी गई थी, मामला तब गर्माया जब भाजपा नेताओं ने आरोपियों के समर्थन में रैली निकाली। इस मामले में 6 लोग दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2020 में हुए हाथरस कांड में दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था जिसकी बाद में मौत भी हो गई थी। पुलिस ने परिवार की मर्जी के बिना अंतिम संस्कार कर दिया। विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल पर कई आरोप लगाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद लॉ की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल गए, हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। कर्नाटक में महिलाओं पर हमले और यौन हिंसा के मामले में प्रमोद मुथालिक पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगे।

### इतनी घटनाएं क्यों

समाज में पितृसत्तात्मक सोच और महिला विरोधी मानसिकता, महिलाओं की आजादी पर नियंत्रण की कोशिश, अक्सर आरोपियों को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण, आरोपी के प्रभावशाली होने पर पुलिस की अनदेखी, न्याय मिलने में वर्षों लगना जैसे कारण इसके जिम्मेदार माने जाते हैं।

### प्रज्वल रेवन्ना

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के परिवार के सदस्य और जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर तमाम महिलाओं और लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे। उसके बनाए सैकड़ों वीडियो वायरल हुए तो वह विदेश भाग गया। इंटरपोल नोटिस पर लौटा, अब जेल में है। महिलाओं को डराने और यौन उत्पीड़न के आरोपी उसके पिता एचडी रेवन्ना को जमानत मिल चुकी है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 60 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान अभी नहीं हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने हमले के लिए अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

### नेपाल के मुगु जिले में फिर भूकंप के झटके आए

**काठमांडू।** नेपाल के मुगु जिले में सोमवार को 4 .3 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में 24 घंटे से भी कम समय पहले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, जिले के कोटडांडा क्षेत्र में सुबह 8 .39 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। रविवार को जिले के जिमा गांव में दोपहर 2 .34 बजे 4 .8 तीव्रता का भूकंप आया था। पर्वतीय क्षेत्र नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

### पश्चिमी वेनेजुएला में बाढ़ से सैकड़ों घर हुए नष्ट

**कराकास।** पश्चिमी वेनेजुएला में भारी बारिश के कारण कई प्रांतों में बाढ़ आने से सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं। पश्चिमी प्रान्त मेरिडा के गवर्नर अर्नाल्डो सांचेज़ ने कहा कि बारिश और बाढ़ से कम से कम 370 घर प्रभावित हुये हैं और 103 घर नष्ट हो गये हैं। श्री सांचेज़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि एंडियन हाइलैंड्स में प्रभावित लोगों को कम से कम दो टन खाद्य आपूर्ति वितरित की गयी है और सुरक्षा बल तथा वालंटियर सहायता प्रदान करने के लिए पहुंचे गए हैं।

### पाकिस्तान : आतंकी हमलों में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और शांति समिति के तीन सदस्यों सहित पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में रविवार सुबह एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शाहब खेल क्षेत्र में एक अन्य घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

# असीम मुनीर के फिर जहरीले बोल कश्मीर में आतंकवाद वैध संघर्ष

## पड़ोसी देश फिर बेनकाब, सेना प्रमुख ने कहा- साथ देता रहेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। फील्ड मार्शल मुनीर ने भारत को भविष्य में किसी भी हमले की स्थिति में करारा जवाब देने की चेतावनी भी दी।

मुनीर ने शनिवार को कराची स्थित पाकिस्तान नौसेना अकादमी में पासिंग आउट समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत जिसे आतंकवाद कहता है, वह वास्तव में स्वतंत्रता के लिए एक वैध और कानूनी संघर्ष है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है। मुनीर ने दावा किया, जिन लोगों ने कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं को दबाने और समाधान के बजाय संघर्ष को खत्म करने की कोशिश की, उन्होंने अपने कृत्यों से इस आंदोलन को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के संघर्ष में उनके साथ खड़ा रहेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख हमेशा उसके अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे। भारत सरकार के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद-370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने और राज्य को दो-केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास बढ़ गई।

### अफगानिस्तान से लगने वाली प्रमुख सीमा बंद की

**पेशावर।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अस्थायी रूप से अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा (गुलाम खान) को अनिर्दिष्ट अवधि के लिए बंद कर दिया गया है।

### दक्षेस की जगह नया क्षेत्रीय संगठन बनाने में जुटे चीन-पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं, जो लगभग निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) की जगह ले सकता है। सोमवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

राजनयिक सूत्रों के हवाले से 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने लिखा कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत अब आगे के चरण में है, क्योंकि दोनों पक्ष इस बात से आश्वस्त हैं कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्क के लिए एक नया संगठन आवश्यक है। यह नया संगठन संभावित रूप से क्षेत्रीय संगठन दक्षेस की जगह ले सकता है। दक्षेस में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चीन के कुनमिंग में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की हाल में हुई त्रिपक्षीय बैठक इन कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो दक्षेस (सार्क) का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ढाका, बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच किसी भी उभरते गठबंधन के विचार को खारिज कर दिया और कहा कि बैठक राजनीतिक नहीं थी।

## गाजा में इजराइली सेना के हमले में 22 फलस्तीनी मारे गए

**काहिरा।** दक्षिणी गाजा में सोमवार को इजराइली सेना के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी एवं 20 अन्य घायल हो गये। हताहत लोगों में से कई आवश्यक खाद्य सहायता लेने का प्रयास कर रहे थे। चश्मदीदों, अस्पतालों एवं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

- राशन लेने आए लोगों पर फिर की गोलीबारी

खान यूनिस स्थित नासेर अस्पताल ने बताया कि उसके यहां 11 लोगों के शव लाये गये जिन्हें दक्षिणी गाजा में इजराइली और अमेरिका समर्थित गाजा मानवीय कोष (जीएचएफ) से जुड़े सहायता स्थल से लौटते समय गोली मार दी गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में संयुक्त राष्ट्र सहायता गोदाम पर हमले में दस अन्य लोग मारे गए।

दक्षिणी गाजा में यह हमला खान यूनिस शहर में जीएचएफ स्थल से लगभग तीन किलोमीटर (1.8 मील) दूर हुआ। यूसुफ महमूद मोखाइमर दर्जनों अन्य लोगों के साथ चल रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि वाहनों और टैंकों में सवार सैनिक तेजी से उनकी ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तो सैनिकों ने चेतावनी के तौर पर हवा में गोलियां चलाईं, फिर भीड़ पर गोलियां चलाईं।

# ईरान जल्द ही फिर शुरू कर सकता है यूरेनियम संवर्धन

वियना, एजेंसी

- आईएईए प्रमुख ने जताई आशंका, कहा- अमेरिकी हमले में पूरी तरह नष्ट नहीं हुए परमाणु ठिकाने

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा है कि अमेरिकी हमलों ने ईरानी परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया है मगर वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं और इसी वजह से ईरान कुछ ही महीनों में यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ग्रॉसी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे के विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान की परमाणु परियोजना को दशकों पीछे धकेल दिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि अमेरिकी हमलों में फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु ठिकानों के सेंट्रीफ्यूज को काफी नुकसान पहुंचने से ईरान का परमाणु कार्यक्रम कई वर्षों के लिए टल गया है।

'फेस द नेशन विद मार्गरेट ब्रेनन' के साथ साक्षात्कार में उन्होंने अलग-अलग आकलन पर अपना रुख बताते हुए कहा, सामूहिक विनाश के हथियारों में यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। उनके पास जो क्षमताएं हैं, वे मौजूद हैं। आप जानते हैं कि वे कुछ ही महीनों में सेंट्रीफ्यूज के कुछ कैस्केड घुमाकर यूरेनियम संवर्धन कर सकते हैं। स्पष्ट रूप से कहें तो, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि सब कुछ गायब हो गया है और अब वहां कुछ भी नहीं है। ग्रॉसी ने कहा कि निगरानी समूह की जांच में परमाणु हथियार कार्यक्रम का संकेत नहीं मिला, लेकिन यूरेनियम संवर्धन नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक है। ईरान की ओर से कुछ बहुत महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देने से इनकार करने से स्थिति और जटिल हो गई है।

### अमेरिका ने ग्रॉसी का दावा बकवास बताया

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसा कि ग्रॉसी ने कुछ दिन पहले कहा था कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से पहले और बाद में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बीच का अंतर 'रात और दिन' जैसा है और उसे 'काफी नुकसान' हुआ है। उन्होंने कहा, "ईरान के पास कोई हवाई सुरक्षा नहीं है, इसलिए यह विचार कि, वे परमाणु हथियार कार्यक्रम फिर शुरू कर सकते हैं, बकवास है।

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल सुलझाने में समय लगेगा : चीन

बीजिंग, एजेंसी

- भारत के साथ बातचीत जारी रखने और शांति रखने की इच्छा जताई

चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के कदम उठाकर जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें एलएसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है।

### संवाद के तंत्र स्थापित होने से बातचीत में मिलेगी मदद

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सरहदों के निर्धारण और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ इसी दिशा में काम करेगा, प्रासंगिक मुद्दों पर संवाद जारी रखेगा।

## चीन ने जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है।

सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में भीषण सुनामी से क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों बहस के बाद परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े।

## आजादी के संघर्ष की यादें



बीरभूम जिले के बोलपुर के बाहरी इलाके में संथाल विद्रोह की याद में आयोजित हुल दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते आदिवासी। हूल दिवस ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि देने का दिन है जो 30 जून 1855 को शुरू हुआ था एजेंसी

### सीपीसी सदस्यता 10 करोड़ के पार

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। सीपीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 1921 में स्थापित सीपीसी के 2024 के अंत तक 10 .027 करोड़ से अधिक सदस्य थे, जो 2023 से लगभग 10 .9 लाख अधिक है।

### मालवाहक जहाज में लगी आग, नौसेना ने अपना पोत भेजा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने द्वीपीय देश पलाऊ के ध्वज वाले एक जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने के बाद मदद के लिए अपने स्टील्थ फ्रिगेट पोत को तैनात किया है। पलाऊ के इस संकटग्रस्त जहाज में भारतीय मूल के चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। यह जहाज गुजरात के कांडला से ओमान के शिनास जा रहा था। नौसेना के अनुसार, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर ने एमटी यी चेंग 6 की सहायता के लिए आए संदेश पर कार्रवाई की।

# जम्मू-कश्मीर में पकड़ा गया आतंकवादियों का गाइड

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

- चार आतंकवादियों के साथ घुसपैठ की कोशिश करते हुए किया गया गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पीओके के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने दुर्गम इलाके और घने जंगलों में संदिग्ध गतिविधि देखी, जहां से कुछ आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। आरिफ को पकड़ लिया गया, जबकि चार अन्य आतंकवादी भारतीय सेना को देख भाग निकले और 'नो मैन्स लैंड' से होते हुए दुर्गम रास्तों और खराब मौसम का फायदा उठा कर पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। नो मैन्स लैंड किसी के स्वामित्व या नियंत्रण में नहीं होता है। यह आमतौर पर दो विरोधी पक्षों या सेनाओं के बीच की एक खाली भूमि होती है।

## अमेरिका में घात लगाकर दो दमकल कर्मियों की हत्या की

**बोइस (अमेरिका)।** अमेरिका में उत्तरी इडाहो के एक पर्वतीय इलाके में रविवार को एक बंदूकधारी ने पहले जंगल में आग लगा दी, फिर वहां पहुंचे दमकलकर्मियों पर घातकर हमला कर दिया जिसमें दो कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में बंदूकधारी भी मृत पाया गया। हालांकि अधिकारियों ने उसकी पहचान जारी नहीं की है। इडाहो के गर्वनर ब्रैड लिटिल ने इसे जघन्य हमला बताया। कूटेनई काउंटी के शेरिफ बॉब नॉरिस ने रविवार रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा अनुमान है कि संदिग्ध ने ही आग लगाई और यह एक साजिश के तहत किया गया हमला था। इसके कारण दमकलकर्मियों को संभलने का कोई मौका ही नहीं मिला।

## यादों की टीस

### यूनियन कार्बाइड कारखाने का सारा 337 टन कचरा हुआ खाक

# 40 साल बाद खत्म हुआ भोपाल गैस त्रासदी का काला अध्याय

- सन् 1984 में हुआ था हादसा पांच मई को शुरू हुई थी कचरे को भस्म करने की प्रक्रिया

इंदौर, एजेंसी




मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर पीथमपुर के एक अपशिष्ट निपटान संयंत्र में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने का बचा 307 टन कचरा खाक हो गया है। इसके साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार कारखाने का कुल 337 टन कचरा भस्म हो गया है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि धार जिले के संयंत्र में तीन परीक्षणों के दौरान यूनियन कार्बाइड कारखाने का 30 टन कचरा पहले ही जलाया जा चुका है। पीथमपुर में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित अपशिष्ट निपटान संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने के बचे 307 टन कचरे को भस्म किए जाने की प्रक्रिया पांच मई को देर शाम सात बजकर 45 मिनट के आस-पास शुरू हुई थी जो रविवार (29 जून) और सोमवार (30 जून) की दरमियानी रात 01:00 बजे समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के 27 मार्च को जारी निर्देश के मुताबिक यूनियन कार्बाइड के बचे कचरे को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में पीथमपुर के संयंत्र में 270 किलोग्राम प्रति घंटे की अधिकतम दर से जलाया गया।

द्विवेदी ने बताया कि इस कचरे को भस्म किए जाने के दौरान पीथमपुर के संयंत्र से अलग-अलग गैसों और कणों के उत्सर्जन की एक ऑनलाइन तंत्र द्वारा वास्तविक समय में निगरानी की गई। उन्होंने दावा किया, इस संयंत्र में यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा जलाए जाने के दौरान तमाम उत्सर्जन मानक सीमा के भीतर पाए गए। कचरा भस्म किए जाने के दौरान आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर किसी विपरीत असर के बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। द्विवेदी के मुताबिक, यूनियन कार्बाइड कारखाने का कुल 337 टन कचरा जलने के बाद निकली राख और अन्य अवशेषों को बोरों में सुरक्षित तरीके से भरकर संयंत्र के 'लीक-प्रूफ स्टोरेज शेड' में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन अवशेषों को जमीन में दफनाने के लिए तय वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत विशेष सुविधा (लैंडफिल सेल) का निर्माण कराया जा रहा है और यह काम नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### हादसे में मारे गए थे करीब साढ़े पांच हजार लोग

भोपाल में दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इससे कम से कम 5,479 लोग मारे गए थे और हजारों लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदाओं में गिना जाता है। वर्ष 2006 में सरकार के एक शपथ पत्र में माना गया था कि करीब 558,125 सीधे तौर पर प्रभावित हुए, आंशिक तौर पर प्रभावित होने वालों की संख्या लगभग 38,478 थी। 3900 पूरी तरह अपंगता के शिकार हो गए। 1993 में भोपाल-अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को इस त्रासदी के पर्यावरण और मानव समुदाय पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभावों को जानने का काम सौंपा गया था।